आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:19 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 2 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 43, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना 15
मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान 16

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 48.5 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत 6.3 प्रतिशत की कटौती के बाद मंगलवार को इस साल के निचले स्तर पर आ गई। वहीं, तेल कंपनियों ने होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलोग्राम) की कीमत में 48.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। 48.5 रुपये बढ़ने के बाद 1,740 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर हो गई है।

### बंगाल में जूनियर डॉक्टर फिर हड़ताल पर गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों ने सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से मंगलवार को फिर से अनिश्चितकाल के लिए काम पूरी तरह बंद कर दिया। उनका कहना है कि हम पर हमले हो रहे हैं।

### अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली, खतरे से बाहर

**मुंबई।** अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोविंदा (60) की हालत खतरे से बाहर है। गोविंदा ने एक बयान जारी करते हुए प्रशंसकों को सूचित किया कि अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।

# नशा और स्मार्ट फोन छोड़ बहाएं पसीना तो नौकरियों की होगी बारिश

## पेरिस ओलंपिक-पैरालंपिक के पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री ने दिए 22.70 करोड़ के पुरस्कार

- कहा, सम्मानित करने के साथ पदक विजेताओं को सरकार बनाएगी राजपत्रित अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 22.70 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देते हुए नवोदित खिलाड़ियों को सचेत भी किया। कहा कि नशा और स्मार्ट फोन से दूर रहकर बड़ा खिलाड़ी बनने को जितना पसीना बहाएंगे, उतना ही नौकरियों के साथ धन की बारिश भी होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी के लिए स्मार्ट फोन आज सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने को सचेत किया। कहा कि नशा नाश का कारण है। जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। योगी ने कहा कि युवा खुद को तैयार करें। उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सरकार प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक खेल की सुविधाएं विकसित कर रही है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतीक चेक सौंपते मुख्यमंत्री योगी।

### राजपत्रित अधिकारी बनेंगे पदक विजेता खिलाड़ी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को धनराशि आवंटन में पीछे नहीं है। सरकार ने खेलों में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने बनाने का निर्णय लिया है। 2 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 2 नायब तहसीलदार, 1 माल कर अधिकारी और 2 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी बनेंगे।

### सरकार ने खिलाड़ियों को बनाया करोड़पति

पेरिस पैरालंपिक-2024 में गौतमबुद्ध नगर के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, उन्हें 6 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई। कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में शामिल वाराणसी के ललित उपाध्याय और गाजीपुर के राजकुमार पाल को एक-एक करोड़ रुपये दिए। पैरालंपिक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई और इटावा के अजीत सिंह को 4- 4 करोड़ की धनराशि दी गई। 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल को 4 करोड़ और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली गाजियाबाद की सिमरन को 2 करोड़ रुपये दिए गए। इसके अलावा पारुल चौधरी, अनु रानी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी, साक्षी कसाना, दीपेश कुमार व यश कुमार को प्रतियोगिता में भाग लेने पर 10-10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। पदक विजेताओं के प्रशिक्षक भी सम्मानित हुए।

### एसआईटी ने रोकी लड्डू प्रसाद मामले की जांच

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तिरुपति के लड्डू में पशु वसा के कथित मिलावट मामले की जांच अस्थायी रूप से रोक दी है, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राव ने कहा कि पिछले दो दिनों में एसआईटी ने खरीद और नमूनाकरण प्रक्रियाओं की जांच की है तथा यह समझने की कोशिश की है कि लड्डुओं में मिलावट कैसे संभव है। डीजीपी ने कहा कि सबसे पहले उन्हें (एसआईटी को) प्रक्रिया को समझना होगा, उसका अध्ययन करना होगा ।

### भारत में नजर नहीं आएगा सूर्यग्रहण

**नैनीताल।** बुधवार को लगने जा रहा साल का दूसरा सूर्यग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण रात 9.13 बजे शुरू और सुबह 3.17 बजे समाप्त हो जाएगा। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि ग्रहण की तीव्रता पर सूर्य का लगभग 93 प्रतिशत बीच का हिस्सा ढक जाएगा। दक्षिण अमेरिका के चिली और अर्जेंटीना में ग्रहण दिखेगा। आंशिक सूर्य ग्रहण अंटार्कटिका, उत्तरी अमेरिका, अटलांटिक और प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा।

# जल निगम के पांच रिटायर अफसरों के ठिकानों पर छापा

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने की कार्रवाई
- मकान, कृषि भूमि, फ्लैट, गाड़ियों के पेपर और जेवर बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) लखनऊ की टीम ने मंगलवार दोपहर जल निगम की इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) के सेवानिवृत्त पांच अभियंताओं के घरों पर छापा मारा। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। इन सेवानिवृत्त अभियंताओं में से तीन अपनी तैनाती के समय परियोजना प्रबंधक भी थे। पूर्व में इनके खिलाफ शासन के आदेश पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज हुआ था। एफआईआर के बाद विजिलेंस ने इनसे कई दस्तावेज मांगे थे लेकिन ढुलमुल रवैया देख अदालत से सर्च वारंट लेकर यह कार्रवाई की।

जल निगम के अफसरों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के लगभग 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। मंगलवार को विजिलेंस टीम ने इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी की। लगभग आठ घंटे तक चले छापे में मकान, खेती की ज़मीन, फ्लैट, गाड़ियों के कागजात, करोड़ों की अघोषित संपत्ति में निवेश, म्यूचुअल फण्ड, बीमा पॉलिसी, पोस्ट ऑफिस निवेश के कागजात और लैपटाप, जेवरात बरामद हुए हैं। विभिन्न बैंक के खाते एवं बैंक लॉकर के प्रपत्र भी हासिल हुए हैं। दरअसल, साल 2020 में सीएंडडीएस के इन अभियंताओं के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें शासन को मिली थी। इन्हें गंभीरता से लेते हुए शासन ने 12 जून 2020 को जांच के आदेश दिए थे। जांच में इन पर लगे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद ही विजिलेंस ने इनके खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी।

### इनके ठिकानों पर पड़े छापे

विजिलेंस एसपी डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, एएसपी बबिता सिंह के निर्देश पर पांच टीमों ने दोपहर में छापा मारा। यह छापा सीएंडडीएस के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर व सहायक अभियंता इंदिरानगर सेक्टर-19 निवासी राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, इंदिरानगर सेक्टर सी निवासी अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान, निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ में तैनात रहे गोमती नगर विशेष खंड निवासी अधीक्षण अभियंता रहे अजय रस्तोगी, एल्डिको ग्रीन निवासी सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा और विकासनगर सेक्टर दो निवासी सहायक अभियंता कृष्ण कुमार पटेल के घरों पर मारा गया। अजय मूल रूप से बरेली के हाफिजगंज, कमल कुमार मध्य प्रदेश के रामपुर और कृष्ण कुमार प्रयागराज के मऊआइमा के रहने वाले हैं।

## विधानसभा चुनाव

### जम्मू-कश्मीर : तीसरे चरण में 65 प्रतिशत हुआ मतदान

**जम्मू/श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत मंगलवार को 65.65 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इस चरण में जम्मू-कश्मीर के सात जिलों में 40 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू होने के साथ मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें दिखीं। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। केंद्र शासित प्रदेश के 39.18 लाख से अधिक मतदाताओं ने 415 उम्मीदवारों के लिए मतदान में हिस्सेदारी की। इन उम्मीदवारों में दो पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद और मुजफ्फर बेग भी शामिल हैं।

सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि सबसे कम बारामूला में 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। तीसरे चरण में वोटिंग परसेंटेज पहले और दूसरे चरण से ज्यादा रही। पहले चरण में 61.38 प्रतिशत और दूसरे चरण में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीसरे चरण की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी चरण में 415 उम्मीदवारों में 387 पुरुष और 28 महिला हैं।

# कांग्रेस की नस-नस में दौड़ता है भ्रष्टाचार : प्रधानमंत्री

- हरियाणा की चुनावी रैली में बोले मोदी-यह दलालों-दामादों की पार्टी

पलवल (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई में कलह होने का दावा करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी से सबसे अधिक नाराजगी राज्य के दलित, पिछड़े और वंचित समाज की है और वे बापू-बेटे (हुड्डा परिवार) की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है और यह दलालों व दामादों की पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा स्पष्ट तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर था। कांग्रेस से दलितों की नाराजगी का उनका इशारा विपक्षी पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा से था। मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने झूठ का प्रयोग किया था और अब हरियाणा में वह उसी का विस्तार कर रही है।



### दोषी होना संपत्ति ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता : सुप्रीम कोर्ट

- निर्णय होने तक बुलडोजर एक्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश जारी करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियां ध्वस्त की जा रही हैं। न्यायालय ने कहा कि उसके दिशा निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का महज आरोपी या दोषी होना संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं न कि किसी खास समुदाय के लिए। पीठ ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीनों या जंगलों में किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश का उल्लेख किया जिसमें एक अक्टूबर तक संपत्तियों को नहीं गिराने का निर्देश था। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले में निर्णय लेने तक यह आदेश बना रहेगा।

# इजरायल पर ईरान का सबसे बड़ा हमला

## इजरायल के साथ अमेरिका ने भी दी ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी

- इजरायल पर ईरान ने दागीं 100 से अधिक मिसाइलें ,चेतावनी के बजे सायरन

यरुशलम, एजेंसी

ईरान ने इजरायल पर 100 से अधिक मिसाइलें दागी हैं । इसके साथ ही देशभर में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बज रहे हैं। वहीं,द जेरूसलम पोस्ट ने मिसाइलों की संख्या 400 बताई हैं। इजरायल सेना ने निवासियों को बंकरों के पास रहने का आदेश दिया है। तेल अवीव और यरुशलम के निकट कई धमाके सुने गए, हालांकि यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये धमाके मिसाइल के गिरने की थीं या इजराइली सुरक्षा बलों द्वारा हमलों को रोके जाने की थीं, या दोनों की थीं।

इजरायल और अमेरिका ने चेतावनी दी है कि ईरान द्वारा इजरायल पर हमले की स्थिति में गंभीर परिणाम होंगे। इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने कहा कि देश की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह से चालू है, जो खतरों का पता लगा रही है और उन्हें रोक रही है। इजरायलियों के मोबाइल फोन पर सुरक्षित स्थान पर रहने के आदेश भेजे गए और राष्ट्रीय टेलीविजन पर इसकी घोषणा की गई। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने इजराइल के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। ईरान से हमले की स्थिति में इजरायल की सहायता के लिए अमेरिकी जहाज और विमान इस क्षेत्र में तैनात हैं। इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि हमले में बहुत कम लोग घायल हुए हैं। लोग बंकरों से बाहर निकल सकते हैं।

### बाइडेन ने की इमरजेंसी बैठक, इजरायल की सुरक्षा पर चर्चा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने ईरान मिसाइल हमले से इजरायल की रक्षा के संबंध में अमेरिकी तैयारी की समीक्षा की है। इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमले के शुरू होने से कुछ पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि आज सुबह उपराष्ट्रपति और मैंने इजरायल के खिलाफ आसन्न मिसाइल हमला शुरू करने की ईरानी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम बुलाई। हमने चर्चा की कि इन हमलों से बचाव में इज़रायल की मदद करने और क्षेत्र में अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा के लिए अमेरिका की तैयारी कैसी है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बैठक की।

# 1 लाख युवाओं को हर वर्ष मिलेगी वित्तीय सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## मंत्रिमंडल के फैसले

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार का होगा सृजन स्वव्यवसाय से जुड़ेंगे युवा
- युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को मिली मंजूरी


**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (मुख्यमंत्री युवा) को लागू करने का फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस योजना के तहत, आगामी 10 वर्षों में 10 लाख सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिससे 1 लाख शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन करना है और प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इस योजना के अंतर्गत आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास होनी चाहिए, हालांकि इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सूक्ष्म उद्यमों और सेवा क्षेत्र में 5 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर ऋण पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। यदि परियोजना की लागत 10 लाख रुपये तक है, तो शेष धनराशि का प्रबंध लाभार्थी को स्वयं करना होगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को 12.5 प्रतिशत, और अनुसूचित जाति, जनजाति और दिव्यांगजन को 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में जमा करना होगा।

### बुंदेलखंड, पूर्वांचल और आकांक्षी जिलों के लिए विशेष व्यवस्था

योजना में बुंदेलखंड, पूर्वांचल और आकांक्षी जिलों जैसे चित्रकूट, चन्दौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और बहराइच के लाभार्थियों के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। इन क्षेत्रों के लाभार्थियों को भी परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अंशदान देना होगा। इस योजना में ऋण पर 4 वर्षों के लिए शत-प्रतिशत ब्याज उपदान दिया जाएगा और लोन की तिथि से 6 माह की अधिस्थगन अवधि भी मिलेगी।

!! हर हर महादेव !! !! श्री काशी विश्वनाथ धाम की जय !! !! माँ कामाख्या की जय !!
रोग मुक्त भारत ! शोक मुक्त भारत ! नशा मुक्त भारत ! भय मुक्त भारत !
श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम
यज्ञ/ अनुष्ठान/ संकल्प/ प्रार्थना हेतु
श्री करौली शंकर महादेव धाम में प्रत्येक माह की "अमावस्या" को निःशुल्क होने वाले उपरोक्त "पूर्वज मुक्ति" कार्यक्रम में आप सभी भक्तजनों का हार्दिक स्वागत है
कृपया 2 अक्तूबर दोपहर 2 बजे से श्री करौली शंकर (गुरूजी) द्वारा किए जाने वाले उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लें
शंकर सेना उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री सुबोध चोपड़ा के संयोजन में प्रत्येक रविवार सरसैया घाट पर होने वाली गंगा महाआरती में अवश्य भाग लें
Ph: +91 9018992244 www.karaulisarkar.com @KarauliShankar
Shree Karauli Shankar Mahadev Poorvaj Mukti Dham, Lau Kush Ashram, Kanpur - 208021 (UP)



## एक नजर

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आज से

**कानपुर।** प्रदेश में मार्ग दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रमुख सचिव, परिवहन ने 2 से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने के साथ ही लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाने के लिए कहा है। एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आरटीओकार्यालय के सारथी भवन में प्रातः 11.00 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन होगा।

### आज बंद रहेंगी गोश्त की दुकानें

**कानपुर।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर सभी गोश्त और मछली की दुकानें बंद रहेंगी। नगर निगम मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके निरंजन ने बताया कि शासन के आदेश के तहत निर्देश जारी किये गये हैं।

### जश्ने गौसुलवरा-इस्लाहे मुआशरा पर 11 जलसे

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत की ओर से गौस-ए-आजम शेख मुहीउद्दीन अब्दुल कादिर जीलानी की याद में 4 अक्टूबर से जश्ने गौसुलवरा एवं इस्लाहे मुआशरा पर आधारित 11 जलसे होंगे। तंजीम बरेलवी उलेमा-ए-अहले सुन्नत की बैठक में तंजीम के सदर सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने बताया कि पहला जलसा 4 अक्टूबर को होगा।

# गृहकर पर विशेष सदन की रणनीति में उलझा फोरम

**पार्षदों का सहयोग लेने की मुहिम के बीच सीधे महापौर से मिलने को लेकर उठी आवाज**

- नामांतरण शुल्क की वसूली भी असंवैधानिक, सदन में चर्चा कराकर निरस्त कराने पर अड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नगर निगम में पार्षदों का समर्थन लेने गये फोरम के सदस्य आपस में ही उलझ गये।

**अमृत विचार।** बढ़े गृहकर के साथ एरियर और 1 फीसदी नामांतरण शुल्क की वसूली के मुद्दे पर नगर निगम का विशेष सदन बुलाने के लिए मैदान में उतरे पूर्व पार्षदों ने मंगलवार को निगम मुख्यालय पहुंचकर वर्तमान पार्षदों से समर्थन और सहयोग मांगा।

पूर्व पार्षदों ने इस मामले में जनता की लड़ाई लड़ने के लिए फोरम बनाया है। हालांकि विशेष सदन बुलाने की रणनीति को लेकर फोरम में शामिल कुछ पूर्व पार्षद सीधे महापौर को ज्ञापन देने की सलाह दे रहे हैं, जबकि कुछ वर्तमान पार्षदों के सहयोग से सदन बुलाना चाहते हैं।

मदन लाल भाटिया, ललित मोहन श्रीवास्तव, सुमन तिवारी की अगुवाई में एक दर्जन पूर्व पार्षदों ने नगर निगम पहुंचकर पार्षद महेंद्र पांडेय, मोहम्मद उमर, अभिषेक गुप्ता को पत्र देकर नामांतरण शुल्क और बढ़े गृहकर के एरियर की वसूली को असंवैधानिक बताते हुए विशेष सदन बुलाने के लिए पत्र दिया। मदन लाल भाटिया ने बताया कि 20 से ज्यादा पार्षदों को वाट्सएप के जरिये पत्र भेजा गया है। शेष पार्षदों के घर जाकर समर्थन लिया जा रहा है। सभी विधायकों को भी पत्र भेजकर 15 दिनों में विशेष सदन बुलाने का आग्रह किया जाएगा। निगम मुख्यालय में जुटे फोरम के कुछ सदस्यों का कहना था कि वर्तमान पार्षदों के पास सदन बुलाने का अधिकार नहीं है, यह अधिकार सिर्फ महापौर के पास है। इसलिए फोरम को सीधे महापौर प्रमिला पांडेय से मिलकर विशेष सदन बुलाने की मांग करनी चाहिए, वहीं दूसरे पक्ष का कहना रहा कि वर्तमान पार्षदों का सहयोग मिलने पर ही सदन में चर्चा हो पाएगी और प्रस्ताव वापस हो पाएंगे। मो. इसहाक, अशोक केसरवानी, संजीव मिश्रा, एहसान खान, अमीन बाबा, मनीष शर्मा, शमी इकबाल, इजहारुल अंसारी, फूलमती यादव मौजूद रहीं।

### लखनऊ, वाराणसी में वसूली प्रस्ताव हो चुके वापस

- पूर्व पार्षद सुमन तिवारी ने बताया कि नगर निगम अधिनियम-1959 की नियमावली के विरुद्ध भवन स्वामियों से असंवैधानिक रूप से नामांतरण शुल्क वसूला जा रहा है। नगर निगम लखनऊ एवं वाराणसी में वसूली प्रस्ताव वापस हो चुके हैं। लेकिन कानपुर नगर निगम लोगों को परेशान कर रहा है।



सीसामऊ विधानसभा में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करतीं महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त सुधीर कुमार। अमृत विचार

# हाजिरी लगाकर घर चले गए कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ में औचक निरीक्षण में फिर गायब मिले सफाई कर्मचारी
- महापौर ने रजिस्टर चेक किया तो लगी मिली हाजिरी, कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने सुबह नगर आयुक्त सुधीर कुमार के साथ सीसामऊ इलाके में साफ सफाई की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगहों पर सफाई कर्मचारी नदारद मिले। लेकिन जब रजिस्टर देखा तो सभी की हाजिरी लगी हुई थी। महापौर ने अनुपस्थित आधा दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

शहर में 251 घंटे का अनवरत सफाई अभियान चलाया जा रहाहै। लेकिन सफाई व्यवस्था में लापरवाही की शिकायत क्षेत्रीय पार्षद व जनता कर रही है। जिसपर मंगलवार को महापौर प्रमिला पांडे ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार के साथ सीसामऊ क्षेत्र के भदौरिया चौराहा, लेनिन पार्क, हरसहाय डिग्री कॉलेज समेत कई जगह का औचक निरीक्षण किया।

महापौर ने निरीक्षण में पाया कि सफाई कर्मचारियों की हाजिरी लगी थी, लेकिन मौके से आधा दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मचारी गायब थे। जिस पर महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर को गायब सभी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। महापौर ने कहा कि वह कभी भी किसी भी वार्ड में जाकर सफाई का औचक निरीक्षण कर सकती हैं।

# नजूल की जमीन कब्जाने में अवनीश का साथी विवेक पांडेय भी नामजद



**जमीन का जुर्म**

- मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की 1000 करोड़ की जमीन पर कब्जे के प्रयास का मामला



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस में मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की 1000 करोड़ से भी ज्यादा की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास के मामले में जेल भेजे गए प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के साथी विवेक पांडेय उर्फ सोनू का नाम भी एफआईआर में बढ़ा दिया गया है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में वह मौके पर मिला। घटना के समय उसकी लोकेशन भी वहीं थी। इसके बाद उसे नामजद किया गया।

दर्ज एफआईआर के मुताबिक 28 जुलाई को अवनीश दीक्षित मैरी एंड मैरी मैन कंपाउंड की जमीन पर अपने साथियों के साथ कब्जा करने गए थे। आरोपी अवनीश दीक्षित, जितेश झा, राहुल वर्मा, अली अब्बास, विक्की चार्ल्स, मोहित बाजपेई, नौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अपर्णा एरियल, संदीप शुक्ला, हरेंद्र मसीह के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अवनीश दीक्षित समेत 8 आरोपी जेल में हैं। झांसी का हरेंद्र मसीह अभी फरार है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि जमीन पर कब्जा करने के प्रयास मामले में सोनू पांडेय उर्फ विवेक निवासी कोयला नगर का नाम बढ़ाया गया है। घटना वाले दिन सीसीटीवी फुटेज में वह कैद हुआ है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# नसरुल्लाह के समर्थन में आज प्रदर्शन होगा

**कानपुर।** इजरायल के हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के चीफ नसरुल्लाह के समर्थन में और अमेरिका एवं इजरायल के विरोध में बुधवार को शहर में दो स्थानों पर प्रदर्शन होगा।

आल इंडिया शिया युवा युनिट के महासचिव नायाब आलम ने बताया कि बुधवार को रामादेवी स्थित चिश्ती नगर के पास सुबह 10 बजे प्रदर्शन होगा जबकि फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर दोपहर एक बजे प्रदर्शन किया जायेगा। इस प्रदर्शन में शिया, सुन्नी, देवबंदी, बरेलवी, अहले हदीस सभी मसलक के लोग शिरकत करेंगे।

# बीमा अधिकारी और युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी और बाबूपुरवा थानाक्षेत्र की घटना

**अमृत विचार।** चकेरी में बीमा अधिकारी ने अवसाद में फांसी लगा ली तो वहीं बाबूपुरवा में युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

देहली सुजानपुर केडीए कालोनी निवासी 58 वर्षीय रवीन्द्र कुमार बाजपेई माल रोड स्थित ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी थे। घर पर पत्नी अंजू, बेटा शुभम व बेटी श्रेया है। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से अवसाद में चल रहे थे। सोमवार रात उन्होंने परिजनों के साथ खाना खाया और इसके बाद देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने शव फांसी के फंदे पर लटकता देखा। वहीं बाबूपुरवा थानाक्षेत्र के ढकनापुरवा निवासी 21 वर्षीय आसिफ अली ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कारण नहीं बताया है।

## सार-संक्षेप



बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### बुजुर्गों का सम्मान करो, पुण्य प्राप्त करो

**कानपुर।** बुजुर्ग सेवा समिति द्वारा संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने पर तात्याटोपे नगर में समिति के संस्थापक भीम सिंह चौहान ने बुजुर्गों को दूध ब्रेड बिस्किट फल आई ड्रॉप सहित धनराशि भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। संस्थापक ने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि बुजुर्गों की सेवा करने से सभी तीर्थ यात्रा का पुण्य प्राप्त होता है। मुख्य समाजसेवी डॉ यू एस सिंह एवं शिवबरन सिंह चौहान ने बुजुर्गों को खाद्य सामग्री वितरित की।

# छात्राओं ने दिया सद्भावना का पैगाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में शास्त्री जी के नेतृत्व और सादगी से जुड़े उनके योगदान को याद किया। लोगों को समाज में शांति और सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

मंगलवार को महिला महाविद्यालय, किदवई नगर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्राचार्या प्रोफेसर अंजू चौधरी ने महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छाया चित्र का अनावरण किया। पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध-लेखन प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में छाया यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया।

इसी तरह निबंध लेखन प्रतियोगिता में अवंतिका साहू प्रथम रहीं। क्विज प्रतियोगिता में दीपाली प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर मुस्कान, वैष्णवी जायसवाल, पूजा देवी और तीसरे स्थान पर जान्हवी यादव, छाया यादव, सुहाना वर्मा की टीम रही। प्रोफेसर ममता गंगवार, डॉ० मीरा त्रिपाठी, डॉ. अनामिका वर्मा, शोधार्थी पूनम अवस्थी, पूजल सिंह, अनुराग यादव, ट्विंकल सिंह, श्वेता पुरी, प्रतिभा कटियार, मोनिका गुप्ता, निवेदिता शुक्ला भी मौजूद रहीं।

# क्षेत्रीय श्रम संस्थान ने की सफाई

**कानपुर।** सर्वोदय नगर स्थित क्षेत्रीय श्रम संस्थान ने मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया। संस्थान के बाहर देवकी चौराहे से रावतपुर मुख्य मार्ग पर संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों, पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी व एएफआईएच के छात्रों ने सफाई का कार्य किया। सड़क किनारे बने फुटपाथ व नालियों की सफाई और पेड़ों की छटाई की। अभियान के अंतर्गत नगर निगम के सफाई मित्रों के सुपरवाइजर का भी सहयोग रहा। इस दौरान क्षेत्रीय श्रम संस्थान के निदेशक प्रभारी देव कुमार सक्सेना, उप निदेशक डॉ. अर्कप्रभ साउ, उप निदेशक एस दत्ता चोधुरी, सहायक निदेशक आदित्य लामा, धनश्री अचरेकर, अतिरिक्त सहायक निदेशक मनोज कसुल्ला रहे।

# त्योहारों पर चलेंगी कई विशेष ट्रेनें

**कानपुर।** उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों के संचालन का फैसला लिया है।



### ट्रेन का समय

- ट्रेन संख्या 04048 आनंद विहार से दोपहर 3.20 बजे चलेगी, गोविंदपुरी रात 10.15 बजे, प्रयागराज रात 1.15 बजे, वाया मिर्जापुर पं. दीन दयाल सुबह 4.20 बजे, आरा बक्सर सुबह 5.40 बजे, , पाटलिपुत्र सुबह 7.45 बजे पहुंचेगी। हाजीपुर सुबह 8.30 बजे, सुबह 11 बजे बरौनी, 11.30 बजे बेगूसराय, खगड़िया दोपहर 12.10 बजे, मानसी दपहर 12.30 बजे, कटिहार अपराह्न 3 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04047 कटिहार से सायं 6 बजे चलेगी, खगड़िया रात 8.30 बजे, बरौनी रात 9.40 बजे, हाजीपुर रात 00.05 बजे, बक्सर रात 2.55 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन भोर 4.50 बजे, प्रयागराज सुबह 8 बजे, गोविंदपुरी सुबह 10.45 बजे और आनंद विहार टर्मिनल सायं 5. 50 बजे पहुंचेगी।

### आनंद विहार से कटिहार


- आनंद विहार से प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, 8 अक्टूबर, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर के अलावा 1 नवंबर, 5, 8, 12,15, 19 22 व 26 नवंबर को चलेगी। कटिहार से प्रत्येक बुधवार व शनिवार को 9,12,16,19, 23, 26 व 30 अक्टूबर के अलावा 2,6, 9, 13, 16, 20, 23 व 27 नवंबर को चलेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी 1, सेकंड एसी 1, स्लीपर 10, सामान्य 1, पार्सलयान 2 कोच होंगे।

### धनबाद-जम्मू तवी के लिए विशेष ट्रेन

- कानपुर। रेलवे ने त्योहार के मद्देनजर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए धनबाद-जम्मूतवी के मध्य विशेष ट्रेन चलाई है। ये जानकारी उत्तर मध्य जोन के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 03309-धनबाद से 1 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को चलने लगी है जो 26 नवबर तक चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 03310-जम्मूतवी से 2 अक्टूबर से संचालन आरंभ हो गया है, ये ट्रेन प्रत्येक बुधवार को 27 नवंबर तक चलेगी। उक्त ट्रेन में आरक्षण शुरू हो गया है।

### रांची राजधानी को सोनभद्र स्टेशन पर ठहराव

**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने रांची राजधानी एक्सप्रेस को सोनभद्र स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव देने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन 12454 रांची राजधानी एक्सप्रेस नई दिल्ली से 5 अक्टूबर को रांची के लिए चलेगी जो 6 अक्टूबर को रात 1.38 बजे सोनभद्र स्टेशन पहुंचेगी। ये ट्रेन 2 मिनट रुककर रांची के लिए रवाना हो जाएगी। इसी प्रकार 12453 रांची राजधानी एक्सप्रेस 6 अक्टूबर को रांची से नई दिल्ली के लिए चलेगी जो 7 अक्टूबर को सोनभद्र स्टेशन पर रात 00.48 बजे पहुंचेगी और 2 मिनट रुककर नई दिल्ली के लिए रवाना होगी।





कप्तान रोहित शर्मा को ट्रॉफी प्रदान करते बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला। अमृत विचार



भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट कोहली व यशस्वी जायसवाल रन लेते हुए। अमृत विचार



स्टेडियम में दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। अमृत विचार

# घरेलू मैदान पर भारत की 18वीं टेस्ट सीरीज विजय

## टेस्ट में द. अफ्रीका को पछाड़कर चौथे नंबर पर पहुंची टीम इंडिया , चौके-छक्के लगाकर टीम इंडिया ने वनडे जैसा नजारा दिखाया


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर दूसरा टेस्ट जीत लिया। टीम इंडिया ने देश में यह लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती है। यह जीत का सिलसिला 2013 में शुरू हुआ था। टीम इंडिया सर्वाधिक टेस्ट जीतने के मामले में दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

टीम इंडिया ने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में हराकर लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत ली। बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया 8वीं टेस्ट सीरीज जीती है। दोनों टीमों के बीच 2 मुकाबला ड्रा रहे और बांग्लादेश एक भी टेस्ट मैच भारत से नहीं जीता है। टीम इंडिया 2012 में आखिरी बार इंग्लैंड से 4 टेस्ट की सीरीज 2-1 से हारा था। 2013 में भारत ने आस्ट्रेलिया को 4-0 से हराया और तब से लगातार 18वीं सीरीज पर कब्जा जमाया है। टीम इंडिया ने सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने के मामले में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया। साउथ अफ्रीका के नाम 179 जीत दर्ज हैं और टीम इंडिया के नाम 180 टेस्ट जीत दर्ज हो चुकी हैं। अब केवल 3 टीमें ही टीम के आगे हैं। इनमें आस्ट्रेलिया के 414, इंग्लैंड 397 और वेस्टइंडीज 183 जीत के साथ आगे हैं।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा जीत**

| | |
|---|---|
| 1-आस्ट्रेलिया | 414 टेस्ट |
| 2-इंग्लैंड | 397 टेस्ट |
| 3-वेस्टइंडीज | 183 टेस्ट |
| 4-भारत | 180 टेस्ट |
| 5-दक्षिण अफ्रीका | 179 टेस्ट |



क्लीन बोल्ड हुए बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाड़ी एम रहीम। अमृत विचार



बांग्लादेश के बल्लेबाज के आउट होने का जश्न मनाते रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह। अमृत विचार

### ग्रीनपार्क में जल्द होगा टी-20 मैच - सांसद

- कानपुर। सांसद रमेश अवस्थी ने मंगलवार को भारतीय टीम को जीत की बधाई दी। भाजपा जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह और क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी के साथ मैच देखने पहुंचे रमेश अवस्थी से कहा कि वनडे और टी-20 मैच भी ग्रीन पार्क में कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क के विस्तार को लेकर वह मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे, साथ ही ग्रीन पार्क मैदान कि दर्शक दीर्घा बढ़ाने एवं मैदान के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने पर भी जोर रहेगा।

### अश्विन को 11वीं बार प्लेयर ऑफ द सीरीज

- बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में रविचंद्रन अश्विन ने 114 रन बनाए और 11 विकेट भी झटके। अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। यह अश्विन का 39वीं सीरीज में 11वां प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड है। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन की बराबरी की। उनके नाम 60 सीरीज में 11 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड जीतने का वर्ल्ड रिकार्ड है। मुरलीधरन संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में अश्विन के पास उनसे आगे निकलने का अवसर है।



सांसद रमेश अवस्थी ने भी टीम का जोश बढ़ाया।

## अंतिम दिन हाउसफुल रहीं दर्शक दीर्घाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में पहले दिन डेढ़ सत्र का मैच ही नहीं हो सका। दो दिन बारिश ने अड़ंगा डाला। चौथे और पांचवें दिन लोग सिर्फ औपचारिक मैच व ड्रा होने की उम्मीद लगाए थे। लेकिन तगड़ा उलटफेर हुआ। टीम इंडिया ने आखिरी दो दिन टेस्ट मैच में वनडे का रोमांच भरा और जीत दर्ज कराई। आखिरी दो दिन लगभग सभी पवेलियन, गैलरी हाउसफुल रहीं। सीट खाली न मिलने पर दर्शकों ने खड़े-खड़े मैच का आनंद लिया।

**दर्शकों को बैठने को नहीं मिली सीट तो खड़े-खड़े देखा मैच**

ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन सबसे ज्यादा उत्साह उस समय देखने को मिला जब 23.1 ओवर में जडेजा ने लेग थ्रो किया, जो सीधे स्टंप पर लगा। विकेटकीपर पंत उछलकर दूसरी ओर हो गए। इस पर कप्तान रोहित शर्मा ने ताली बजाकर जडेजा की तारीफ की तो दर्शक जमकर शोर मचाते हुए जडेजा, जडेजा चिल्लाने लगे। इस बीच पूरे स्टेडियम में तालियां, सीटी, ढोल की ही गूंज सुनाई दे रही थी। खिलाड़ियों ने इस बीच कनपुरिया अंदाज भी दिखाया। लपक, दौड़, पकड़ ऐसे शब्द बोलते हुए बेहतरीज गेंदबाजी व फिल्डिंग पर सीटी और ढोल बजाने लगते। दर्शकों ने पसंदीदा खिलाड़ी के नाम की टीशर्ट पहनकर खूब सेल्फी ली। सेल्फी के लिए दूसरे लोगों से मांगकर कैप भी पहनी। सचिन तेंदुलकर के फैन सुधीर व धोनी के फैन रामबाबू ने पवेलियन में तिरंगा लहराकर खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया। गर्ल्स, सी-स्टॉल, सी-बालकनी, ई- पब्लिक में भी आखिरी दिन जबरदस्त उत्साह रहा। दर्शक जीत का जश्न मनाते हुए सड़कों से निकले। दर्शक कहते भी दिखे कि निराशा के बाद टीम इंडिया ने गदगद कर दिया। कोई कसर नहीं छोड़ी, रिकार्डों की बौछार कर दी।



रविचंद्रन अश्विन। अमृत विचार

## टेस्ट सीरीज युवा खिलाड़ियों के लिए अच्छी रही

**कानपुर ।** टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए यह टेस्ट सीरीज काफी अच्छी साबित हुई। हमारा सेकेंड हॉफ बेहतर गया। यशस्वी, शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह टेस्ट सीरीज टीम के लिए शानदार रही। यह बात मंगलवार को ग्रीनपार्क में मैच के बाद प्रेसवार्ता में भारतीय गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने कही। यशस्वी जायसवाल से जुड़े सवाल पर अश्विन ने कहा कि वह निश्चित ही उभरते हुए खिलाड़ी हैं। उनके अंदर प्रतिभा है जो उन्हें क्रिकेट के हर प्रारूप में खेलने के लिए प्रेरित करती है। ग्रीनपार्क में सेकेंड हॉफ के बाद सबकुछ ठीक रहा। सारे हालात हमारे पक्ष में थे। मैच भी टीम के हाथ में आता दिखा। पहली पारी में तेज गेंदबाजों ने बेहतर योगदान दिया, दूसरी पारी में मैंने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने का प्रयास किया। खुशी इस बात की है कि जो सोचकर आया था, वैसा ही कर पाया। हमारा लक्ष्य बांग्लादेश को 200 रन के भीतर आउट करने का था। दूसरी पारी में तेज गेंदबाजों की मदद से हमने ऐसा ही किया। लक्ष्य को पाने में भी कामयाब रहे। अपने देश में टेस्ट सीरीज जीतना एक अच्छी उपलब्धि है। जीत में टीम के हर सदस्य ने योगदान दिया। बांग्लादेश के बाद अब हमारी नजर न्यूजीलैंड व आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज व डब्ल्यूटीसी पर है। मेरे लिए रिकार्ड के ज्यादा टीम की जीत मायने रखती है।

**बांग्लादेश के खिलाफ रणनीति सफल: अश्विन**

## कुछ खिलाड़ी शहर से हुए रवाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आकाशदीप, मो. सिराज और बांग्लादेश टीम आज होगी रवाना

**अमृत विचार।** टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली, ऋषभ पंत और शुभमन गिल चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली रवाना हुए। कप्तान रोहित, यशस्वी जायसवाल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, लोकेश राहुल और बांग्लादेश टीम के शाकिब अल हसन मुंबई रवाना हो गए। मो. सिराज, आकाशदीप और बांग्लादेश की टीम बुधवार को जाएगी। कुलदीप यादव शहर के ही रहने वाले हैं। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया कि ग्वालियर में होने वाले टी-20 सीरीज में शामिल होने वाले खिलाड़ी बुधवार को बांग्लादेश टीम के साथ दोपहर 12.20 बजे चार्टर्ड प्लेन से जाएंगे।



भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट कोहली ने अपना बैट बांग्लादेश के खिलाड़ी शाकिब अल हसन को उपहार स्वरूप भेंट किया। अमृत विचार

## भारत की बॉलिंग व बैटिंग का स्तर ऊंचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में 2-0 से टेस्ट सीरीज हारने के बाद बांग्लादेश के कोच चंडिका हथुरुसिंथा ने कहा कि भारत की बॉलिंग और बैटिंग का स्तर काफी ऊंचा है। हमारी बैटिंग जितनी अच्छी है, हम उस हिसाब से ग्रीनपार्क में प्रदर्शन नहीं कर पाए। पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा था। पाकिस्तान के खिलाफ हम पूरी ताकत से लड़े थे। यह बात उन्होंने प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस सीरीज से हम बहुत कुछ सीखकर जा रहे हैं।

**बांग्लादेश के कोच ने कहा सीरीज में बहुत कुछ सीखा**

टीम इंडिया के प्रदर्शन पर बांग्लादेश कोच ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। हमारी रणनीति थी कि चौथे दिन बड़ा लक्ष्य देना था, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने हमें ऐसा करने से रोक दिया। कोच ने कहा कि इस सीरीज से हम काफी कुछ सीख कर जा रहे हैं। अब आगे की सीरीज में यह सभी चीजें हमारे काम आएंगी। शाकिब के संन्यास पर कोच ने कहा कि यह उनका अपना फैसला है। उन्होंने यह भी कहा कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज में शाकिब खेलना चाहते हैं।




द स्पोर्ट्स हब के बच्चों ने मैच देखकर खुशी जाहिर की। अमृत विचार

## ग्रीनपार्क में टीएसएच के खिलाड़ियों ने देखा मैच

**कानपुर।** द स्पोर्ट्स हब में प्रशिक्षण लेने वाले 250 खिलाड़ियों ने भी टेस्ट मैच का आनंद लिया। टीम इंडिया के कप्तान रोहित व विराट कोहली को देखकर खिलाड़ी काफी खुश नजर आए। स्पोर्ट्स हब के खिलाड़ी इंडिया- इंडिया का शोर हर चौके-छक्के पर करते रहे। ग्रीनपार्क मैदान में खिलाड़ियों को अपने सामने खेलते देखा बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टीएसएच के कोचों की देखरेख में बच्चों ने मैच का आनंद लिया। टीएसएच अल्प आय वर्ग के बच्चों के लिए गंभीर रहता है, इसलिए इन बच्चों को मैच दिखाने का प्रबंध किया गया। अभिभावकों ने द स्पोर्ट्स हब प्रबंधन का धन्यवाद दिया।

### 45 स्कूलों के 5000 बच्चों ने देखा मैच

- स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री पंडित कृष्ण कुमार दुबे मंगलवार को बताया कि भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में स्कूलों के बच्चों का भी यूपीसीए ने ध्यान रखा। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेले गए टेस्ट मैच में कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक व टेस्ट मैच के वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने शहर के 45 विद्यालयों के करीब 5000 विद्यार्थियों को निशुल्क क्रिकेट टेस्ट मैच का आनंद दिलाया है।



मैच देखने के लिए एमएचपीएल इंडिया के एमडी प्रणीत अग्रवाल भी स्पोर्ट्स हब के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के साथ पहुंचे। उन्होंने यूपीसीए के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की।

## मैच के बाद लगा चौतरफा जाम, फंसकर हांफे वाहन सवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश के बीच रोमांचक हुए क्रिकेट टेस्ट मैच को देखने मंगलवार को पांचवें दिन बड़ी संख्या में ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे दर्शक अपराह्न भारत की जीत के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो वीआईपी रोड से लेकर परेड तक जाम लग गया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी।

ग्रीनपार्क और आसपास के क्षेत्र में मैच को देखते हुए यातायात डायवर्जन किया गया था। भारतीय टीम की जीतते ही ग्रीनपार्क से बड़ी संख्या में दर्शक निकले। इस दौरान वीआईपी रोड का यातायात परेड डायवर्ट कर दिया गया। इससे वीआईपी रोड पर आने-जाने वाले वाहन परेड मार्ग पर पहुंचे तो वहां चौतरफा जाम लग गया। यह देखकर लोगों ने मछली बाजार रोड, लालइमली से जीआईसी और एपीफैनी स्कूल रोड, चुन्नीगंज चौराहा जैसे वैकल्पिक मार्गो से निकलने का प्रयास किया, तो वहां भी जाम लग गया। कोतवाली, कर्नलगंज और ग्वालटोली समेत कई थानों की फोर्स और ट्रैफिक पुलिस कर्मी जाम वाले स्थानों पर पहुंचे और यातायात की बेढंगी चाल को संभाला, तब जाकर लोगों को रास्ता मिला।



दर्शक मैच देखकर बाहर निकले तो ग्रीनपार्क के बाहर जाम लग गया। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# 45 दिन में 5 साजिशें, खुलासा एक का भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुरक्षा, खुफिया एजेंसियां, पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी खुलासे में लगीं
- सैकड़ों संदिग्धों से पूछताछ पर नहीं लगा सुराग

**अमृत विचार।** पिछले 45 दिन में कानपुर में ट्रेनों को अलग-अलग तरीके से पलटाने की रची गई पांच साजिशों के मामले में फर्रुखाबाद की घटना को छोड़कर अन्य चारों में अफसरों के हाथ खाली हैं। खुलासे में सुरक्षा व खुफिया एजेंसी, पुलिस, आरपीएफ व जीआरपी की टीमें लगी हैं। लेकिन कोई भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। टीमें सीसीटीवी फुटेज देखकर संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं, लेकिन किसी से कुछ ठोस सुराग नहीं मिला है।

हर घटना को अंजाम उस दुर्गम रास्ते के पास दिया गया जहां पुलिस जल्द राहत न पहुंचा पाए। एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने कालिंदी एक्सप्रेस की घटना को किसी की बदमाशी बताई है। वहीं अन्य घटनाओं को उन्होंने शरारीतत्वों के द्वारा होना बताया है।


झांसी रूट पर साबरमती बेपटरी हो गई थी।

## इन घटनाओं से उड़े हैं होश

- **16 अगस्त :** झांसी रूट पर पनकी फैक्ट्री एरिया के सामने ट्रैक पर पटरी का टुकड़ा बांधा गया था। इससे साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे डिरेल हो गए थे। घटना की जांच अभी जारी है।
- **24 अगस्त :** फर्रुखाबाद में कासगंज-फर्रुखाबाद रेल लाइन पर पैसेंजर के आगे लकड़ी का बोटा डालकर ट्रेन को पलटाने की साजिश रची थी। जांच में दो युवक पकड़े गए तब खुलासा हुआ कि फेमस होने के लिए यह घटना की थी।
- **8 सितंबर :** फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर बर्राजपुर और उत्तरीपुरा स्टेशनों के बीच मुंडेरी गांव के पास रेल ट्रैक पर कालिंदी एक्सप्रेस के आगे भरा गैस सिलेंडर, बाती लगी पेट्रोल भरी बोतल, माचिस, बारूद, व अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां घटना की जांच कर रही है।
- **22 सितंबर :** कानपुर सेंट्रल से फतेहपुर के बीच प्रेमपुर स्टेशन की लूप लाइन पर मालगाड़ी के आगे गैस सिलेंडर रखा गया। लोको पायलट ने ट्रेन रोकी। घटना की जांच जारी है।
- **29 सितंबर:** गोविंदपुरी स्टेशन की होल्डिंग लाइन पर पुष्पक एक्सप्रेस के आगे अग्निशमन यंत्र पड़ा मिला। इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया। कहा गया कि कुशीनगर एक्सप्रेस से वह गिर गया था। इसके लिए जांच कमेटी बनाई गई है।

# आत्महत्या केस की जांच करेंगे एडीसीपी पश्चिम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्राइम ब्रांच से परेशान होकर जान देने का आरोप

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में कच्ची मड़ैया बस्ती में युवक महेंद्र गौतम की आत्महत्या के मामले की जांच क्राइम ब्रांच के एडीसीपी की बजाय एडीसीपी पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी करेंगे। एक फोटो में लोगों की शिनाख्त करने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने महेंद्र को कितनी बार पूछताछ के लिए कहां-कहां बुलाया, उससे क्या-क्या पूछा गया और उसने क्या बताया था, यह सबजांच होगी। परिजनों के क्राइम ब्रांच के महेंद्र को पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित करने के आरोपों की सत्यता भी परखेंगे।

कच्ची मड़ैया बस्ती में रहने वाले 32 वर्षीय महेंद्र गौतम ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। महेंद्र की भांजी कोमल का आरोप है नजूल की जमीन कब्जाने के मामले में जेल में बंद अवनीश दीक्षित के साथ वायरल एक फोटो में लोगों की शिनाख्त करने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम महेंद्र को बार-बार बुला रही थी। उसी तनाव में महेंद्र ने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस को मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट में उसने खुद को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि जांच एडीसीपी पश्चिम को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रविवार को क्राइम ब्रांच ने महेंद्र को न तो बुलाया था, न ही उससे कोई पूछताछ ही हुई थी।

## सार-संक्षेप

### टीएसएच के शिविर में 40 यूनिट रक्तदान

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को द स्पोर्ट्स हब में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 40 यूनिट रक्तदान हुआ। टीएसएच के मेंबर्स व स्टॉफ के अलावा प्रमुख उद्यमियों ने रक्तदान किया। सीएमओ डॉ. आलोक रंजन ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव आरके सफ्फड़ ने बताया कि नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, जिससे रक्तदाता की सेहत में भी सुधार होता है। इंडियन रेड क्रास सोसायटी के चेयरमैन उमेश पालीवाल और मंडल अध्यक्ष डॉ. अंगद सिंह ने रक्तदान के महत्व पर जोर दिया। द स्पोर्ट्स हब के डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव टीएसएच के मेंबर्स और कई अन्य लोग मौजूद रहे।


कैंप में रक्तदान करते रक्तदानी।

### स्वच्छता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर बनीं मन्नत मां

**कानपुर।** मंगलामुखी किन्नर मन्नत मां को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम ने कानपुर का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। नगर निगम के प्रमिला सभागार में एक समारोह में महापौर प्रमिला पांडे ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। स्वच्छ कानपुर के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर शहरी स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए नागरिकों की भागीदारी और जागरुकता लाने का मन्नत मां प्रमुख कार्य करेंगी। मन्नत मां का कहना है कि वह अपने कार्य में जी जान से जुटेंगी। इस अवसर पर पार्षदों ने भी उन्हें बधाई दी।


मन्नत मां को नियुक्ति पत्र सौंपती महापौर।

### दुबई में कानपुर के विकास पर दिया जोर

**कानपुर।** दुबई में आयोजित गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम के एक कार्यक्रम में पिछले दिनों सांसद रमेश अवस्थी को सम्मानित किया गया। उन्होंने कानपुर में उद्योगों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक योजनाओं की सराहना मंच पर की। सांसद अवस्थी ने कहा कि कानपुर में उद्योगों के विकास से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हमें मोदी जी की नीतियों को अपनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए । कार्यक्रम में भारत के कई उद्योगपति और व्यवसायी भी शामिल हुए, जिन्होंने भारत में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

### सेंट्रल स्टेशन पर लगा नया लगेज स्कैनर

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर मंगलवार को नया लगेज स्कैनर लग गया। नया स्कैनर पहले वाले के मुकाबले बड़ा है और इसमें सामान को उठाकर रखने की जरूरत नहीं पड़ती। इसी तरह एक और स्कैनर जल्द ही जीआरपी थाने के पास भी लगाया जाएगा। कैंट साइड मुख्य गेट पर लगेज स्कैनर पहले से लगा है, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी आरपीएफ की है। इधर कुछ माह से पुराने स्कैनर में कुछ दिक्कतें आ रहीं थीं। इस समस्या को देखते मंगलवार को नया लगेज स्कैनर लगा दिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सिटी साइड में काम चलने के कारण उधर अभी स्कैनर नहीं लग पा रहा है। उधर, त्योहारों को लेकर रेलवे ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्पेशल ट्रेनों के संचालन के साथ स्टेशन, प्लेटफार्म, आउटर और कोच के अंदर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। आरपीएफ-जीआरपी की सभी प्लेटफार्म पर ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील वस्तुओं और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। एसीएम रेलवे संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि त्योहारों को देखते मुस्तैदी बढ़ी है। आउटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया चल रही है। सेंट्रल, गोविंदपुरी, अनवरगंज व पनकीधाम स्टेशन पर मुस्तैदी बढ़ाई जाएगी।

### टेनरी में काम करते समय कर्मचारी की मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में स्थित अशरफाबाद में टेनरी में काम करते समय ढोल की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर परिजनों को सूचना दी। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मूलरूप से कुरदहां, रामकोला कुशीनगर निवासी 25 वर्षीय मुख्तार जाजमऊ के अशरफाबाद में चमनगंज निवासी अब्दुल हसीब की क्वालिटी लेदर में काम करता था। परिवार में पत्नी मरजीना और डेढ़ वर्षीय बेटी है। बहनोई मोती नगर निवासी जियाउल ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही वह गांव से यहां पर काम करने आया था। मंगलवार की शाम को वह ढोल में काम कर रहा था। तभी अचानक वह ढोल की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मचारी उसे पहले पास के निजी अस्पताल लेकर गए। जहां से उसे कांशीराम अस्पताल में भेजा गया। यहां से मुख्तार को हैलट अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने साथी कर्मचारियों से पूछताछ की। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीएसजेएमयू में निकली स्वच्छता रैली

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ आर्ट्स ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज ने गांधी जयंती के उपलक्ष पर मंगलवार को परिसर में स्वच्छता रैली निकाली। रैली स्कूल से शुरू होकर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से कुलसचिव कार्यालय होते कुलपति कार्यालय तक पहुंची। यहां छात्र-छात्राओं ने साफ-सफाई की। कुलपति प्रो. विनय पाठक ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। एमएसएमई से आए अविनाश ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम बिजनेस डेवलप किए जाने को लेकर चर्चा में एमएसएमई की उपयोगिता पर जानकारी दी। डेमो के माध्यम से विद्यार्थियों को डिटर्जेंट, हैंडवॉश और फिनायल बनाना सिखाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने सत्याग्रह आंदोलन, दांडी आंदोलन, सत्य, अहिंसा और श्रम की महत्ता पर चर्चा की। प्रतियोगिता में अवनी यादव- प्रथम, अनुष्का शुक्ला- द्वितीय व गौरव बाबू ने तृतीय स्थान पाया। स्कूल की निदेशक डॉ. किरण झा ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ.पूजा सिंह, डॉ. एपी सिंह, डॉ.उर्वशी, अहमद अब्दुल्ला, डॉ. एसपी वर्मा, डॉ.शरद दीक्षित, डॉ. अंशु, डॉ.मानस उपाध्याय, डॉ.प्रशांत डॉ. प्रियंका व डॉ. शिल्पी मौजूद रहीं।

# लव जिहाद का पुतला फूंका तो छात्र भड़के

## काकादेव कोचिंग मंडी का मामला, घंटों जाम और हंगामा, नारेबाजी, पांच थानों का फोर्स व एलआईयू पहुंची

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कोचिंग संस्थान के बाहर पुतला फूंकते हिंदू संगठन के कार्यकर्ता। अमृत विचार


हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं को समझाते काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह।

- शिक्षक को फर्जी फंसाने का आरोप लगाया, कोचिंग संचालक पर गुस्सा निकाला

**अमृत विचार।** काकादेव की एक कोचिंग के बायोलॉजी शिक्षक की काली करतूतों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। इस मामले में हिंदू संगठन ने कोचिंग संस्थान के बाहर लव जिहाद का पुतला फूंककर आक्रोश जताया। जिस पर कोचिंग के सैकड़ों छात्र-छात्राएं सड़क पर आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से जमकर नारेबाजी हुई। कुछ छात्राओं ने जल रहे पुतले पर पानी डाल दिया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पैदल मार्च करते हुए चौराहे पर जाम लगाकर पुलिस और संचालक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। पांच थानों का फोर्स और एलआईयू पहुंच गई। करीब साढ़े तीन घंटे तक मान मनौव्वल के बाद हंगामा शांत हो सका।

मंगलवार सुबह 10.30 बजे रावतपुर पी ब्लॉक निवासी भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला संयोजक अक्षय त्रिवेदी अपने साथी कार्यकर्ता अभिषेक तिवारी, पवन सविता, सत्यनारायण तिवारी, धर्म दुबे, मोहित बाजपेई, विमल गोस्वामी, अमन बाजपेई, अभिजीत राय, हिमांशु दीक्षित के साथ काकादेव स्थित बदनाम चाय वाले चौराहे पहुंचे।

यहां से लव जिहाद का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए वह लोग आई एंड आई कोचिंग संस्थान के बाहर पहुंचे और पुतला फूंक दिया। इतने में कोचिंग संस्थान से करीब दो सैकड़ा छात्र-छात्राएं पुतला फूंकने का विरोध करते हुए नारेबाजी करने लगे। छात्राओं ने पानी डालकर जल रहे पुतले को बुझा दिया। छात्र-छात्राओं और हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक हो गई। आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कोचिंग से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला और जाम लगा दिया। वे आरोपी बायोलॉजी शिक्षक साहिल सिद्धिकी को फंसाने की बात कह रहे थे। कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव के खिलाफ जमकर नारेबाजी और अभद्र टिप्पणी की। बवाल बढ़ता देख काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया, फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील सिंह, नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह, कोहना और नवाबगंज थाने का भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इसके बाद माइक से बैठकर नारेबाजी और जाम लगाए छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया। दोपहर तकरीबन 1.10 बजे छात्र-छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों की बात सुनी और फिर से नारेबाजी करते हुए कोचिंग के बाहर पहुंच गए। करीब 2 बजे के आसपास कार्रवाई के आश्वासन पर स्थिति सामान्य हो सकी। पुतला दहन के बाद कोचिंग संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपनी फीस वापसी व शिक्षक साहिल सिद्दीकी को छोड़ने के लिए के लिए प्रदर्शन किया। काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया का कहना था कि काफी जद्दोजहद के बाद बच्चे मान गए। किसी ने कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं अक्षय त्रिवेदी का कहना था कि ऐसे लोग चाहे इंजीनियर हों या डॉक्टर या फिर शिक्षक, उन पर कार्रवाई होना जरूरी है।



मेट्रो अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधरोपण। अमृत विचार

# मेट्रो के 9 स्टेशनों में आज श्रमदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कार्यस्थल पर मेट्रो स्टाफ ने ली स्वच्छता की शपथ
- एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया वृक्षारोपण

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए अपने स्टेशनों पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। मंगलवार को गुरुदेव चौराहा स्थित कानपुर मेट्रो डिपो कार्यालय सहित सभी मेट्रो स्टेशनों पर मेट्रो अधिकारियों व कर्मचारियों ने हर वर्ष 100 घंटे स्वच्छता को समर्पित करने की शपथ ली।

कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर 150 से अधिक पौधे लगाए गए। मेट्रो कर्मचारियों ने अपने वर्कस्टेशन, क्यूबिकल एवं विभागीय वस्तुओं की साफ-सफाई की। बुधवार को कंपनी के सभी अधिकारी और कर्मचारी सुबह 10 बजे से मेट्रो स्टेशनों पर 'स्वच्छता के लिए श्रमदान' अभियान में हिस्सा लेंगे। शहरवासी भी इस अभियान से जुड़ सकते हैं। 2 अक्टूबर 2024 को कानपुर मेट्रो के 200 से भी ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी प्रायोरिटी कॉरिडोर (आईआईटी से मोतीझील) के 9 मेट्रो स्टेशनों पर श्रमदान कर स्वच्छता के मुहिम में अपना योगदान करेंगे। मेट्रो स्टाफ स्टेशनों के आस-पास के इलाकों की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता पूर्ण जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। यह अभियान कानपुर मेट्रो के सभी निर्माण स्थलों पर भी आयोजित किया जाएगा।

### क्राइम ब्रांच को सौंपी जांच

**कानपुर।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और उनके परिवार पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। अभिनेता के एक प्रशंसक राहुल गुप्ता ने दो लोगों के खिलाफ कोतवाली थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई थी। चाणक्यपुरी निवासी राहुल गुप्ता के अनुसार सोशल मीडिया पर अमित झा और बबिता मिश्रा ने अभिनेता पवन सिंह और उनके परिवार के बारे में अभद्र टिप्पणी की। पहले भी दोनों ने अपने यूटयूब चैनल गंगा न्यूज लाइव व देशवा न्यूज के जरिये फिल्म अभिनेता व उनके परिवार को आत्महत्या के लिए उकसाया था। इससे उनकी भावनाएं आहत हुईं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है।

**कवायद** अपर निदेशक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए प्रचार-प्रसार व फॉगिंग वाहन

# रोगों की रोकथाम के लिए नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त जिला चिकित्सालय व ट्रामा सेंटर से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। संचारी रोगों की रोकथाम व प्रचार-प्रसार के लिए जागरुकता वाहन और नगर निगम की फॉगिंग गाड़ियों को रवना किया। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को अभियान के प्रति शपथ दिलाई।

अपर निदेशक ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बचाव ही इसका सबसे बेहतर इलाज है। इसके लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। आसपास गंदगी न होने दें। शुद्ध पानी, ताजा व स्वच्छ भोजन का सेवन करें। मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव के लिए जलभराव न होने दें। एसीएमओ व संचारी रोगों के नोडल अधिकारी डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत टीमें घर-घर दस्तक देकर लोगों को जागरूक करेंगी। इस दौरान सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. स्वदेश गुप्ता, सहायक मलेरिया अधिकारी, सहयोगी संस्थाओं के डब्ल्यूएचओ, पाथ, यूनिसेफ, एफएचआई के प्रतिनिधियों सहित मलेरिया निरीक्षक मौजूद रहे।


दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल, एसीएमओ डॉ. आरपी मिश्रा आदि।

- आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बीमार लोगों की बनाएंगी सूची, मिलेगा इलाज

### अभियान में सहयोग की अपील

- जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह ने कहा कि जन समुदाय का भी दायित्व है कि अभियान में सहयोग करे, सतर्क और जागरूक रहें। डेंगू का मच्छर दिन में ही काटता है और इससे बचाव के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। मच्छर रोधी क्रीम का इस्तेमाल करें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया आदि के लक्षण नजर आने पर लापरवाही न करें, पास के सरकारी अस्पताल में जाकर तत्काल जांच व इलाज कराएं।

# तीन चोरों ने की शिक्षिका के घर 25 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भागते समय घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में हुए कैद

**अमृत विचार।** फतेहपुर के जहानाबाद में तैनात शिक्षिका शालिनी दुबे के बर्रा स्थि त घर से 25 लाख से ज्यादा की चोरी तीन शातिरों ने की है। आरोपी महिला के घर से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी में कैद हुए हैं। इनमें वह नीले रंग की गाड़ी से आते हुए दिख रहे हैं।



चिल्ली गांव के परिषदीय स्कूल की शिक्षिका शालिनी के पति प्रदीप बीएसएफ में सिलीगुड़ी में तैनात हैं। बेटी अनन्या देहरादून से एलएलबी और बेटा बिट्टू ग्वालियर से फिजियोथेरेपिस्ट की पढ़ाई कर रहा है। सोमवार को वह घाटमपुर नौरंगा स्थित मायके चली गईं थीं। वहां से देर रात घर लौटने पर उन्हें घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त और एक कमरे में पालतू कुत्ता जॉर्डन मरणासन्न अवस्था में मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कमरे में अलमारियों के ताले टूटे थे और उनमें करीब तीन लाख की नगदी समेत करीब 25 लाख से ज्यादा की ज्वैलरी गायब थी। महिला के अनुसार कुछ माह पहले उसके घर पर लकड़ी का काम हुआ था। उसमें कई कारीगर लगे थे। इस जानकारी के बाद पुलिस ने लकड़ी का काम करने वाले कुछ कारीगरों से पूछताछ की है। इस संबंध में बर्रा इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने शुक्लागंज के तीन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र वीर कश्यप (VEER KASHYAP) के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम (JEETENDRA KUMAR) है जो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) के स्थान पर (JEETENDRA KUMAR) अंकित किया जाये। **जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम अवतार, निवासी- ई-4/33, सेक्टर-डी, बसन्तकुंज, हरदोई रोड योजना, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं, **मुन्नू लाल एवं मुन्नी देवी पता- म. नं. 4/107 विकास नगर, लखनऊ** ने अपने पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधू नीतिका के गलत आचरण के कारण इन्हें अपनी चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीत कुमार पुत्र श्री राम दुलारे, निवासी- ग्राम व पो0- रमिया बेहड लखीमपुर खीरी, उ0प्र0** मेरे इण्टरमीडियट जिसका रोल नं0 -0900753 वर्ष -2016 तथा प्रमाण पत्र 31000695 और हाईस्कूल अंक पत्र जिसका रोल नं0-2522424 वर्ष- 2024 प्रमाण पत्र- 6624451 की मूल प्रति वास्तव में खो गई है।

**सूचना**

मैने अपना नाम परवेज खान से बदलकर मोहम्मद परवेज खान (MOHD PARVEZ KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद परवेज खान के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद परवेज खान पुत्र श्री इकबाल खान निवासी सीमान्त नगर, गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

मेरे पुत्र मो. सफीक का चाल चलन सही नहीं है, नशा करके मेरे साथ मेरे परिवार के सदस्यों को मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है। जिससे तंग आकर मै अपने पुत्र मो. सफीक को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज से वह अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. शरीफ पुत्र छंगा ग्राम गौरवा खुर्द ककरहा वि. खं. हलधरमऊ थाना को. करनैलगंज जिला गोंडा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री , माता एंव पिता का नाम त्रुटिवश सिर्फ गार्गी , माता का नाम नीतू एवं पिता का नाम विजयंत विक्रम सिंह अंकित है। जबकि सही नाम गार्गी सिंह (GARGI SINGH) , माता का नीतू सिंह (NEETU SINGH) एवं पिता का नाम कुंवर विजयंत विक्रम सिंह (KUNWAR VIJAYANT VIKRAM SINGH) है। कृपया विद्यालय अभिलेखों में नामो में सुधार कर अब इसे उक्त नाम से लिखा, पढ़ा व दर्ज किया जाए। **कुंवर विजयंत विक्रम सिंह,निवासी- के. एन.आई कस्बा, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **संगीता पत्नी नन्हें लाल, निवासी- छिंपिया पो0 लक्ष्मीगंज-बुजुर्ग जिला रायबरेली** मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218457530 में मेरा नाम संगीता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाता आदि में सुनीता देवी दर्ज है ।उक्त दोनों नाम एक ही महिला के है।मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **ऋचा पाण्डेय पुत्री अंजू पाण्डेय पत्नी सुनील शुक्ला, निवासिनी- म0नं0-647/21, के0एल0 सिटी नियर एम0डी0एम0 स्कूल, सेक्टर-एच, जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226021** की हूँ।यह कि मेरा सही व दस्तावेजी नाम ऋचा पाण्डेय है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश ऋचा शुक्ला दर्ज हो गया है जो कि गलत है। आज के बाद मुझे ऋचा पाण्डेय के नाम से जाना जाये तथा पासपोर्ट में मेरा नाम ऋचा पाण्डेय दर्ज किया जाय।

# 615 करोड़ के निर्यात आर्डर मिले

## एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया ने पाई यह सफलता, मनाया स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूआईएल) ने यूरोप, उत्तरी अमेरिका, मध्य पूर्व और अफ्रीका के देशों से 615 करोड़ रुपये के छोटे व मध्यम कैलिबर के हथियार, आर्टिलरी गन के पुर्जे, गोला-बारूद हार्डवेयर और छोटे हथियारों के पुर्जों के 16 ऑर्डर हासिल किए हैं। यह जानकारी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजेश चौधरी ने मंगलवार को स्थापना दिवस कार्यक्रम में पत्रकारों को दी।

अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के अनुसार अक्टूबर 2021 में एडब्ल्यूआईएल की स्थापना के बाद से कंपनी का सफर चुनौतीपूर्ण और लाभकारी रहा है। वर्तमान में एडब्ल्यूआईएल कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल विनिर्माण समाधान जैसी उन्नत प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण निवेश के साथ साथ मध्यम कैलिबर, छोटे हथियारों और ड्रोन माउंटेड हथियार प्रणालियों के विकास पर काम कर रहा है। कंपनी ने अपने अधिकारियों के कौशल विकास के लिए डीआईएटी पुणे और आईआईटी जैसे संस्थानों में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिलाने की योजना बनाई है। समारोह में निदेशक मानक संसाधन विश्वजीत प्रधान, सलभ प्रकाश, केआर सिन्हा, सीके मंडल, जेपी यादव, महाप्रबंधक अनुराग आनंद, संयुक्त महाप्रबंधक अनूप मुखर्जी, उप महाप्रबंधक विवेक कौशिक, उप निदेशक ज्ञानेश्वर मौजूद रहे।



स्थापना दिवस पर जानकारी देते प्रबंध निदेशक राजेश चौधरी, निदेशक ऑपरेशन एके मौर्या व निदेशक मानक संसाधन विश्वजीत प्रधान। अमृत विचार

### 4 वर्षों में कारोबार दोगुना करने का लक्ष्य

- प्रबंध निदेशक के मुताबिक एडब्ल्यूईआईएल ने बीते 5 वर्षों में (पूर्ववर्ती ओएफबी अवधि सहित) में सबसे अधिक राजस्व हासिल किया। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 2381 करोड़ रुपये हासिल किए थे। अगले 3-4 वर्षों में कारोबार दोगुना करने का लक्ष्य बनाया गया है।

### रणनीतिक साझेदारी के अवसरों की खोज

- निदेशक ऑपरेशन एके मौर्य के मुताबिक एडब्ल्यूईआईएल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रणनीतिक साझेदारी और सहयोग के अवसरों की खोज कर रहा है। इसके लिए अग्रणी रक्षा और प्रौद्योगिकी कंपनियों और प्रतिष्ठित शिक्षाविदों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। एडब्ल्यूईआईएल के पास विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो है। उत्पादों में स्वदेशी सामग्री 94 फीसदी है।

# इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बांग्लादेशी नागरिक के फर्जी प्रमाण पत्र मामले में जमानत
- पूर्व पार्षद मन्नू रहमान व डॉ रिजवान को भी मिली राहत

**अमृत विचार।** बांग्लादेशी नागरिक को गलत तरीके से भारत में रुकने के लिए फर्जी दस्तावेज, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि बनवाने में सहयोग करने के मामले में पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, पूर्व पार्षद मन्नू रहमान और बांग्लादेशी डॉ रिजवान को मंगलवार को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है।

उनकी जमानत अर्जी पर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने सुनवाई की। अभियुक्त इरफान सोलंकी, पूर्व पार्षद मन्नू रहमान और डॉ रिजवान ने जमानत याचिका हाईकोर्ट में प्रस्तुत की थी। इन सभी पर आरोप है कि बांग्लादेशी नागरिक डॉ रिजवान ने एक हिंदू महिला से शादी की और उसे अपने साथ बांग्लादेश ले गया। इसके बाद महिला ने अपना धर्म परिवर्तन कर हिना नाम रख लिया और बांग्लादेश की नागरिकता ले ली। उनके तीन बच्चे भी हुए। वर्ष 2016 में रिजवान और हिना अपने बच्चों को लेकर कानपुर आ गए। यहां पर तत्कालीन पार्षद मन्नू रहमान और विधायक इरफान सोलंकी के सहयोग से फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए गए। उसके आधार पर बच्चों का कानपुर के स्कूलों में दाखिला करवाया गया। इस मामले में शुरुआत में रिजवान हिना और तीनों बच्चों के खिलाफ मूलगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान यह प्रकाश में आया कि इरफान सोलंकी और मन्नू रहमान ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सहयोग किया था। विवेचक ने उनके नाम भी शामिल करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।

## शहर में आज



- **यात्रा :** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा गांधी संदेश पद यात्रा घंटाघर से सुबह 11 बजे।
- **पखवाड़ा :** संभागीय परिवहन कार्यालय के सारथी भवन में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सुबह 11 बजे।

## एक नजर

### बीमार दरोगा की इलाज के दौरान मौत

**कानपुर।** गोरखपुर के सिकरीगंज सुकरौली निवासी दरोगा 42 वर्षीय मनोज शुक्ला रामादेवी स्थित पुलिस आवास में पत्नी, एक बेटे और दो बेटी के साथ रहते थे। वर्तमान में वह औरैया जिले में तैनात थे। रामादेवी चौकी प्रभारी विनीत त्यागी ने बताया कि मृतक के भाई प्रमोद शुक्ला के अनुसार वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। सोमवार शाम को भाई के पेट में अचानक दर्द हुआ था। जिस पर उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मगंलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### चमनगंज में दो पक्षों में मारपीट

**कानपुर।** चमनगंज थानाक्षेत्र में गोरा कब्रिस्तान के पास मकान का गेट धरने व निकालने को लेकर दो पक्षों में बहस व मारपीट हो गई। जिससे दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ा तो इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। पुलिस ने माहौल बिगाड़ने पर मो जीशान, मो इस्लाम, मो इकराम, मो मुकीम, मो शरीफ को गिरफ्तार कर शांति भंग में कार्रवाई की है।

### एक हफ्ते से नहीं हुआ महिला का पोस्टमार्टम

**कानपुर।** स्वरूप नगर थाना पुलिस की लापरवाही के चलते एक महिला का शव एक सप्ताह से पोस्टमार्टम हाउस की मार्चुरी में पड़ा है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए नहीं पहुंच रही है। जिला फर्रुखाबाद निवासी इलियास की 35 वर्षीय पत्नी नीलू को बीमारी के चलते हैलट में भर्ती कराया गया था। जहां 24 सितंबर को नीतू की मौत हो गई थी। दो दिन पुलिस ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया। 26 सितंबर को पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर मार्चुरी से पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया लेकिन पोस्टमार्टम कराने स्वरूप नगर पुलिस पहुंची ही नहीं।

# मोतीझील में कल से लेदर मेला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- विदेशों में बिकने वाले लेदर के उत्पाद खरीद सकेंगे शहरवासी
- जैकेट, जूते, पर्स, बेल्ट, लैपटॉप बैग जैसे उत्पाद होंगे प्रदर्शित
- 37 स्टालों पर उत्पादों की खरीददारी पर मिलेगी छूट

**अमृत विचार।** काउंसिल फार लेदर एक्सपोर्ट (सीएलई) की ओर से 3 से 6 अक्टूबर तक मोतीझील में लेदर मेला आयोजित होगा। इसमें शहरवासी एक्सपोर्ट क्वालिटी के लेदर निर्मित उत्पाद खरीद सकेंगे। मेले में चमड़े की जैकेट, जूते, पर्स, बेल्ट लैपटॉप बैग सहित सैकड़ों वैरायटी प्रदर्शित की जाएंगी, जिन पर छूट भी मिलेगी।

लेदर मेले में इस बार 37 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। सीएलई के रीजनल चेयरमैन असद इराकी ने बताया कि मेले में कई ऐसे उत्पाद शामिल किए गए हैं, जो लोगों को बाजार में आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते हैं।

यह उत्पाद विदेशों को निर्यात होते हैं। लेदर उत्पादों के शौकीन लोगों के लिए यह मेला खास तौर पर लगाया जा रहा है। मेले में पारंपरिक लेदर उत्पाद भी उपलब्ध होंगे। मेले में हाथ से बने वह उत्पाद जिनमें मोटे धागे की सिलाई की जाती है, बाजार से कम रेट पर खरीदारों को मिल सकेंगे। मेले में उत्पादों के आधार पर अलग-अलग स्टॉल पर अलग-अलग छूट खरीदारों को मिलेगी।



> सीएलई की ओर से आयोजित लेदर मेले में शहरवासियों को सैकड़ों वैरायटी के लेदर उत्पाद एक ही जगह पर खरीदारी के लिए मिलेंगे। मेले में स्टालों पर आकर्षक डिस्काउंट भी मिलेगा।
>
> – असद ईराकी, रीजनल चेयरमैन सीएलई

# रिमोट सेंसिंग तकनीक में निपुणता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में शुरू हुई 5 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में स्कूल बेसिक साइंसेज के अंतर्गत संचालित भूगोल विभाग ने 5 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस पर व्यावहारिक सत्रों का आयोजन किया। उद्घाटन आईआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग कुलपति ओंकार दीक्षित, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार, निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी व कुलसचिव डॉ. अनिल यादव ने किया।

कार्यशाला में बताया गया कि भविष्य में रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग विभिन्न विषयों में होगा, इसलिए छात्र-छात्राओं को इसमें निपुणता प्राप्त करनी चाहिए। आईआईटी कानपुर के सहयोग से एमओयू कर शिक्षकों व छात्रों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए जाएंगे, स्कूल बेसिक साइंसेज के निदेशक प्रो.आरके द्विवेदी ने बताया कि अब लोकेशन बेस्ड स्टडीज के लिए इसका प्रयोग मुख्य हिस्सा बन गया है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर ओमकार दीक्षित ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग एवं डाटा साइंस के समय में सॉफ्टवेयर क्रिएटर बनना चाहिए। दूसरे सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिलाषा ने जीआईएस सॉफ्टवेयर, सैटेलाइट इमेज बनाने के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।


डीएवी लॉन में चल रही दुर्गा पूजा की तैयारी। अमृत विचार

# कल से नवरात्र, डोली पर आएंगी जगदंबा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र गुरुवार से शुरू होंगे। नवमी 11 अक्टूबर तथा विजय दशमी का पर्व 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर इंद्र योग के साथ हस्त नक्षत्र का संयोग रहेगा। कलश स्थापना के लिए यह मुहूर्त होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज द्विवेदी के अनुसार गुरुवार को कलश स्थापना के दो शुभ मुहूर्त हैं। पहला मुहूर्त प्रातः काल 6.02 बजे से लेकर प्रातः काल 7. 07 बजे तक और दूसरा सुबह 11. 34 बजे से दोपहर 12:21 बजे तक है। गुरुवार से नवरात्र शुरू होने के कारण माता का आगमन डोली पर होगा। इस बीच शहर में दुर्गा पूजा की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। सिविल लाइंस, काकादेव, लालबंगला, मालरोड, गोविंद नगर, आर्यनगर, पनकी, कल्याणपुर आदि स्थानों पर पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। कलाकार माता की मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

# परेड क्रिस्टल पार्किंग की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू, 15 अक्टूबर तक होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए ने नवीन मार्केट के सामने स्थित क्रिस्टल मल्टीलेवल पार्किंग का ठेका निरस्त करने के बाद नये नए सिरे से टेंडर आमंत्रित किए हैं। मंगलवार से शुरू हुई ई-नीलामी प्रक्रिया 15 अक्टूबर तक चलेगी। 16 अक्टूबर को बोलीदाता घोषित होगा। बेस प्राइज 96 लाख रुपये रखा गया है। इच्छुक लोग 9.60 लाख रुपये जमा करके ऑनलाइन नीलामी में शामिल हो सकते हैं। इस चार मंजिला पार्किंग में 292 चार पहिया और 133 दोपहिया वाहन खड़े हो सकते हैं।

केडीए ने पिछले साल जनवरी में बेस प्राइज 59 लाख रुपये सालाना में तीन साल का ठेका दिया था, शर्त थी कि ठेकेदार हर साल 10 प्रतिशत धन बढ़ाकर केडीए के खाते में जमा करेगा। पार्किंग मेसर्स अजीत सिंह यादव को आवंटित हुई थी। उन्होंने एक साल पूरा होने पर केडीए को पत्र दिया कि 10 प्रतिशत धनराशि बढ़ाने में असमर्थ हैं, इसलिए जितनी धनराशि में ठेका मिला है, उतने में ही नवीनीकरण किया जाए। केडीए ने यह आग्रह को अस्वीकार करते हुए ठेका निरस्त कर दिया था। इस बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने से अजीत सिंह को ही नया ठेका होने तक पार्किंग चलाने की अनुमति दी गई थी। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि ठेकेदार ने नियमानुसार ठेके का नवीनीकरण नहीं कराया। अवधि पूरी होने पर ठेका खत्म हो गया था। नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



परेड में बनी है मल्टीलेवल पार्किंग। अमृत विचार

### केडीए ने नई दरें निर्धारित की

- कार पार्किंग के लिए 4 घंटे तक 20 रुपये, 4 से 8 घंटे तक 30 रुपये और 24 घंटा के लिए 50 रुपये शुल्क लगेगा। दो पहिया की पार्किंग के लिए 4 घंटा तक 10 रुपये, 4 से 8 घंटे के लिए 15 रुपये और 24 घंटे के लिए 25 रु. शुल्क देना होगा।

**26वां दीक्षांत समारोह** | 4 अक्टूबर को समारोह में 14 छात्र-छात्राओं को रजत, 13 को कांस्य तथा 21 को मिलेंगे प्रायोजित स्वर्ण पदक

# सीएसए के 14 छात्र-छात्राओं को मिलेंगे स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र के महानिदेशक ब्रैम गोवाट्र्स को मिलेगा मानद उपाधि सम्मान
- 456 छात्रों और 145 छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रदान की जाएंगी उपाधियां

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 4 अक्टूबर को विश्वविद्यालय का 26वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में 62 मेधावियों को पदक दिए जाएंगे। इनमें रितिक कुमार समेत 14 को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 मेधावियों को विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 को विश्वविद्यालय कांस्य पदक और 21 मेधावियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि कुलाधिपति, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कैलाश भवन प्रेक्षागृह में होने वाले दीक्षांत समारोह में 601 उपाधियां बांटी जाएंगी। समारोह में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का सुधार केंद्र मैक्सिको के महानिदेशक ब्रैम गोवाट्र्स होंगे। इस मौके पर उन्हें मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहेंगे। समारोह में कृषि व कृषि शिक्षा से संबंधित नई जानकारियों के साथ शोध कार्यों की भी जानकारी दी जाएगी। मीडिया समिति अध्यक्ष डॉ. विजय यादव, सचिव डॉ. पीके उपाध्याय, अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण इटावा डॉ. एनके शर्मा, निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव, अधिष्ठाता वानिकी महाविद्यालय डॉ. मुनीश कुमार, डा. कौशल कुमार व मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान उपस्थित रहे।


जानकारी देते कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह, डॉ. विजय यादव व अन्य। अमृत विचार

### समारोह का हुआ पूर्वाभ्यास

- विश्वविद्यालय में मंगलवार को दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें कुलाधिपति के रूप में अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ.मुक्ता गर्ग, विभाग अध्यक्ष पादप रोग विज्ञान विभाग डॉ.मुकेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वेंद्र कुमार गुप्ता शामिल हुए। मीडिया प्रभारी ने बताया कि पूर्वाभ्यास में पर्यावरण व जल संरक्षण के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

### 30 स्कूली बच्चों को बैग के साथ मिलेगी किट

- समारोह में प्राथमिक और जूनियर स्कूलों की 30 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग के साथ किट प्रदान की जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी किट दी जाएंगी।

**कुलाधिपति स्वर्ण पदक :** रितिक कुमार, अटोबि घोष, युवराज सिंह, आध्या पांडेय, आर्यन दुबे, अमन तोमर, सौम्या पाठक, फातिमा, अर्पित कुमार, निदा आफरीन, भूपेंद्र कुमार, मनदीप कुमार दिवाकर, यजेंद्र राणा व प्रभा कुशवाहा।

**विश्वविद्यालय रजत पदक :** विष्णु सैनी, श्रव्या सिंह, अभिषेक द्विवेदी, योगेश कुमार, न्याशा पटेल, उज्जवल मिश्रा, खुशी यादव, रजत जुरैल, अविरल राय, नीमत बानो, रिया आनंद, शिवानी पांडेय, साक्षी सिंह व स्तुति अग्रवाल।

**विश्वविद्यालय कांस्य पदक :** अविनाश सिंह, मानुषी पाल, कार्तिकेय वर्मा, कुनेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, कार्तिकेय सचान, कृष्ण गोपाल, पंकज प्रताप, माही, अराधना वर्मा, प्रदुमन दुबे, प्रिंसी प्रसाद व प्रतीक सक्सेना।

# कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल टूटा

**कानपुर।** कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल (श्याम बिहारी गुट) के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पाला बदलकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (ज्ञानेश मिश्रा गुट) की सदस्यता ग्रहण कर ली।

कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व महामंत्री पंडित मनीष दुबे, पूर्व जिला मुख्यालय प्रभारी अर्पण शुक्ल ज्ञानेश मिश्रा गुट में शामिल हुए। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा के निर्देश पर कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुन्ना राय व जिला महामंत्री सौरभ गुप्ता ने मनीष दुबे को कल्याणपुर इकाई का चेयरमैन व अर्पण शुक्ला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया। इस दौरान मनीष दुबे व अर्पण शुक्ला ने कहा कि कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल (श्याम बिहारी गुट) व्यापारियों के हित वाले मार्ग से भटक गया है।

## सार-संक्षेप


विजयी बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। अमृत विचार

### योगासनों में उत्तम पब्लिक स्कूल रहा अव्वल

**कानपुर।** हंसपुरम स्थित एसजे एजूकेशन सेंटर में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमे 27 स्कूलों के चार सौ से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में योगेंद्र विहार अर्रा रोड स्थित उत्तम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को दबदबा रहा। उत्तम स्कूल से आदिति, आद्रति, अनिरुद्ध, प्राची व आयुषी के योग आसनों को योगाचार्य सहित उपस्थित लोगों ने सराहा। प्रथम व द्वितीय रनरअप एसजे एजुकेशन और वीरेंद्र स्वरूप जाजमऊ रहे। कार्यक्रम में डायरेक्टर योगेन्द्र कुमार उत्तम, शिक्षक गोविंद उत्तम, चांदनी, महिमा दुबे और मंदाकिनी सिंह उपस्थिति रहीं।



मंडल सभागार में रेल कर्मचारियों को अवार्ड देते अधिकारी।

### रेल कर्मियों को दिया अवार्ड

**कानपुर।** प्रयागराज मंडल कार्यालय के मंडल सभागार में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे एवं मण्डल कार्मिक अधिकारी के एल जायसवाल ने सुरक्षा ट्रेन संचालन कराकर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों छविनाथ, दीनानाथ प्रसाद, अरशद मुमताज सिद्दीकी, कृष्णा देवी, शीला देवी को एक्सीडेंट फ्री अवार्ड से नवाजा। सोमवार को प्रयागराज मंडल के 51 कर्मी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समापन भुगतान से संबंधित प्रपत्रों के साथ स्मृति चिन्ह सौंपा गया।


अग्रसेन शोभायात्रा की जानकारी देते आयोजकगण। अमृत विचार

### फूलबाग से निकलेगी अग्रेसन शोभायात्रा

**कानपुर।** श्री महाराजा अग्रसेन जयन्ती समिति गुरुवार को महाराजा श्री अग्रसेन के मूर्ति स्थल फूलबाग पर महाआरती के बाद शोभायात्रा निकालेगी। शोभायात्रा में सभी स्वजातीय संस्थाएं अपने बैनरों के साथ शामिल होंगी। धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी भी शोभायात्रा में होंगे। यात्रा फूलबाग से बिरहाना रोड, नयागंज, जनरलगंज, बजाजा, मनीराम बगिया, गया प्रसाद लेन, टोपी बाजार, चौक सर्राफा, गिलिश बाजार होते हुए अग्रसेन स्मृति भवन पहुंचेगी। यहां समाज के वरिष्ठजनों को उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। शोभायात्रा में शामिल बच्चे भी पुरस्कृत होंगे। समारोह में मुख्य अतिथि बुलंदशहर नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ती मित्तल होंगी। प्रेसवार्ता में समिति के अध्यक्ष गुर प्रसाद अग्रवाल, महामंत्री मनीष दर्पण, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, शोभायात्रा संयोजक रामसेवक अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, ज्ञानेंद्र विश्नोई आदि रहे।


जयपुरिया स्कूल में कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद रमेश अवस्थी।

### नौनिहालों ने कलाकारी से किया सबको मंत्रमुग्ध

**कानपुर।** कैंट स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मंगलवार को प्री-प्राइमरी सेक्शन ने 'दादा-दादी दिवस' ग्रेड पेरेंट्स डे गंगावतरण मनाया। नौनिहालों ने अपनी मनमोहक कलाकारी उत्साह और समर्पण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नन्हे-मुन्नों ने मंच पर पतित पावनी गंगा की धरती पर अवतरण की पौराणिक कथा को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गंगावतरण पर नृत्य प्रदर्शन रहा। सांसद रमेश अवस्थी ने युवा पीढ़ी के पालन-पोषण और मार्गदर्शन में परिवार के बुजुर्गों दादा-दादी और नाना-नानी की अमूल्य भूमिका का सम्मान करने पर स्कूल की सराहना की। प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी, उप-प्रधानाचार्या (कनिष्ठ) मधुत्री भौमिक, उप-प्रधानाचार्य (वरिष्ठ) गणेश तिवारी, हेड मास्टर महेश कुमार मिश्रा, जीएम प्रशासन शैलेंद्र अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करते निदेशक डॉ .जीपी दीक्षित व साथ में संस्थान के अधिकारी।

### दलहन अनुसंधान संस्थान ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा

कानपुर। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान में निदेशक डॉ. जीपी दीक्षित के नेतृत्व में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। संस्थान के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने स्वच्छता पर अमल की शपथ ली। संस्थान परिसर में विभिन्न चरणों में साफ-सफाई की गई। इसके अलावा विभिन्न गांवों में भी सफाई अभियान चलाया गया। संस्थान के अधिकारियों ने एक कदम प्लास्टिक वेस्ट मुक्त भारत की ओर अभियान के तहत प्लास्टिक वेस्ट से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक किया। कहाकि पॉलीथिन का प्रयोग रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

# घरों के आंगन तक पहुंचा बारिश का पानी

## कल्याणपुर ब्लॉक के बगदौधी कछार के नई बस्ती का है मामला, बारिश के पानी के निकास की व्यवस्था नहीं

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** कानपुर शहर के कल्याणपुर ब्लॉक क्षेत्र के बगदौधी कछार ग्राम सभा के शिवा विहार कोठी नई बस्ती मोहल्ले में पानी के निकास की व्यवस्था न होने से बारिश और नालियों का दूषित पानी मोहल्ले में लोगों के घरों के आंगन तक पहुंच गया। घरों में पानी भर जाने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। इस समस्या को लेकर मोहल्ले के लोगों ने ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन उसके बावजूद जिम्मेदार पूरी तरह से चुप्पी साधे बैठे हैं। इससे मोहल्ले के लोगों में जिम्मेदारों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि पानी निकास के लिए बने नाले को एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण के दौरान बंद कर दिया गया है जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है।

हाईवे से सटा शिवा विहार कोठी का वर्तमान समय में ऐसा हाल है कि मानो किसी गांव में पहुंच गए हैं। पानी निकास की व्यवस्था न होने के कारण दूषित पानी लोगों के घरों के आंगन तक पहुंच गया है। आंगन में भरे हुए दूषित पानी की समस्या के बीच लोग मकानों की छतों पर गुजर बसर कर रहे हैं। अगर लोगों को घरों से निकलना पड़ता है तो उन्हें अपने जूते-चप्पल हाथ में लेकर मोहल्ले की सड़कों पर भरे हुए पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। सड़कों पर पानी भरा होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। मोहल्ले की दयनीय स्थिति को देखते हुए लोगों ने उच्चाधिकारियों से इस समस्या की शिकायत की लेकिन अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। मोहल्ले के लोगों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि भरे हुए पानी के निकास के लिए अगर तालाब को गहराई से खुदवा दिया जाए और सड़क के किनारे नाला बनवा दिया जाए तो समस्या से निजात मिल सकती है। अधिकारियों की मनमानी और लापरवाही का खामियाजा शिवा विहार कोठी में रहने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।


बारिश के पानी से घिरे मकान। अमृत विचार


गलियों में भरा पानी, कहां से निकलें लोग। अमृत विचार


जलभराव से इलाके में व्याप्त गंदगी। अमृत विचार

### संक्रामक बीमारियां फैलने का बढ़ा खतरा

- शिवा विहार कोठी मोहल्ले में बारिश का दूषित पानी जहां मोहल्ले की सड़कों से लेकर लोगों के घरों तक भरा हुआ है तो वही दूषित पानी में पनप रहे मच्छर और कीड़े मकोड़े से संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ने लगा है। मोहल्ले में न तो दवा का छिड़काव कराया गया और न ही मच्छरों से बचने के लिए फॉगिंग कराई गई है। जबकि शासन से स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि शहर से लेकर गांव तक गली-गली मोहल्ले में दवा के छिड़काव के साथ फॉगिंग कराई जाए जिससे संक्रामक बीमारियां न फैलने पाएं। इसके बावजूद इस मोहल्ले की दीन दशा की ओर किसी जिम्मेदार ने ध्यान नहीं दिया। सूत्रों की मानें तो जिले के आलाधिकारियों के ढुलमुल रवैये से इस क्षेत्र में विकास और शासन से मिलने वाली सुविधाएं लोगों से कोसों दूर हैं। मोहल्ले की दशा देखकर धीरे-धीरे लोगों का सब्र टूट रहा है। लोगों ने अधिकारियों से जल निकासी के प्रबंध किए जाने की मांग की है।

# बुजुर्ग लापता, नहीं लग रहा सुराग

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी सुघर सिंह नाम के व्यक्ति बीते 26 सितंबर से अपने घर से लापता है। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया गया है। उसके परिजनों ने थाना ककवन में उसके लापता होने की सूचना दी है लेकिन आज तक बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। पुलिस व परिजन लगातार सुघर की खोज में लगे हैं इसके बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने कोई अनहोनी होने की भी आशंका जताई है। मामले में थाना ककवन में गुमशुदगी दर्ज है और आसपास के थानों में भी सूचना दे दी गई है।

# सड़क के गहरे गड्ढे बने जान के दुश्मन

**औरास।** लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ साल पहले बनी सड़क के किनारे जानलेवा गड्ढे हो गए। जिनमें राहगीर गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। इसे लेकर जिम्मेदार विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।


चौपाल में भाग लेते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# दौलतपुर के आंबेडकर पार्क में लगेंगे सीसीटीवी

संवाददाता, घाटमपुर

▶▶ पतारा के दौलतपुर गांव में थाना प्रभारी ने चौपाल लगाई

अमृत विचार। घाटमपुर के रेवना थाना प्रभारी ने ग्राम बारदौलतपुर में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर निराकरण भी कराया। ज्यादातर शिकायतें नाली रोकने, खड़ंजे पर जानवर बांधने, रास्ते पर घूरा डालने आदि समस्याओं को सुना गया। कुछ समस्याओं को निस्तारित किया गया।

बताते चलें की सोमवार को पतारा विकास खंड के ही धर्मपुर गांव में अराजक तत्वों के द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त की गई थी जिसके मद्देनजर रेवना थाना प्रभारी जसवंत सिंह चौहान ने मंगलवार को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पार्क बारा दौलतपुर में पहुंचकर एक जनचौपाल का आयोजन किया। थाना प्रभारी ने बताया कि दौलतपुर ग्राम में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की मूर्ति विद्यालय प्रांगण में लगी है। उसकी सुरक्षा के लिए 11 सदस्यीय सुरक्षा समिति पूर्व से ही गठित है। बाबा साहब की मूर्ति की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दो सीसीटीवी कैमरा लगाए जायेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात वि०ख० कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– मनरेगा/ राज्य वित्त/ पंचम वित्त 2024–2025 दिनांक–01/10/2024

**निविदा सूचना**

मनरेगा/ राज्य वित्त आयोग/ पंचम वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कुरारा देहात में आंगनबाड़ी केंद्र का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 08/10/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 08/10/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 345.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 09.20 M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 24.15 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 04.85 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 18.55 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 13600 नग |
| 7 | 10 M M ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 07.90 M3 |
| 8 | F Sand | 05.25 M3 |
| 9 | MS Bar | 24 Q |
| 10 | MS Door | 11 Q |
| 11 | मिट्टी भराई | 91.57 M3 |
| 12 | टाइल्स | 08.60 M3 |

**प्रधान**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

**सचिव**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)


# नोन नदी में डूबने से युवक की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** नंदना क्षेत्र के गांव सरखेलपुर में एक युवक की नोन नदी में डूबने से मौत हो गई। युवक नदी में नहाने गया था इसी दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गया।


रोहित।

घाटमपुर थाना के अंतर्गत सरखेलपुर गांव निवासी महेश नागर का पुत्र रोहित उर्फ गोलू (20) जो राठीगांव मार्ग पर बुमराह पीपर घाट पर नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों व परिजनों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।


नदी में युवक के डूबने की चर्चा पर जमा भीड़। अमृत विचार

- बड़े भाई को दवा दिला कर लौट रहा था युवक

परंतु परिजनों के कोई कानूनी कार्रवाई न करने व पोस्टमार्टम न कराने की इच्छा पर शव को उन्हें सौंप दिया गया। पिता महेश नगर ने बताया कि छोटा पुत्र रोहित, बड़े भाई राजेश को घाटमपुर से दवा दिलाकर लौट रहा था। तभी बुमराह स्थित पीपर घाट नोन नदी पर नहाने लगा। बड़ा भाई वहीं बैठ गया। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य पडरी लालपुर बाबोल नगर का पुत्र रिंकू भी साथ में गया था। नदी के तेज बहाव के कारण रोहित गहरे पानी में चला गया।

# सुनते ही दौड़े चले आए मोहन, लगाया गले से...

संवाददाता, बिल्हौर।

- श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता के प्रसंग की चर्चा

**अमृत विचार।** औरोताहारपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य श्रीदास अनुदास श्रीकांत महाराज ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसंग की चर्चा की। प्रसंग को सुनकर लोग भावविभोर हो गए।

औरोताहारपुर गांव में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। मंगलवार को आचार्य श्री दास अनुदास श्रीकांत महाराज ने सुदामा चरित्र प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसंग को सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर घाटमपुर विधायक, सरोज कुरील ब्लॉक प्रमुख, शुभम वाजपेई आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बुधवार को भागवत कथा का समापन होने के साथ ही आयोजन स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक मिश्रा, प्रबंधक प्रभाकर श्रीवास्तव, राजकुमार भदौरिया, महेंद्र कुशवाहा, शिवकांत तिवारी, पवन अविरल शुक्ला समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# दो दिनों से गायब युवती गांव के ही खंडहर में बेहोश मिली

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव से रविवार की रात छत से गायब युवती मंगलवार शाम को गांव के ही खंडहर पड़े मकान में बेहोशी की हालत में मिली।

बेटी के बेहोश मिलने की सूचना पर पहुंचे पिता ने डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस बुलाकर भीतरगांव सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती किया। सूचना मिलते ही साढ़ पुलिस घटनास्थल पहुंची। फिर सीएचसी आकर भर्ती युवती से जानकारी करने का प्रयास किया। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की हालत ठीक है। पूरे मामले में बिंदुवार जांच की जा रही है।

# ट्रक खड़ा करने पर दो पक्षों में मारपीट

संवाददाता, शिवराजपुर

- पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप
- एक ही पक्ष के दो नाबालिगों को बनाया आरोपी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भटपुरा गांव में सोमवार देर रात गांव के बाहर चक रोड पर ट्रक खड़ा करने के को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। वहीं पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे पक्ष ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी तहरीर पर पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही बिना जांच के उनके परिवार के दो नाबालिगों को भी आरोपी बना दिया है। इसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।



क्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी कपिल पुत्र राजेंद्र ट्रक ड्राइवर है। सोमवार को ट्रक लेकर वह गांव आया। ट्रक खड़ा करने को लेकर गांव के ही अर्जुन और मोलू से उसका विवाद हो गया। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से परिवार के कई सदस्य मौके पर आ गए और मारपीट होने लगी और दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि भटपुरा गांव के कपिल और उसकी मां नारायणी को सोमवार देर रात गांव के रंजीत, आकाश, श्रीराम, बादल, सागर, अर्जुन, गोलू, रामजी, भारत सिंह, छोटू व मोलू ने डंडे से पीटकर घायल कर दिया था। कपिल की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं दूसरे पक्ष के श्री राम ने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों को भी चोटें आई हैं जिसको लेकर थाने में उन्होंने तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पुत्र बादल और परिवार के मोलू पुत्र स्व. राज बहादुर को भी बिना जांच के आरोपी बना दिया गया है जबकि वे दोनों नाबालिग हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

पत्रांक: 809/न0पा0परि0का0/2024–25 दिनांक:– 25/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद कायमगंज बोर्ड फण्ड/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न आपूर्ति कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए नगर पालिका परिषद कायमगंज समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से सील बन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 17.10.2024 तक समय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आगणन धनांक की 02 प्रतिशत जमानत, राशि एवं निविदा मूल्य हेतु नकद/आर.टी.जी.एस./एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा करना होगा। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप निहित होगा। सील बन्द निविदा डालने का दिनांक 07.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 17.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक है। निविदा खोलने का दिनांक 17.10.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे निश्चित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | मात्रा | दर/ रजिस्टर, फार्म | कुल अनुमानित लागत | 2% जमानत /धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोर्ड फण्ड/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत | ग्रहकर, जलकर, जलमूल्य डिमाण्ड रजिस्टर आपूर्ति का कार्य। | 200 नग | 1250/ रजिस्टर | 250000 | 5000 | 300 | 15 दिन |
| 2 | | ग्रहकर, जलकर, डिमाण्ड बिल बुक आपूर्ति का कार्य। | 200 नग | 180/ रजिस्टर | 36000 | 720 | 100 | 15 दिन |
| 3 | | जलमूल्य डिमाण्ड बिल बुक आपूर्ति का कार्य। | 200 नग | 180/ रजिस्टर | 36000 | 720 | 100 | 15 दिन |
| 4 | | स्वकर फार्म आपूर्ति का कार्य। | 10000 नग | 18/ फार्म | 180000 | 3600 | 200 | 15 दिन |
| 5 | | यूजर चार्ज फार्म आपूर्ति का कार्य। | 5000 नग | 19/ फार्म | 95000 | 1900 | 100 | 15 दिन |
| 6 | | मोटे फाइल कवर प्रटिंड आपूर्ति का कार्य। | 5000 नग | 35/ कवर | 175000 | 3500 | 200 | 15 दिन |
| 7 | | पतले फाइल कवर प्रटिंड आपूर्ति का कार्य। | 4000 नग | 15/ कवर | 60000 | 1200 | 100 | 15 दिन |
| 8 | | A4 पेपर रिम आपूर्ति का कार्य। | 100 नग | 300/ रिम | 30000 | 600 | 100 | 15 दिन |
| 9 | | फाइल पैड फोर फोल्डर आपूर्ति का कार्य। | 300 नग | 170/ फाइल पैड | 51000 | 1020 | 100 | 15 दिन |
| | | | | कुल योग | 913000 | 18260 | 1300 | |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद कायमगंज,
फर्रुखाबाद।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद कायमगंज,
फर्रुखाबाद।


मन मोहा — गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# नन्हे-मुन्नों ने किया दांडी यात्रा का मंचन

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** गांधी जयंती के अवसर पर मंगलवार को कस्बा स्थित वीवीआईपी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय चेयरमैन व शिक्षकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर चर्चा कर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। बच्चों ने बापू की दांडी यात्रा का मंचन कर खूब सराहना पाई।

गांधी जयंती से पूर्व मंगलवार को कस्बे के बेला मार्ग स्थित वीवीआईपी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में तमाम बच्चे बापू व कस्तूरबा का रूप धरकर पहुंचे। विद्यालय चेयरमैन डॉ पुरुषोत्तम बाजपेई ने बच्चों को बताया कि महात्मा गांधी ने सत्य व अहिंसा के पथ पर चलकर बिना कोई हथियार उठाये दो सैकड़ा से अधिक वर्षों से देश पर राज कर रही ब्रिटिश हुकूमत को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया था। उन्होंने सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा व भारत छोड़ो आंदोलन के माध्यम से अंग्रेजों हुकूमत की नींव कमजोर करने में महती भूमिका निभाई। बताया कि गांधी जी के त्याग, बलिदान और देश की आजादी में अहम योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपिता का दर्जा दिया गया। लोग उन्हें आदर से बापू कह कर भी बुलाते थे। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन ने बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की सीख बच्चों को दी। बच्चों द्वारा दांडी यात्रा का मंचन सराहनीय रहा। कार्यक्रम में विद्यालय सचिव आदित्य बाजपेई, प्रधानाचार्य अंकित बाजपेई, कैफ़ी आज़मी, जागृति, निधि, बीना, नेहा, सोमा, शिवा, सृष्टि, श्रद्धा आदि शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।



बच्चों को सफाई की सीख देते विद्यालय चेयरमैन डॉ पुरुषोत्तम बाजपेई।

- विद्यालय के चेयरमैन ने बच्चों को दी स्वच्छता की सीख, बापू के बारे में बताया

# जेल में हमले के दोषी को 8 साल का कारावास

## करीब बारह साल पहले जिला कारागार में हुआ था बवाल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



**अमृत विचार।** करीब बारह साल पहले जिला कारागार में बंदी रक्षकों पर एक बंदी की मारपीट कर हत्या का आरोप लगा बंदियों ने जमकर उत्पात किया था। जिसमें कई बंदी रक्षक घायल हो गए थे। इस मामले में एक आरोपी ने अदालत में अपना अपराध स्वीकार करने का प्रार्थनापत्र दिया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे 8 साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता केके सिंह ने बताया कि जिला कारागार के प्रधान बंदी रक्षक ब्रजनंदन लाल ने कोतवाली अकबरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 मार्च 2012 की सुबह वह और उसका साथी बंदी रक्षक अतर सिंह बंदियों को चाय-नाश्ता कराकर किशोर बैरक में पहुंचा था। तभी सर्किल गेट के अंदर से चिल्लाने व शोर शराबे की आवाज आने लगी और बंदियों द्वारा तोड़फोड़ की जाने लगी। कुछ ही देर में सभी बंदी एकजुट होकर जोर जोर से चिल्लाते हुए जेलवालों पर अपने साथी बंदी रामशरण भदौरिया को पीट पीट कर मार डालने का आरोप लगाते हुए जेल में तोड़फोड़ करने लगे। सरकारी कंबलों में आग लगा दी और बंदी रक्षकों को जान से मारने की नियत से ईंट पत्थर चलाने लगे और लाठी डंडों से हमला कर दिया और बंदी रक्षक अतर सिंह को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तीन बंदी रक्षक गोविंद सिंह,अरुण सिंह व शिवदयाल को बंधक बना लिया। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए जिला एटा निघौली क्षेत्र के गांव गुढा निवासी साबिर अली सहित अन्य बंदियों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा डालने व जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में आरोपपत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज प्रथम रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी।

मामले की सुनवाई दौरान आरोपी साबिर अली ने अपने अपराध को स्वीकार कर लेने का प्रार्थनापत्र अदालत में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे 8 साल के कारावास की सजा सुनाई है इसके साथ ही उस पर 15 सौ रुपए अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# गद्दा फैक्ट्री के निदेशकों की जमानत अर्जी हुई खारिज

- 21 सितंबर को आग लगने से छह श्रमिकों को हुई थी मौत,जब कि चार थे झुलसे

**कानपुर देहात।** औद्योगिक क्षेत्र रनियां स्थित फोम का गद्दा बनाने वाले फैक्ट्री में लगी आग से 6 श्रमिकों की मौत हो गई थी। मामले में अग्निशमन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने फैक्ट्री निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी दो निदेशकों को जेल भेज दिया था। आरोपियों की ओर से अदालत में दाखिल की गई जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला जज ने उसे खारिज कर दिया।

रनियां स्थित आरपी पॉलीप्लास्ट फैक्ट्री में 21 सितंबर को तड़के आग लगने से काम कर रहे 6 श्रमिकों की मौत हो गई थी। जबकि चार श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए थे। मामले में अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार ने फैक्ट्री के निदेशकों रीना अग्रवाल पत्नी अजय अग्रवाल व उनके पुत्रों शशांक गर्ग व शिशिर गर्ग निवासी तिलक नगर कानपुर नगर के खिलाफ अग्निशमन व्यवस्था पूर्ण हुए बिना फैक्ट्री चलाने व ज्वलनशील पदार्थ के काम में लापरवाही करने के साथ ही दूसरों के जीवन को संकट में डालने का आरोप लगा कर रनिया थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में आरोपित फैक्ट्री के निदेशकों शशांक व उसके भाई शिशिर गर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में निरुद्ध दोनों आरापियों की ओर से बचाव पक्ष की तरफ जमानत अर्जी जिला जज की अदालत में दाखिल की गई थी। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

# सड़क हादसे में घायल ग्राम प्रधान की इलाज के दौरान मौत, छाया शोक

संवाददाता राजपुर/संदलपुर

**अमृत विचार।** सिकंदरा अकबरपुर नेशनल हाईवे के मानपुर गांव के समीप सोमवार को देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से चमरौवा गांव के प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्रधान रामपाल सिंह।

जिनका उपचार कानपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया।

थाना मंगलपुर के गांव चमरौवा निवासी रामपाल सिंह (40) अपने परिजनों के साथ औरेया में रहकर दवा की दुकान चलाने के साथ अपने गांव के प्रधान थे। सोमवार को वह माती मुख्यालय से कार्य निपटाकर बाइक से नेशनल हाईवे से होते हुए घर वापस लौट रहे थे। जब वह थाना सिंकदरा के मानपुर गांव के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए रीजेंसी अस्पताल कानपुर में भर्ती कराया। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही उनके बड़े भाई सतेन्द्र सिंह, भतीजे अजय प्रताप सिंह, पत्नी सुनील देवी , पुत्र अमन व पुत्री स्वाति का रो=रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष सिंकदरा महेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



संदलपुर ब्लाक में शोक संवेदना जताते कर्मी व प्रधान । अमृत विचार

ब्लाक संदलपुर के गांव चमरौवा के प्रधान रामपाल सिंह की मृत्यु की सूचना पाते ही प्रधानों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को प्रधानों ने ब्लाक परिसर में शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मीनू तिवारी सहित प्रधान रमेश चन्द्र कुशवाहा, निधि कटियार, महेन्द्र मिश्रा, समउद्दीन, मोहिनी देवी, प्रदीप कटियार, जसवंत सिंह कुशवाहा, पंकज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, रिपोर्ट दर्ज

**शिवली।** शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट कोतवाली शिवली में दर्ज कराई गई है। कोतवाली शिवली के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया की हुलासीपुरवा का शिवम यादव छह माह से झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा है। शादी की बात करने पर वह टालमटोली कर रहा है। इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### साइकिल सवार को बचाने में युवक घायल

**पुखरायां।** मूसानगर के मुगल रोड पर साइकिल सवार को बचाने पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बाइक सवार को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। सुल्तानापुर गांव के रविन्द्र सिंह ने बताया कि गांव के रणधीर सिंह उर्फ संजय (34) बाइक से मूसानगर बाजार किसी कार्य के लिए गया था। मुगल रोड पर साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गिर जाने से घायल हो गया।

### बैरी सवाई तिराहे पर जागरण का आयोजन आज

**शिवली।** क्षेत्र के बैरी सवाई तिराहे पर मां भगवती के जागरण का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। आयोजन महाकालेश्वर सेवा समिति के तत्वाधान में हो रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जागरण में भजन संगीत लकी जागरण पार्टी द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे।

### बनीपारा जिनई गांव में गंदगी, एसडीएम से शिकायत

**रूरा।** बनीपारा जिनई गांव में फैली गंदगी से ग्रामीणों में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। जलभराव, गंदगी को लेकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी डेरापुर से शिकायत की है। जिसमें ग्रामीणों ने गंदगी जल्द साफ करवाए जाने की मांग की है। डेरापुर तहसील के बनीपारा जिनई गांव के ग्रामीण विकास, भूरा नागर अंकित पाल ने उप जिलाधिकारी डेरापुर से शिकायत की है कि उनके गांव में पंचायत सचिवालय के आसपास कुछ ग्रामीणों ने गोबर कूड़ा डालकर घूरे के ढेर लगा रखे हैं।

# जलजीवन के कार्यों में लापरवाही, नोडल अधिकारी गुस्साए

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिले के नोडल अधिकारी आयुक्त ग्राम्य विकास ने ब्लाक राजपुर के रमऊ में लगाई चौपाल

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के कार्यों पर जिले के नोडल अधिकारी आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने नाराजगी जताई। साथ ही कार्यदायी संस्था द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य समय पर पूरा न करने पर नहीं करने पर अर्थदंड लगाकर वसूली करने के निर्देश सीडीओ को दिए। जिले के नोडल अधिकारी आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ब्लाक राजपुर के रमऊ में मंगलवार को खुली बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के द्वारा ग्रामवासियों को मिले लाभ के संबंध में विभाग वार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने साथ ही टूटी सड़कों को ठीक कराने के निर्देश जल जीवन मिशन के अधिकारियों को दिए।



रमऊ में चौपाल के दौरान किसानों को मिनी किट का वितरण करते नोडल अधिकारी।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 200 शौचालयों व 16 अल्पसंख्यकों को नवीन पीएम आवास की प्रथम किस्त जारी होने की जानकारी दी। गांव के 10 समूहों की महिलाओं को उत्पादन प्रक्रिया से जोड़कर उनके आय बढ़ाने के निर्देश डीसीएनआरएलएम को दिए गए। चौपाल में सिंचाई, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेंशन, शिक्षा के संबंध में भी जानकारी लेकर नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए। गांव के लोगो ने बिजली विभाग की शिकायत कर कहा कि घरों में लगे मीटर अत्यधिक भार बताते है। जिससे बिजली का बिल अत्यधिक आता है जबकि घरो मे इतना लोड भी नही रहता है। खेतों के ऊपर से निकले हाईटेंशन तार जमीन को छू रहे है जिससे लोगो को जान का खतरा बना रहता है।

जिस पर एक्सईएन आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि मीटर अगर बिल ज्यादा आ रहे है तो जांच कर बिलों का संशोधन किया जाएगा। साथ खेतो से निकले तारो की भी मरम्म कराई जाएगी। बड़ी संख्या में महिलाओ ने गांव के समीप बने शराब ठेका हटाए जाने की आवाज बुलंद की। इस पर नोडल अधिकारी समस्या पर विचार का आश्वासन दिया। नोडल अधिकारी द्वारा कृषि विभाग के अंतर्गत तिलहनी फसलों की मिनी किट का वितरण भी किसानों को किया गया। निरीक्षण के दौरान काम सही मिलने पर प्रधान सैय्यद जमाल अहमद व पंचायत सचिव दीपक सिंह यादव को सराहा।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एके सिंह, उपनिदेशक कृषि रामबचन राम, जिला कृषि अधिकारी, राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश मिश्रा, बीडीओ हरगोविंद गुप्ता, संगठन के जिलाध्यक्ष बब्बन दीक्षित, डीपीआरओ विकास पटेल, डीसी मनरेगा गजेन्द्र कुमार, डीसीएनआरएलएम गंगाराम वर्मा, सिचाई विभाग से एसडीओ शोभित कुमार, समाज कल्याण विभाग से बजरंग सिंह, सहकारिता विभाग घनश्याम सिंह, सिलहरा प्रधान रामवली सिंह, कमाल खां, अशफाक अली, रूप कुमार, ताहिर अली, जुबैर अहमद, शाह आलम, मीर हमजा, महफूज अली, महिला मेट नाहिद,रोजगार सेवक प्रियंका कुमारी, पंचायत सहायक पुष्पा देवी, तकनीकी सहायक राहुल दीक्षित, सफाईकर्मी सरनाम सिंह, लालजी प्रजापति, अनवां प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, दीपक मिश्रा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



थाना रूरा में शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

### पीस कमेटी की बैठक में सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

**रूरा।** शारदीय नवरात्रि पर्व व विजया दशमी के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को थाना रूरा में आयोजित की गई। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बैठक में सभी लोगों से अपील की है कि शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। इस दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर डायल-112 व थाना पुलिस को सूचना दें। इस दौरान चौकी इंचार्ज राकेश सिंह, दरोगा यशपाल सिंह, अतेंद्र सिंह, दिलीप सिंह मुन्ना, सतेंद्र पाठक, रजोल शुक्ला, राजू भदौरिया, अंशुल बाजपेई, सिठमरा मस्जिद के हाफिज बशर अहमद मौजूद रहे



मुक्ता देवी मंदिर परिसर में जेसीबी से कराई गई साफ सफाई । अमृत विचार

### मूसानगर के मंदिरों में नवरात्रि को लेकर तैयारियां तेज

**मूसानगर।** शारदीय नवरात्र के चलते कस्बे के सभी देवी मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में श्रीमाता मुक्तेश्वरी प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर में साफ सफाई, माता का श्रृंगार, प्रसाद वितरण व मन्दिर की रंगाई पुताई व वाहनों के पार्किंग की उचित व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुक्ता देवी मंदिर परिसर में नगर पंचायत ईओ संजय कुमार पटेल ने मौके पर रहकर व्यवस्थाओं को देखा और जेसीबी मशीन लगा कर पार्किंग स्थल की साफ-सफाई कराई। दूसरी तरफ पौराणिक देवयानी सरोवर छोटी गया तट पर स्थित काली देवी मंदिर में भव्य सजावट व माता के श्रृंगार को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं मुख्य बाजार में नवयुवक जागरण कमेटी द्वारा मां शेरावाली की प्रतिमा प्रथम दिन से स्थापित की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन भजन-कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा।



संचारी रोग नियंत्रण अभियान हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा अभियान किया शुरू

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह ने मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने इस मौके पर कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए गमलों, क्यारियों की नियमित सफाई करें। पुराने टायर, कबाड़ में पानी का जमाव न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। साथ ही पानी की टंकी को ढक कर रखें।और नालियों की सफाई के साथ हैंडपंप के पास पानी जमने ना दें। कूलर फ्रिज की ट्रे की साप्ताहिक सफाई भी करें। उन्होंने कहा की इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से नालियों के साफ सफाई, एंटी लार्वा फागिंग व अन्य संबंधित गतिविधियां तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराई जाएगी।साथ ही अभियान के दौरान आशा, आंगनवाड़ी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी करेंगी। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य चलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर आईएच खान उपस्थित रहे।

### बाइक सवार ने साइकिल में मारी टक्कर, बाबा-नाती घायल

**मूसानगर।** कस्बे के मुगल रोड स्थित पहलवान शाह बाबा मजार के पास बाइक सवार ने साइकिल से जा रहे दादा-नाती को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाबा-नाती घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक भिटरिया गांव निवासी रामआसरे अपने 7 वर्षीय नाती अनुज गौतम को मूसानगर विद्यालय से साइकिल में बैठा कर गांव भिटरिया जा रहा था। जैसे ही पहलवान शाह बाबा मजार के पास पहुंचा कि पीछे से पल्सर बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर लगने से बाइक सड़क पर गिर गयी। जिससे चालक संजय निवासी सुल्तनापुर भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी शिवनारायन सिंह ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से पुखरायां सीएससी भिजवाया ।

# स्कूल में जलभराव, पढ़ाई बाधित

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** मैथा तहसील के प्राथमिक विद्यालय मलिकपुर के परिसर में 4 दिन से पानी भरा हुआ है। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी बाधित है। स्कूल पहुंचने वाले छोटे बच्चों को प्रधानाध्यापक गोद में उठाकर अंदर ले जाते हैं। प्रधानाध्यापक ने उच्चाधिकारियों को जलभराव से परेशानी की सूचना दी है। फिलहाल पानी निकालने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

प्राथमिक विद्यालय मलिकपुर में गत दिनों पहले हुई बारिश का पानी निकासी न होने की वजह से भरा हुआ है। प्रधानाध्यापक संजय त्रिपाठी ने बताया कि चार दिन पहले हुई बारिश से स्कूल में जलभराव हो गया था। स्कूल के कमरों में भी पानी भरा है। यहां पर 57 बच्चे पढ़ाई लिए नामांकित है। हालांकि जलभराव के चलते कम ही बच्चे स्कूल आ रहे है। साथ ही स्कूल में रखी पठन-पाठन सामग्री भी पानी में खराब हो रही है। इस बाबत विभागीय व अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई है।



स्कूल के कमरे में भरा पानी। अमृत विचार

**नीचे पानी ऊपर हाइटेंशन लाइन**

- मलिकपुर प्राथमिक विद्यालय के परिसर में इस समय भीषण जल भराव है साथ ही स्कूल के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से भी खतरा मंडरा रहा है। हाईटेंशन लाइन पेड़ों को छू रही है।

"प्राथमिक विद्यालय मलिकपुर में जल भराव की जानकारी मिली है। एडीयो पंचायत को इस बारे में अवगत कराया गया है। जल्द समस्या दूर की जाएगी। -सपना सिंह, बीईओ मैथा"

# शिक्षकों को छुट्टी के लिए नहीं देना होगा शपथपत्र

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के चिकित्सा प्रमाण पत्र होंगे मान्य

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों को अब सभी प्रकार के अवकाश प्रकरणों में स्टांप पेपर पर शपथ पत्र देने की जरूरत नहीं होगी। अभी तक शिक्षकों को खासतौर पर बाल्य देखभाल अवकाश के लिए स्टांप पेपर पर शपथ पत्र देना पड़ता था। शासन ने अब सभी प्रकार के अवकाश के लिए स्टांप पेपर पर शपथ पत्र देने की व्यवस्था समाप्त कर दी है। इसके साथ ही परिषदीय शिक्षक और कर्मचारी अब किसी भी पंजीकृत चिकित्सक से चिकित्सा प्रमाणपत्र बनवा सकेंगे। अभी तक शिक्षकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल के चिकित्सकों से चिकित्सा प्रमाणपत्र बनवाना पड़ता था। इसके अलावा सिर्फ एमबीबीएस डिग्रीधारियों का ही चिकित्सकीय प्रमाण पत्र स्वीकृत किया जा रहा था।

बेसिक शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने इस बाबत सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए है। साथ ही विभाग ने शासनादेश भी जारी कर दिया है। अभी तक परिषदीय शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों के लिए बाल्य देखभाल अवकाश की स्वीकृति के लिए एक बार में अधिकतम दिनों की संख्या निर्धारित नहीं थी। शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में सामान्यतः अधिकतम 30 दिनों के लिए दिया जाएगा।

# बेसिक स्कूल के बच्चे फुल पैंट-शर्ट पहन कर आएंगे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए बेसिक शिक्षा निदेशक ने जारी किए दिशा निर्देश

**अमृत विचार।** प्रदेश में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप के बीच बेसिक शिक्षा निदेशक द्वारा प्रदेश के सभी जिलों को बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी छात्रों के लिए पूरी बांह की शर्ट और फुल पैंट पहनकर स्कूल आने का आदेश दिया गया है। यह कदम बच्चों को मच्छरों से फैलने वाली इन खतरनाक बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।



शिक्षा निदेशक के अनुसार डेंगू और मलेरिया के रोकथाम के लिए समस्त अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है। शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि स्कूल परिसर में नियमित सफाई की निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि विद्यालय के आसपास जलभराव न हो। जिससे मच्छरों के पनपने की संभावना न रहे। साथ ही विद्यालयों में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद, क्विज प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों के जरिए छात्रों और अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए है। बच्चों को इस अभियान में अभिभावकों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु असाइनमेंट्स दिए जा रहे हैं। विद्यालय में अधिक संख्या में छात्रों को बुखार की शिकायत होने पर तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर मेडिकल टीम बुलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

गांधी जयंती पर विशेष | शिवली का स्वराज आश्रम खादी भंडार आठ वर्षो से बंद

# खादी के कपड़े खरीदने कानपुर तक की दौड़

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ कहे जाने वाले शिवली कस्बे व आसपास गांवों के लोगों को खादी के कपड़े लेने के लिए 40 किलोमीटर दूर कानपुर जाना पड़ रहा है। कस्बे का खादी स्वराज्य आश्रम खादी भंडार का कार्यालय 8 वर्ष पूर्व बंद कर दिया गया। इसके बाद से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में यहां के सेनानियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। आजादी के बाद भी खादी को बढ़ावा देने के लिए खादी स्वराज्य आश्रम खोला गया। जिसमें खादी के कपड़ों के साथ तमाम देशी उत्पाद भी लोगों को मिल जाते थे।

चार दशक पहले कस्बा में तारा चन्द्र इंटर कॉलेज में खुला स्वराज आश्रम खादी भंडार करीब 8 वर्षो से बंद पड़ा है। जिससे खादी के कपड़े लेने के लिए ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पहले कस्बा शिवली के व तहसील मैथा के 122 गांवों के लोगों को पहले यहीं से खादी के कपड़े मिल जाते थे। अब खादी के कपड़े लेने के लिए कानपुर की राह पकड़नी पड़ती है। तब से ग्रामीण खादी आश्रम को खुलवाने की मांग कर रहे हैं। इस बाबत स्वराज आश्रम खादी भंडार के एक कर्मी ने बताया कि इस संबंध में उनके पास कोई जानकारी नही है।





शिवली में बंद पड़ा स्वराज आश्रम खादी भंडार। अमृत विचार

आजादी के आंदोलन में शिवली के अंगल लाल मिश्र, राम रतन पांडेय, यज्ञदत्त शास्त्री, छन्नू लाल बाजपेई, राजेन्द्र प्रसाद अवस्थी, बब्बू प्रसाद मिश्र, लालपुर शिवराजपुर के हाकिम सिंह, जुगराजपुर बिठूर की नारायणी त्रिपाठी, औनहा जगदीश मिश्रा आदि प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी हुए है।



स्वराज आश्रम में खादी के कपड़े मिल जाते थे। अब कानपुर तक दौड़ लगानी पड़ रही है।

-रमाकांत अग्निहोत्री,व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवली



खादी पर सरकार जोर दे रही है। शिवली के बंद केंद्र को खोला नही जा रहा है

-डॉ रामशरण तिवारी शिवली



खादी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। युवा पीढ़ी भी रूमाल खादी का लेना चाहती है

-सोनू तिवारी,औनहा

# कानूनगो का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, निलंबित

## वायरल वीडियो का संज्ञान लेने के बाद की गई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



आरोपी कानूनगो।

- वरासत कराने के नाम पर रुपये लेने का लगा आरोप
- सहायक अभिलेख अधिकारी ने जांच के आदेश दिए

**अमृत विचार।** मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक कानून-गो को मृतक की वरासत कराने के लिए रुपये लेते हुए दिखाया गया है। वीडियो वायरल होने पर सहायक अभिलेख अधिकारी ने इसे संज्ञान में लिया और आरोपी कानून-गो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मामले की जांच करने के निर्देश दिये हैं।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर 19 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें सफीपुर तहसील के सामने कटरी और मझरा पीपरखेड़ा में सर्वे कानून-गो कुछ कागज लेकर एक दुकान में जाते दिख रहे हैं। इस दौरान वीडियो में कानूनगो कहते हैं कि जल्दी बताओ क्या है? इनका 832 वाला काम है देख लो। इसके बाद एक युवक कानून-गो को रुपये देते दिख रहा है। इस दौरान कानून-गो पूछते हैं कि कितना है, जिस पर दुकान में मौजूद युवक कहता है कि अरे धर लो, अभी बोहनी करा रहे हैं आगे और देखेंगे।

वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि कानून-गो मृतक के परिजनों से वरासत की प्रक्रिया में मदद करने के लिए पैसे ले रहे हैं। हालांकि, ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की 'अमृत विचार' पुष्टि नहीं करता है। वहीं प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते आरोपी कानून-गो को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि वीडियो सही साबित होता है तो संबंधित कानून-गो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बिटिया को चाकू दिखाकर नकदी, जेवर ले गया चोर

संवाददाता, बांगरमऊ

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद में बीते सोमवार गृहस्वामी की गैर मौजूदगी में गांव का एक युवक घर में घुस आया और कोठरी में रखी संदूक से नगदी व जेवर चुरा ले गया। चोर अचानक घर पहुंची बेटी को चाकू दिखाकर भयभीत करने के बाद चांदी की पायल चोरी कर भाग निकला।

मुस्तफाबाद निवासी मनोज पुत्र मंशाराम ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि बीते सोमवार वह बच्चों के साथ खेत गया था। तभी शाम को गांव निवासी युवक ने उसके घर में रखे संदूक से 33 हजार नगद व चांदी की पायलें निकाल लीं। इसी दौरान उसकी बेटी स्वाती खेत से घर पहुंच गई। बेटी को देख चोर ने उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। तब तक गृहस्वामी भी पहुंच गया। उसे देखते ही चोर पायल लेकर भाग निकला। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### पड़ोसियों पर जेवर चोरी करने का आरोप

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के गांव हिंदू खेड़ा निवासी अमर बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर का निर्माण चल रहा है। सोमवार रात साढ़े 9 बजे बेटी सोनी व बेटा रुद्र घर में सो रहे थे। तभी सोनी उठी तो देखा कि अलमारी का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखा सोने का हार, चेन व अंगूठी गायब था। इसके बाद बेटी ने पड़ोस के तीन लोगों को भागते हुए देखा। बताया कि वे लोग करीब चार लाख के जेवर ले गए हैं। एसओ दही संजीव कुशवाहा ने बताया कि चोरी की घटना नहीं है। आपसी रंजिश का मामला है। जांच की जा रही है।

# तालाब में मिला महिला का शव

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव दरसवां निवासी रामलखन की पत्नी शालिनी बीती सोमवार रात किसी बात से नाराज होकर घर से कहीं चली गई। परिजन ने काफी खोज की लेकिन, कुछ पता नहीं चल सका।

मंगलवार सुबह गांव के बाहर तालाब में शालिनी का शव उतराता मिला। पति रामलखन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी पर पहुंचे मृतका के पिता अंबिका प्रसाद ने पुलिस को शालिनी की हत्या किए जाने की तहरीर दी है। वहीं पति रामलखन ने बताया कि शालिनी कुछ दिनों से मानसिक परेशान रहती थी। इसी के चलते यह कदम उठा लिया। शालिनी की मौत से पति रामलखन व बेटी वर्तिका रो-रोकर बेहाल रहे। एसओ विमलकांत गोयल ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# पौष्टिक चारे का इंतजाम करें: डीएम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की मौजूदगी में पशुओं के पौष्टिक चारे के लिए मनरेगा योजना द्वारा एजोला उत्पादन व नेपियर उत्पादन व पशुओं की सुरक्षा के लिए गौशाला में बायोफेन्सिंग की व्यवस्था को लेकर बैठक की।

बैठक में उपायुक्त मुनेष चन्द्र द्वारा एजोला व नेपियर घास के पौष्टिक तत्वों के बारे में बताया गया कि इस घास में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। तथा एजोला को कम लागत में क्रियान्वित किया जा सकता है। यह घास बारहमासी होती है। नेपियर घास पशुओं के लिये अत्यन्त लाभदायक है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इन घासों को कैसे उगाएं और प्रयोग में लाएं, के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही गौशाला में बबूल, नागफनी, करौंदा, बांस की बायोफेन्सिंग कर पशुओं की सुरक्षा के बारे में भी बताया गया।



बैठक में मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने एजोला व नेपियर घास को समय पर लगाने और बॉयोफेन्सिंग को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि एजोला एवं नेपियर घास सभी जगहों पर सही तरह से उत्पादित की जाए। इसके लिए मानक अपनाए जाएं। साथ ही फसल चक्र के मुताबिक उगाया जाए, जिससे वर्ष भर जानवरों को हरा चारा मिलता रहे। कहा कि गौशालाओं में कम खर्चे में पशुओं की सुरक्षा हेतु बायोफेंसिंग कराना अधिक प्रभावी होगा। इसके साथ ही उन्होने कहा कि दो अक्टूबर को ग्राम प्रधानों के साथ खुली बैठक कर उपरोक्त कार्यों पर चर्चा कर इन्हे क्रियान्वित किया जाए। वही सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा की एजोला और नेपियर घास पशुओं के स्वास्थ के लिये अत्यन्त उपयोगी है। साथ ही ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों को रोजगार तथा अमृत सरोवर एवं खेल मैदान आदि का निर्माण कराने के निर्देश दिये। इस बैठक में डा. आनन्द सिंह, वैज्ञानिक पशु विज्ञान सीतापुर, डा. महावीर सिंह सीबीओं, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी व बीडीओ सहित 32 ग्राम प्रधान, 32 तकनीकी सहायक तथा ग्राम सचिव आदि मौजूद रहे।

# महापुरुषों की जयंती पर हुई भाषण प्रतियोगिता

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर के श्रीप्रकाश ज्वालादेवी गर्ल्स इंटर कालेज में वन विभाग ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वच्छता और वन्य जीवों की उपयोगिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्राओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता का शुभारंभ वन अधिकारी राजवीर सेंगर और स्कूल प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या नेहा मिश्रा, केपी वर्मा, नीलू यादव और अनुजा यादव समेत वन विभाग के कई सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में मानसी कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुहानी ने द्वितीय और पूर्वी ने तीसरा स्थान हासिल किया। नन्ही को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतिभागियों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। छात्राओं के बीच स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भूमिका निभाई।



प्रतियोगिता के बाद छात्रा को सम्मानित करते वन कर्मी। अमृत विचार

# बीएसएनएल के ठेकेदार ने भरवाए सड़क के गड्ढे

**अमृत विचार प्रभाव**

संवाददाता, औरास (उन्नाव)

**अमृत विचार।** क़स्बा औरास के विभिन्न स्थानों पर बीएसएनएल के ठेकेदार द्वारा केबल का तार जुड़वाने के लिए गड्ढे खोदे गए थे। जिन्हें अपना काम होने के बाद उन गड्ढों को वैसे ही खुला छोड़ दिया गया था। जिससे राहगीर, बच्चे व जानवर उनमें गिरकर घायल हो रहे थे।

इस समस्या को देखते हुए अमृत विचार ने इससे संबंधित एक खबर मंगलवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की। बीएसएनएल के उच्चाधिकारियों ने खबर का संज्ञान लेकर ठेकेदार को खुले पड़े गड्ढे भरवाने के निर्देश दिये। इसके बाद ठेकेदार द्वारा गड्ढे भरने का शुरू किया। हालांकि, स्थानीय लोगों द्वारा ठेकेदार द्वारा गड्ढों को सही न भरने और सिर्फ खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है।



गड्ढे भरता ठेकेदार का मजदूर।

# रिसर्च टीम ने देखा अस्पतालों का हाल

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार।** भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिसर्च प्रोजेक्ट संकल्प के तहत नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करने के लिए पूरे देश में 10 जिलों का चयन किया है। इसमें उन्नाव जिला भी शामिल है। आईसीएमआर की टीम ने मंगलवार को नवाबगंज सीएचसी व उपकेंद्र का निरीक्षण किया।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की टीम स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी एकत्र कर शिशु एवं मातृ मृत्यु दर कम करने के बारे में अध्ययन करेगी। मंगलवार को डॉ. एमलिन के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम ने नवाबगंज सीएचसी, सरांय जोगा उपकेंद्र का निरीक्षण किया। टीम ने डॉ. रिचा श्रीवास्तव से गर्भवती महिला मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उच्च जोखिम वाली गर्भवती मरीजों की जांच, उपचार व रेकार्ड देखे।

टीम ने लेबर रूम, ओटी, एनबीएसयू का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। टीम ने मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं, उपकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, अभिलेख आदि का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अखिलेश विक्रम, डॉ. शैलेन्द्र अस्थाना, बीपीएम मलखान सिंह आदि मौजूद रहे। डॉ. एमलिन ने बताया रिसर्च प्रोजेक्ट संकल्प के माध्यम से नवजात शिशु मृत्यु दर को 10 के नीचे लाने के लिए प्रयत्नशील हैं।



अस्पताल का निरीक्षण करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

**तैयारियां तेज** शारदीय नवरात्र कल से, शहर के देवी मंदिरों में सफाई के साथ सजावट का काम शुरू

# मां भगवती की आराधना के लिए सजने लगे दरबार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के स्वागत में मंदिरों से लेकर घरों में भक्त देरशाम तक साफ-सफाई और तैयारियों में जुट गये हैं। वही पुजारी देवी मां का श्रंगार और मंदिरों की साज-सज्जा करवा रहे हैं। उपवास और पूजन सामग्री की खरीदारी करने के लिए बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है और मंदिरों के बाहर व बाजारों में पूजन सामग्री चुनरी, फल, कलश व नारियल आदि की दुकानें सजने लगी हैं।

गुरुवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। शहर के बड़े दुर्गा मंदिर, पौराणिक कल्याणी मंदिर, आवास विकास स्थित दुर्गा मंदिर, कालेज रोड स्थित गायत्री मंदिर, बाईपास स्थित अन्नपूर्णा धाम सहित अन्य मंदिरों में माता के पूजन को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर में है। पुजारियों व अन्य भक्तों ने मिलकर साफ-सफाई के साथ ही धुलाई व मूर्ति को चमकाने का सिलसिला तेजी से चलता रहा। यूं तो इन मंदिरों पर प्रतिदिन भक्तों का आना-जाना बना लगा रहता है। लेकिन नवरात्र के दिनों में भक्त माँ के दर्शन के लिए अधिक संख्या में मंदिर पहुचते हैं। नवरात्र को लेकर लोग उत्सुक हैं। कही-कही पर माता रानी के मंदिरों का रंगरोगन भी किया जा रहा। घरों में भक्त कलश स्थापना कर माता का पूजन करते हैं। वही बाजारों में व्रत व पूजन पाठ का सामन भी खूब खरीदना शुरू कर दिए है।



शहर के बड़ा चौराहा स्थित दुकान से मूर्तियां खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

### खरीदारी को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

- बाजारों में खरीदारों की खूब भीड़ रही। आलम यह रहा कि सडक़ों पर पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही थी। नारियल से लेकर गरी और कलश तक की बिक्री होती रही। इसके अलावा व्रत रखने वालों ने फलाहारी सामान सिंघाड़े का आटा, कुद्ध का आटा, आलू की बनी चीजें, साबूदाना, सूखे मेवे, मूंगफली दाना, सेंधा नमक आदि की खरीदारी करते नजर आये।

### सुबह 6:15 बजे से 7:22 बजे तक रहेगा शुभ मुहूर्त

- आचार्य चंद्र प्रकाश पांडेय शास्त्री ने बताया कि शारदीय नवरात्र व्रत भक्तों के लिए बहुत फलदायी है। देवी भागवत पुराण के अनुसार गुरुवार व शुक्रवार को आगमन पर मां पालकी पर आती हैं। शारदीय नवरात्र 3 से 11 अक्टूबर तक है। वहीं तीन अक्टूबर को सुबह 6 :15 बजे से 7 :22 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। इसकी कुल अवधि 1 घंटा 6 मिनट रहेगी। इसके अलावा घट स्थापना को अभिजीत मुहूर्त 11 :46 बजे से दोपहर 12 :33 बजे तक रहेगा।

### घर में कैसे करें कलश स्थापना

- कलश स्थापना के लिए सुबह स्नान कर पूजा स्थल शुद्ध कर लें। फिर लकड़ी के आसन पर लाल रंग का वस्त्र बिछाएं, वस्त्र पर श्रीगणेश का स्मरण करते हुए चावल रखें। मिट्टी की वेदी बनाकर उस पर जौं बो दें, फिर इस पर जल से भरा मिट्टी, सोने या तांबे का कलश विधिवत मंत्रोच्चार करते हुए स्थापित करें। पूजा के समय यदि आप को कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो दुर्गा सप्तशती का नवार्ण मंत्र 'ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडाये विच्चे' से पूजा क़र सकते हैं।

### मंदिरों में रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

- **उन्नाव।** नवरात्र पर्व पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को आते हैं। ऐसे में असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से महिला पुलिस को भी सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। बक्सर स्थित शक्तिपीठ चंद्रिका माता मंदिर में रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दर्शन से पूर्व वह गंगातट पर स्नान भी करते हैं। जलस्तर बढ़ा होने से पुलिस की टीम व गोताखोर भी मौजूद रहेंगे। इसी तरह नवाबगंज के कुशहरी माता मंदिर में भी भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। यहां भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एसपी दीपक भूकर इसके लिए पहले ही सभी सर्किल सीओ व थानेदारों को निर्देश दे चुके हैं।




नवरात्र दुर्गा मंदिर में साफ-सफाई करते सेवक। अमृत विचार

# दुर्गा मंदिर में शुरू हुईं तैयारियां

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** नवरात्र को देखते हुये मंगलवार को राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में विशेष साफ सफाई की। इसके साथ ही माता का भव्य श्रंगार भी शुरू हो गया। वहीं मंदिर के चारों ओर झालर, लाइटें लगाई जा रही है। जिससे नवरात्र पर मंदिर जगमग होंगे।



आदित्य सिंह।

शारदीय नवरात्र को देखते हुये देवी मंदिरों में तैयारियों के लिए कई दिनों से रंगाई पुताई चल रही है। मंगलवार को राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में विशेष साफ सफाई की गई। जहां मंदिर प्रांगण से लेकर गुरु प्रतिमा स्थल तक मंदिर के कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई की। इसके साथ ही मंदिरों की गुंबद में झालर और लाइटें लगाई जा रही है। जो रात के समय जगमग होंगी। मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि गुरुवार को प्रथम नवरात्र है। इस दिन कलश स्थापना एंव ध्वजा रोहण होगा। पांच अक्तूबर को राम चरित मानस पाठ होगा। अगले दिन श्रीराम राज्याभिषेक होगा। जिसके बाद महाअष्टमी के दिन पूर्णाहुति और नवमी के दिन विशाल कन्याभोज कराया जाएगा।

## एक नजर

### वृद्ध का हत्यारोपी गिरफ्तार पूछताछ के बाद गया जेल

**औरास।** कस्बा औरास अंतर्गत गौतम बुद्ध नगर निवासी राजेश उर्फ ऊदन का ससुर महेश पुत्र उजियारी लाल निवासी भवानीपुर रसूलाबाद कानपुर देहात अपनी बेटी के घर आया था। जिसमें तहसील बांगरमऊ क्षेत्र के नौबतपुर गांव निवासी विजय शंकर बाल्मीकि पुत्र मूलचंद से महेश का झगड़ा हो गया। झगड़े में विजय शंकर ने उसके सिर पर फावड़ा से हमला क़र घायल कर दिया था। जिसमें उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बेटी ने पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसके एक करीबी को उठाकर पूछताछ की थी। एसओ अश्वनी मिश्र ने मुखबिर की सूचना पर हत्या के मुख्य आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### विकास भवन में लगा मेगा मेडिकल कैंप

**उन्नाव।** विकास भवन परिसर में बैंक आफ इंडिया, स्टार हेल्थ इंश्योरेंश व आशा हेल्थ केयर फाउन्डेशन के सौजन्य से मेगा मेडिकल कैंप आयोजित हुआ। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने कैंप का फीता काटकर शुभारम्भ किया। कैंप के डायरेक्टर अली इमाम जाफरी की देखरेख में फिजीशियन डा. एसजे खान, सचिन पांडेय, मोना पुरी, माही, खुशबू, शिवानी आदि द्वारा लगभग एक सैकड़ा से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों की शुगर, बीपी, बीएमआई, आंख व हीमोग्लोबिन आदि की जांच की। साथ ही लोगों को नि :शुल्क परामर्श व दवाएं भी वितरित कीं। इस दौरान सीडीओ ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में लोगों को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक (बैंक आफ इंडिया), स्टार हेल्थ इंश्योरेंश व आशा हेल्थ केयर फाउन्डेशन द्वारा इस पहल की प्रशंसा की। इस दौरान एलडीएम सुनील वर्मा, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, बैंक आफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद,

### गोवंशों की दुर्दशा का वीडियो वायरल, लोगों में गुस्सा

**गंजमुरादाबाद।** ब्लाक की ग्राम पंचायत रसूलपुर रूरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर मंगलवार को तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें एक पक्षी उस गोवंश को नोचकर खा रहे है। जबकि एक अन्य गोवंश बेहद कमजोर स्थिति में जमीन पर पड़ा अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। साथ ही कई गोवंश सूखा भूसा खाते दिखाई दे रहे है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। किंतु पशु आश्रय स्थल पर चार मरणासन्न हालत में दिखाई दे रहे गोवंश को लेकर आम लोगों में इस दुर्व्यवस्था के विरुद्ध आक्रोश पनप रहा है।

### घायल मजदूर का इलाज नहीं कराने पर हंगामा

**बिछिया।** दही क्षेत्र के शहजादपुर के सुनील (35) पुत्र रामशंकर पाल क्षेत्र की एक फैक्ट्री की गारमेंट यूनिट में काम करता है। 24 सितम्बर की सुबह 8 बजे घर से काम के लिए निकला था। शाम को फैक्ट्री में काम अधिक होने के चलते वह फैक्ट्री की तरफ से ओवर टाइम करने के लिए कहा गया। इसके बाद वह रात आठ बजे फैक्ट्री से निकला था। इसके बाद लखनऊ-कानपुर हाईवे पर मुर्तजानगर के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए थे। तब से वहीं पर उसका इलाज चल रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इलाज में मदद ने करने से नाराज परिजनों ने मंगलवार को फैक्ट्री गेट पर जमकर हंगामा किया। करीब दो घंटे तक चले हंगामा के बाद परिजनों ने पुलिस से इलाज के लिए पैसे दिलाने की बात कही है।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय अविष्कार अभियान क्विज में नैना अव्वल

**बांगरमऊ।** जगतापुर के कानपुर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय परशुरामपुर की छात्रा नैना राठौर ने प्रथम स्थान पाया। प्रथम चरण की परीक्षा में 135 बच्चों में से 110 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें 110 में 25 बच्चे उत्तीर्ण हुए। दूसरे चरण चरण की परीक्षा में 25 छात्र-छात्राओं में टॉप फाइव का चयन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय परशुरामपुर की नैना राठौर रहीं। द्वितीय स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरसठ के पंकज व तीसरा स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय परशुरामपुर की प्रीती ने पाया। चौथे स्थान पर भगवंतपुर गोटपाली के सूर्यांश व पांचवे स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय धन्ना पुरवा सकरौली की पारुल घोषित की गई। बीईओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि टॉप फाइव बच्चों के विद्यालयों को पुरस्कार के रूप में तीन हजार की धनराशि एसएमसी खाते में भेजी जाएगी। खंड शिक्षाधिकारी व उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को संयुक्त रूप से मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में एआरपी रमेश चंद्र, छत्रपाल, अखिलेश कनौजिया, अमित पटेल व शिक्षक रजनीश कटियार, सुधीर यादव, अखिलेश कुमार, कौशलेंद्र पाल, संदीप यादव, ग्रामीण कुमार, सतीश कुमार, अखिलेश सिंह, शशिकांत यादव, दीपक वर्मा, संजय कुमार, अमित कुमार, देवेंद्र प्रताप सिंह व विनीता रानी सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी खेमराज यादव, आशाराम, मनीष कुमार, अजय सिंह, श्लोक बाजपेई, धीरज व अल्काफ़ आदि मौजूद रहे।



नैना राठौर को प्रशस्ति पत्र देते बीईओ।

### दरोगा अनूप मिश्र और शिक्षक प्रदीप सम्मानित

**उन्नाव।** जिले में पर्यावरण संरक्षण अभियान में जोश भरने वाले दरोगा अनूप मिश्र व शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित एक होटल में मैम ग्रुप फॉउंडेशन द्वारा आयोजित 'मैम फेस्ट' में फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी ने यूपी एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मशहूर फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी ने पर्यावरण, शिक्षा व कला के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाज सेवियों सहित विभिन्न प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में सम्मानित की गई मिस यूपी फलक नाज और मिस हिमांशी द्विवेदी भी ग्रीन एंड क्लीन मुहिम से जुड़ीं। अनूप मिश्र अपूर्व व प्रदीप वर्मा ने सभी उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए 'प्रत्येक व्यक्ति का हो अपना एक पौधा' का संदेश दिया। कार्यक्रम में फिल्मी कलाकारों व मॉडल्स सहित अन्य हस्तियां मौजूद रहीं।

### रैली निकालकर किया गया जागरूक

**फतेहपुर चौरासी।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को सीएचसी से रैली निकाली गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ विकासखंड के कई कर्मचारी मौजूद रहे। एसीएमओ डाक्टर जेआर सिंह की अगुवाई में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को शहीद गुलाब सिंह लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कंपोजित विद्यालय के छात्र छात्राओं संग स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को भगाना है जैसे नारों संग रैली निकाली गई। सीएचसी अधीक्षक संजीव कटियार, डा. मनोज, विद्यालय प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमारी, सुदीप, विजय, अलका, राहुल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### आज शाम आयोजित होगा गांधी जयंती समारोह

**बांगरमऊ।** आगामी बुधवार शाम 6 बजे नगर के श्याम कला रिसॉर्ट में श्री दोसर वैश्य सेवा समिति के तत्वावधान में गांधी जयंती समारोह व श्री दोसर वैश्य सम्मेलन आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता रिशू ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता, अति विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार, नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता, मुख्य वक्ता विनोद गुप्ता व कार्यक्रम अध्यक्ष के तौर पर भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता रहेंगे। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं, निराश्रित महिलाओं, गोद लिए बच्चों, वैश्य रत्न व उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**उन्नाव।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई डीएसएन कॉलेज की टीम ने गलगलहा में ग्राम प्रधान प्रमोद शर्मा के साथ बैठक की। पंचायत भवन के पास साफ-सफाई भी की। स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता की जरूरत का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना त्रिवेदी, प्रधान प्रमोद कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री रमा तिवारी आदि मौजूद रहे। वहीं विकासखंड बीघापुर के नेहरू युवा मंडल टेढ़ा ने माय भारत पोर्टल के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष ने मरीजों को बांटे फल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में अध्यक्ष अमित मिश्रा, महामंत्री विशाल गुप्ता, उपाध्यक्ष अंबर राजपूत व मंत्री मनीष गुप्ता ने मरीजों को फल वितरण किये। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल चाल लेते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रभु से कामना की।



मरीजों को फल बांटते अमित मिश्रा।

### आप के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर चौरासी।** कस्बे के एक विद्यालय में पिछले सप्ताह विद्युत कर्मियों के दुर्व्यवहार को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि विद्युत विभाग के जेई दिलीप कुमार के नेतृत्व में पिछले शुक्रवार को विद्युत कर्मियों ने अयोध्या प्रसाद महाविद्यालय में घुसकर चेकिंग के नाम पर अभद्रता कर सुविधा शुल्क मांगा। सुविधा शुल्क न मिलने पर विद्यालय प्रबंधन पर चोरी, मारपीट व सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अकमल जुनैद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह में न्याय दिलाने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र बाजपेई ने कहा कि जेई के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। इस दौरान विधानसभा इकाई अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने महाविद्यालय परिसर में की गई कार्रवाई की घोर निन्दा की है।

## एक नजर

### शुक्लागंज में चलती वैन में शार्टसर्किट से लगी आग

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** मंगलवार को दोपहर में एक युवक वैन में पेट्रोल डलवाकर फोरलेन से शुक्लागंज की ओर लौट रहा था, तभी कंचन नगर मोड़ के पास डीएसएम पब्लिक स्कूल के पास वैन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगते ही आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। युवक ने गोपीनाथपुरम स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाया था। कंचन नगर मोड़ के पास अचानक वैन से धुंआ निकलने लगा, जिसे देख चालक ने वैन को तुरंत रोका। वह जल्दी से पेट्रोल पंप पर लौट आया और वहां मौजूद कर्मियों को आग लगने की सूचना दी। पेट्रोल पंप कर्मियों ने तत्परता से सीज फायर उपकरण लेकर वैन तक पहुंचे और आग बुझाने में सफल रहे। उनके प्रयासों से बड़ा हादसा टल गया और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद चालक वैन लेकर चला गया, जबकि लोगों ने पेट्रोल पंप कर्मियों की सराहना की। लोगों का कहना है कि अगर आग समय पर न बुझाई जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी।

### बाइक फिसलने से दो युवक गिरकर घायल

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव झरतेरा निवासी नफीस (20) पुत्र सादिक व रुस्तम अली (25) पुत्र मुनीरुद्दीन बाइक से मंगलवार सुबह बांगरमऊ आ रहे थे। तभी गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अचानक फिसल गई। इसमें दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। परिजन आनन-फानन उन्हें बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक उनका इलाज कर रहे हैं।

### ओवरलोड वाहनों से पुरवा-दही मार्ग पर हो रहे गड्ढे

**पुरवा।** पुरवा-दही मार्ग पर कस्बा स्थित बस स्टेशन के पास बने नाले पर ओवरलोड वाहनों के चलते गहरा गढ़डा हो गया है। नाले पर गढ़डा होने से राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को कई बाइक सवार गड्ढे में गिरते हुए बच गए। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के चलते मार्ग पर अत्यधिक आवाजाही रहती है। जिससे सड़क भी टूट हो रही है। इसके चलते नाला टूट गया है। नाले पर हुए गड्ढे को ग्रामीणों ने जल्द भरवाने की मांग की है।

### लापरवाही बरतने में दरोगा निलंबित, विभागीय जांच

**उन्नाव।** आसीवान थानाक्षेत्र के अजमत नगर में छेड़छाड़ का केस वापस लेने को लेकर हुई मारपीट में वृद्ध की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया था। एसपी दीपक भूकर ने मामले का संज्ञान लिया। इस दौरान दरोगा महेंद्र सिंह द्वारा लापरवाही बरतने की बात सामने आई। इसके बाद मंगलवार को एसपी ने दरोगा को विभागीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया। साथ ही दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच भी बैठाई है। विभागीय जांच के बाद कार्रवाई होगी।

### पोस्टर चिपका रहे युवकों को चोर समझकर पीटा

**पुरवा।** पोस्टर चिपका रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने चोर समझ पकड़कर पीट दिया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने युवकों को छुड़ाकर पुलिस को सौंपा। दही थानांतर्गत निवासी सचिन झांसी जिला के थाना समथर निवासी जयचंद्र के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चिपका रहा था। तभी ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझकर पकड़ लिया और पीटने लगे। तभी वहां ग्राम प्रधान दयाराम यादव पहुंच गए और ग्रामीणों से उन्हें छुड़ाया और पुलिस बुलाकर उन्हें सौंप दिया। कोतवाल राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है।

---

### सफीपुर क्षेत्र के कटियामऊ गांव में खूंटा गाड़ने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

# दो फीट जमीन के लिए पड़ोसी को मार डाला

- ग्राम समाज की जमीन पर मवेशी बांधने को लेकर दोनों के बीच हुई थी कहासुनी
- बेटे ने तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट पुलिस तलाश में जुटी

संवाददाता, सफीपुर (उन्नाव)


रामकुमार।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कटियामऊ गांव में दो फीट जमीन में खूटा गाड़ने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद एक पक्ष ने लाठी-डंडे से दंपति और उसके परिवार पर हमला बोल दिया। इसमें एक युवक गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे एम्बुलेंस से सफीपुर सीएचसी लाए, जहां डाक्टर ने इलाज के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


परिवार के मुखिया की मौत पर रोती-बिलखतीं महिलाएं। अमृत विचार

वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुत्र ने कोतवाली में तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

मंगलवार सुबह करीब 9 बजे 60 वर्षीय रामकुमार सविता अपनी पत्नी के साथ घर के सामने मवेशियों को बांधने के लिए ग्राम समाज की जमीन पर पशुओं के लिए खूंटा गाड़ रहा था, तभी घर के सामने रहने वाले रामस्वरूप ने विरोध किया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मामला मारपीट में बदल गया। रामस्वरूप, उसके बेटे और नाती ने लाठी-डंडों से हमला कर रामकुमार को लहूलुहान कर दिया। हमले में रामकुमार बेहोश हो गया।

परिजन उसे सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रामकुमार की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया के बेटे की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर नामितों की तलाश की जा रही है।

---

## अचेत मिले वृद्ध की थम गई सांस

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** गंगाघाट कोतवाली के पुराने यातायात पुल के नीचे रविवार को एक अज्ञात बुजुर्ग अचेत अवस्था में पड़े थे। इसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मृतक की पहचान कराने में जुटी हुई है।

रविवार दोपहर पुराने यातायात पुल के नीचे एक साठ वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग को आस पास के लोगों ने अचेत अवस्था में पड़ा देखा। इसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिस पर 108 एम्बुलेंस से बेहोशी की हालत में उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा। जहां सोमवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया के सहारे मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। पहचान न होने पर शव को 72 घंटे के लिये मर्च्युरी में रखवाया गया है।

---



जयंती को लेकर शुक्लागंज के गांधी चौक पर सजावट की गई। अमृत विचार

## गांधी जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गांधी जयंती के अवसर पर मिश्रा कॉलोनी स्थित गांधी चौक पर पालिका द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे, गांधी प्रतिमा पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होंगे, जहां माल्यार्पण के बाद रामधुन गाई जाएगी। कार्यक्रम में गांधी जी के विचारों पर गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पोनी रोड से नमामि गंगे घाट तक रामधुन यात्रा निकाली, जिसमें पुत्तीलाल वर्मा, जयपाल साहू, रवि गुप्ता, रामकिशोर पाल, और अन्य नेताओं ने भाग लिया। गाँधी जयंती पर शंकरपुर सरॉय रामलीला मैदान के बगल में किसान आंदोलन प्रदेश संयोजक अजय अनमोल के नेतृत्व में हजारों किसान जुटेंगे।

सभी किसान महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेंगे। इसके साथ ही, प्रसिद्ध जादूगर शंकर गोगा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में जादू की प्रस्तुति भी की जाएगी। इस आयोजन में स्थानीय समुदाय का उत्साह देखने को मिलेगा।

---


गायत्री शक्तिपीठ में सुंदरकांड का पाठ करते भक्त। अमृत विचार

## गायत्री शक्तिपीठ में सुंदरकांड पाठ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गायत्री शक्तिपीठ पर व्यवस्था समिति की गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें नवरात्र में सामूहिक सवा लाख गायत्री महामंत्र जप संकल्प का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि नवरात्र में प्रातः आदिशक्ति वेद माता गायत्री व संगठन की देवी दुर्गा मां की सामूहिक साधना के उपरांत पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ भी होगा। गोष्ठी के बाद सुंदरकांड का आयोजन किया गया। व्यवस्थापक ने बताया कि गायत्री सद्बुद्धि का मंत्र है। इसीलिए उसे मंत्रो का मुकुट मणि कहा गया है।

गायत्री यज्ञ का संचालन अशोक दीक्षित ने किया। इस मौके पर ईश्वरानंद बाजपेई, अशोक राय, जगदेव शर्मा, गौरव दीक्षित, छून्ना पांडे, पंकज पाठक, अशोक दीक्षित, तिलक श्रीवास्तव, अजय शुक्ला, निर्मला, शिव देवी, मीरा आदि उपस्थित रही।

---

## किसान की जेब से 50 हजार पार

**सफीपुर।** नगर स्थित साप्ताहिक पशु बाजार में भैंस बेंचकर ई-रिक्शा से अपने गांव जा रहे किसान की जेब काटकर 50 हजार रुपये जेबकतरे ने पार कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

क्षेत्र के उमर गांव निवासी पुत्तन उन्नाव की फैक्ट्री में मजदूरी करता है। मंगलवार को कस्बे के मियांगज रोड पर लगने वाली पशु बाजार में वह 50 हजार की भैंस बेचकर ई-रिक्शा से गांव जा रहा था। एक युवक उसके बगल में बैठ गया। जैसे ही ई-रिक्शा हरदोई मार्ग पर करौंदी के पास पहुंचा, तो युवक रिक्शे से उतर गया। उसकी गतिविधियां देख पुत्तन को आशंका हुई तो उसने जेब देखी तो वह कटी थी और रुपये गायब थे। उसने युवक का पीछा किया, लेकिन तब तक वह गायब हो चुका था। पीड़ित की तहरीर पर सक्रिय हुई पुलिस ने रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ जेबकतरे की तलाश शुरू की लेकिन, सफलता नहीं मिली।

---

# महिला को बाइक सवारों ने लूटा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पति व बच्चे के साथ स्कूटी से जा रही महिला का बैग बाइक सवार लुटेरों ने छीन लिया और भाग निकले। सोमवार देरात हुई लूट की घटना में शामिल दो शातिर लुटेरों को सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से बैग व उसमें रखी नगदी और वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के हाकिम टोला मोहल्ला निवासी मो. वासिक पुत्र मो. आसिफ बीते सोमवार अपनी पत्नी समीना फातिमा व बच्ची युमना के साथ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अनवार नगर ससुराल गए थे। देरात लौटते समय लखनऊ-लखनऊ हाईवे पर नवीन मंडी के पास पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उसकी स्कूटी के आगे बाइक लगाकर समीना के कंधे में पड़ा बैग छीन लिया। पति ने इसका विरोध किया तो लुटेरों ने उसे धक्का दे दिया और भाग निकले।


पुलिस की गिरफ्त में शातिर लुटेरे। अमृत विचार

- पति के साथ जाते समय शातिर लुटेरों ने की थी वारदात, दो पकड़े गए

बैग में तीन हजार रुपये और बच्ची की दवा रखी थी। पीड़ित की सूचना पर रात में पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने मंगलवार सुबह पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए और कुछ ही देर में पुलिस ने वारदात में शामिल आकाश धानुक उर्फ करिया पुत्र सुनील व गुड्डू रावत उर्फ बादल पुत्र रामखेलावन निवासी अकरमपुर सदर कोतवाली बक्खाखेड़ा को नहर के पास से दबोच लिया। उनके पास से लूटे हुए 3000 रुपये व बैग बरामद हुआ। वारदात में प्रयोग की गई बाइक में लुटेरों ने उन्नाव का फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर डाल रखा था। पुलिस को बाइक भी चोरी की होने का शक है। एसएचओ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए युवक शातिर अपराधी हैं। इन पर कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

---

### महिला से 40 हजार रुपये की साड़ी खरीदने के बाद ठग हुए फरार, तहरीर दी

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** गंगाघाट कोतवाली के कंचन नगर मोहल्ले में एक महिला व्यापारी से दो लोगों ने चालीस हजार रुपये की साड़ी खरीदी और बिना पैसे दिए फरार हो गए। पीड़िता ने कार्यवाही को लेकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। राम नगर निवासी संजय पांडेय की पत्नी ज्योति पांडेय की साड़ी की दुकान पर सोमवार दोपहर लगभग एक बजे दो ग्राहक आए। उन्होंने 26 महंगी साड़ियों की मांग की, जिनकी कुल कीमत 40,650 रुपये बनी। खरीदारी के दौरान, एक ग्राहक ने क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट करने का आग्रह किया। महिला ने विश्वास करते हुए पेमेंट दिखाया, लेकिन बाद में पता चला कि पैसे उनके खाते में नहीं पहुंचे। जब ज्योति ने बैंक से संपर्क किया, तो उसे पता चला कि ट्रांजैक्शन सफल नहीं हुआ। जिस पर महिला व्यापारी बेहद परेशान हैं। उन्होंने स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ठगों की तलाश में जुट गई है।

---

# डीजल-पेट्रोल चुराने वाला गिरोह हत्थे चढ़ा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर देहात मुख्यालय स्थित डिपो से डीजल लेकर निकले टैंकर चालक की मिलीभगत से डीजल चोरी करने वालों को पुलिस ने देरात दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। मौके से 370 लीटर डीजल व 130 लीटर चोरी का पेट्रोल बरामद कर पुलिस ने टैंकर चालक, पेट्रोलपंप मालिक समेत आठ लोगों को कोर्ट में पेश किया है।

लखनऊ-कानपुर हाईवे से निकलने वाले डीजल-पेट्रोल से भरे टैंकरों से ईंधन चोरी कर बेचने का धंधा काफी समय से फल-फूल रहा था। सोमवार रात अचलगंज पुलिस ने इसकी सूचना पर थानाक्षेत्र के हाईवे स्थित गहरा गांव में एक बंद पेट्रोलपंप पर छापा मारा। जहां कानपुर देहात जिला के माती मुख्यालय से 24 हजार लीटर डीजल लोड कर चले टैंकर से डीजल चोरी करते पांच लोग पुलिस के हत्थे चढ़ गए।


पुलिस की गिरफ्त में आए डीजल चोर। अमृत विचार

- वाहनों से डीजल-पेट्रोल चोरी करते थे सभी शातिर
- कानपुर हाईवे पर बंद पेट्रोल पंप से होता था गोरखधंधा

एसओ राजेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने दरोगा तफूज अहमद, विजय प्रताप व फोर्स के साथ गहरा स्थित योगेश सिंह के पेट्रोलपंप से टैंकर चालक मोहन पुत्र रामचन्द्र तिवारी निवासी सोहरयांवा थाना पयागपुर बहराइच, खलासी मैनुद्दीन पुत्र गरीबे निवासी कैसरगंज बहराइच व डीजल खरीदने आए सुशील पुत्र बच्चू शंकर, अरविंद शुक्ला पुत्र श्याम औतार निवासी गांव गड़ारी अचलगंज, अवधेश लोधी पुत्र रामऔतार, पवन यादव पुत्र बब्बू निवासी बंथर अचलगंज, गंगाप्रसाद पुत्र स्व. बद्रीप्रसाद निवासी पीपरखेड़ा गंगाघाट व पंप मालिक योगेश सिंह पुत्र स्व. शिव प्रताप सिंह निवासी आनंद नगर शुक्लागंज को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान टैंकर से डीजल पाइप के माध्यम से जरीकेनों में भरा जा रहा था। पुलिस ने टैंकर सीज कर इसकी जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी को दी। सदर क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह की टीम ने जांच कर पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार की है। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि 370 लीटर डीजल व 170 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ है। आठ लोग पकड़े गए हैं।

### एंबुलेंस चालक के हाथ से मोबाइल छीनकर भागे

**पुरवा।** हरदोई जिला के गांव बुलाकी पुरवा निवासी अरविंद ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह मौरावां सीएचसी में लगी 108 एंबुलेंस का चालक है। मंगलवार को वह बाइक से अपने घर से मौरावां सीएचसी आ रहा था। तभी मंगतखेड़ा के पास पीछे से आए बाइक सवार तीन युवक उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

---

## 45 हजार रुपये की धोखाधड़ी की

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर क्षेत्र के अंबरखेड़ा अतरी निवासी उपभोक्ता ने लाइनमैन के विरुद्ध बिल जमा करने के नाम पर 45 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

अतरी निवासी मेवालाल ने तहरीर में कहा कि दो माह पहले मीटर का बिल 1 लाख 16 हजार रुपये आया था। एक माह पहले तकिया पावर हाउस का लाइनमैन राहुल तिवारी घर आया और कहा कि 45 हजार रुपये दे दो और बाकी 10 हजार रुपए बिल की अदायगी होने के बाद दे देना। बाकी बिल का पैसा समायोजित करवा देंगे। मेवालाल ने लाइनमैन पर विश्वास कर उसे 45 हजार रुपये दे दिए, लेकिन लाइनमैन ने अभी तक न तो बिल दुरुस्त कराया और न ही रुपए लौटा रहा है। एसओ फूल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

---


एबीसी केबल डालने का काम करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

## एबीसी केबल डालने से दो मोहल्लों की गुल रही बत्ती

**शुक्लागंज।** मंगलवार को सुभाष नगर और मिश्रा कालोनी में एबीसी केबल डालने के काम के चलते दोपहर से शाम तक बिजली आपूर्ति ठप रही। सुभाष नगर में काम दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चला, जिससे 500 से अधिक घरों में बिजली गुल रही। इससे हजारों लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसी तरह, मिश्रा कालोनी में सुबह 11 बजे से शाम साढ़े छह बजे तक बिजली बंद रही, जिससे सैकड़ों उपभोक्ता परेशान हुए। लोग पानी की कमी के कारण भी दुखी रहे। हालांकि विभाग ने यह कार्य सुरक्षा और बेहतर सेवा के लिए किया, लेकिन लंबे समय तक बिजली कटने से स्थानीय निवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

---

**महंगाई की मार** एक सप्ताह के भीतर बढ़ गए 10 से 20 रुपये तक दाम, त्योहारों में अभी कीमत और भी बढ़ने के आसार

# आटा, दाल, चावल की महंगाई से गरीब खासे परेशान

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** त्योहारों की नजदीकी में खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक वृद्धि से छोटे दुकानदारों और ग्राहकों में हड़कंप मच गया है। खासकर आटा, दाल, चावल और सरसों के तेल जैसे आवश्यक वस्तुओं के दाम में एक सप्ताह के भीतर तेजी से बढ़ोतरी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, दीपावली से पहले और कीमतें बढ़ने की संभावना है।

एक सप्ताह पहले, आटा की कीमत 32 रुपये प्रति किलो था, जो अब 35 रुपये हो गई है। इसी प्रकार, सरसों का तेल 140 रुपये से बढ़कर 160 रुपये, रिफाइंड तेल 120 से 135 रुपये और चावल की कीमत 40 से बढ़कर 48 रुपये प्रति किलो हो गई है। छोटी दुकानों के मालिक, राकेश गुप्ता उर्फ नन्हा, राजकिशोर गुप्ता, शिव गुप्ता, महेन्द्र सैनी और छोटू कौशल ने बताया कि पिछले पंद्रह दिनों में रोजमर्रा के खाद्य सामान के दाम में काफी वृद्धि हुई है। थोक विक्रेता माल को रोककर रख रहे हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है। सपा नेता वीरेन्द्र शुक्ला, सपा नगर अध्यक्ष शुभ गुप्ता, इशांत तिवारी, अंकित यादव ने सरकार की नीतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि ये पूंजीपतियों के पक्ष में हैं और छोटे दुकानदारों को खत्म करने की दिशा में बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों के लिए आवश्यक वस्तुएं खरीदना मुश्किल हो गया है। यदि हालात यही रहे, तो त्योहारों के समय महंगाई और भी बढ़ सकती है, जिससे आम जनता की परेशानियां बढ़ेंगी।


दुकान में रखे आटा, दाल, चावल, चीनी व अन्य सामान। अमृत विचार

### इस तरह एक सप्ताह में बढ़े खाद्य सामग्री के दाम

| सामान | एक सप्ताह पूर्व | मौजूदा कीमत |
|---|---|---|
| आटा | 32 | 35 रुपये प्रति किलो |
| सरसों का तेल | 140 | 160 रुपये प्रति किलो |
| रिफाइंड | 120 | 135 रुपये प्रति किलो |
| मैदा | 32 | 34 रुपये प्रति किलो |
| सूजी | 34 | 37 रुपये प्रति किलो |
| चावल | 40 | 48 रुपये प्रति किलो |
| अरहर | 160 | 170 रुपये प्रति किलो |

---

# मुकुट पूजन के साथ रामलीला आज से

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** श्री सार्वजनिक रामलीला का आयोजन इस बार बालूघाट की बजाय गोपीनाथपुरम में कराया जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां चल रहीं हैं। वहीं आज गणेश पूजन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके लिए पंडाल को अंतिम रुप देने के लिए मंगलवार को सारा दिन काम चलता रहा।

श्री सार्वजनिक रामलीला समिति के तत्वावधान में गोपीनाथपुरम में इस बार 49वीं रामलीला मंचन एवं दशहरा का कार्यक्रम आज गणेश पूजन, मुकुट पूजन, नारद मोह, रावण दिग्विजय आकाशवाणी के साथ ही शुरू होगा। दशहरा मेला की तैयारियों के लिए समिति के पदाधिकारी और पालिका प्रशासन मंगलवार को सारा दिन जुटा रहा। वहीं नगर के लोगों में लीला देखने के लिए उत्साह बना हुआ है।


बैठक में जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

वहीं लीला को लेकर मंगलवार को पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। जिसमें समिति के वीरेन्द्र के शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, कमल वर्मा ने बताया कि इस बार लीला में अनुभवी कलाकारों को बुलाया गया है। जो रामलीला की मंचन में चार चांद लगायेंगे। इसके साथ ही साठ फीट का रावण बनाया जा रहा है। इस बार पर्याप्त जगह होने पर अतिशबाजी भी जमकर होगी।

वहीं रावण के पुतला दहन होने पर वह मुंह से आग के गोले फेंकेगा। पोनी रोड के श्रीनगर में श्री सार्वजनिक शुक्लागंज रामलीला और ऋषि आश्रम में स्वामी नारदानंद दशहरा महोत्सव एवं श्री राम लीला मंचन को लेकर तैयारियां जोरों से चल रहीं हैं।

प्राप्नोति वै वित्तमसद्बलेन नित्योत्थानात्प्रज्ञया पौरुषेण।
न त्वेव सम्यग् लभते प्रशंसां न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम्॥

बेईमानी से, बराबर कोशिश से, चतुराई से कोई व्यक्ति धन तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन सदाचार और उत्तम पुरुष को प्राप्त होने वाले आदर-सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# सावधान रहने की जरूरत

चीन बार-बार भारत की ओर अतिक्रमण करके क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने का प्रयास करता रहा है। दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं और सैन्यीकरण कर रहे हैं। चीन के पास आर्थिक, सैन्य और तकनीकी ताकत है। भारत अपनी कूटनीति से इसका मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। मंगलवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी सैन्य गतिरोध पर चाणक्य रक्षा संवाद में कहा कि इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील है और सामान्य नहीं है। भारत किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें एक सीमा शामिल है जो लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चलती है। सीमा का पूरी तरह से सीमांकन नहीं किया गया है और वास्तविक नियंत्रण रेखा की पुष्टि और स्पष्ट करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसने दोनों पक्षों के बीच कई झड़पों को जन्म दिया है। मई 2020 में भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था। भारत का लक्ष्य मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध से पहले की स्थिति को बहाल करना है। हालांकि पिछले कुछ माह के दौरान भारत और चीन के बीच अनेक राजनयिक वार्ताएं हुई हैं, जिनसे संभावना बढ़ी है कि पूर्वी लद्दाख में जो सैन्य टकराव की स्थिति बनी हुई है, उसे कम करने का कोई रास्ता निकल सकता है।

गौरतलब है कि चीन इस क्षेत्र में किसी भी भारतीय निर्माण का विरोध करता है जबकि वह खुद रणनीतिक निर्माण जारी रखता है। 15 जून, 2020 को गलवान में मुख्य संघर्ष से पहले दोनों पक्ष पैंगोंग त्सो, डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में झड़पों में लगे हुए थे। भारत लगातार कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। गतिरोध का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। इसके बावजूद जिस तरह से चीन अपनी अग्रिम सैन्य पोजीशन को मजबूत करता जा रहा है और एलएसी पर स्थायी रक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाता जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि पीएलए शांति के समय की स्थिति पर नहीं लौटेगी। चीन की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं है। इसलिए भारत को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 का मकसद



नुसरत जहां
एडवोकेट हाईकोर्ट, लखनऊ

**देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज के सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया।**

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2024 लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। संयुक्त संसदीय समिति ने 19, 20 सितंबर 2024 को मुस्लिम समुदाय से जुड़े संगठनों एवं बुद्धिजीवियों के सुझाव लिए हैं। अब तक जेपीसी को 84 लाख से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। कई मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल पर आपत्तियां भी जताई हैं। भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके उदाहरण में मोहम्मद गौरी की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियोजित करने का पहला प्रयास था।

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज को सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1955 में एक नया वक्फ बोर्ड अधिनियम बना। इसके तहत हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। 2013 में वक्फ की संपत्ति की बिक्री, उपहार, विनिमय, बंधक या हस्तांतरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वक्फ कानून एक सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान करता है, जो स्थानीय जांच करके,गवाहों को बुलाकर सार्वजनिक दस्तावेजों की मांग करके सभी वक्फ संपत्तियों की सूची तैयार करता है। इस संशोधन ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया।

वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का कार्य करता है। यह एक कानूनी निकाय है। वक्फ बोर्ड में संपत्तियों का पंजीयन अनिवार्य है। बोर्ड संपत्तियों का पंजीकरण, प्रबंधन और संरक्षण करता है। राज्यों में वक्फ बोर्ड का नेतृत्व अध्यक्ष करता है। देश में शिया-सुन्नी दो तरह के वक्फ बोर्ड हैं। वक्फ बोर्ड के सदस्य में अध्यक्ष के अलावा बोर्ड में राज्य सरकार के सदस्य, मुस्लिम विधायक, सांसद, राज्य बार काउंसिल के सदस्य,इस्लामी विद्वान और वक्फ के मुतवल्ली को शामिल किया जाता है। वक्फ बोर्ड का कार्य वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण वक्फ में मिले दान से शिक्षण संस्थान,मस्जिद, कब्रिस्तान बनाना रैन बसेरों का निर्माण एवं रखरखाव करना, गरीब बेटियों की शादी करवाना।

**न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है, लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी।**

वक्फ बोर्ड की संपत्ति-रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। वक्फ बोर्ड भारत भर में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश एवं बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। नए बिल के द्वारा इन बदलावों पर विचार हो रहा है- सर्वप्रथम वक्फ अधिनियम 1955 का नाम बदलकर 'संयुक्त वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995 कर दिया गया है। यह बिल मौजूदा वक्फ कानून में लगभग 40 बदलावों का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों के दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य प्रतिनिधित्व/ लैंगिक समानता- इस बिल का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संरचना एवं कामकाज को बदलना है। इसके लिए धारा 9 एवं 14 में संशोधन करना है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए अनिवार्य प्रतिनिधित्व किया जा सके। अनिवार्य वक्फनामा- अभी तक संपत्ति का दान मौखिक किया जा सकता था, लेकिन नए वक्फ बिल में लिखित वक्फनामा के द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकेगा, जिससे अंतरण के साक्ष्य मिल सकेंगे।सामाजित न्याय/निचले मुस्लिम तबकों की भागीदारी- वक्फ बिल में शिया-सुन्नी के अलावा बोहरा, अहमदिया समुदायों के अलग वक्फ बोर्ड बनाने का भी प्रावधान है, जिससे मुस्लिम तबकों को विभिन्न वर्गों को मदद मिलेगी, जो हाशिये पर हैं। वक्फ बिल में बोर्ड की पूरी संपत्तियों को डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिसमें किसी दूसरे द्वारा वक्फ की सपंत्तियों पर कब्जा नहीं किया जा सकेगा, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लेनदेन में पारदर्शिता आएगी।

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ से संबंधित विवादों का निर्णय छह माह में और अपील का निपटारा तीन माह में किए जाने का प्रावधान है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)- वक्फ की संपत्तियों का पंजीकरण, सत्यापन लेनदेन में ऑडिट कर सकेगी, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

विधेयक इस बात को भी फिर से परिभाषित करता है कि कैसे संपत्ति को वक्फ के कब्जे में माना जाता है। विधेयक में उपयोग के आधार पर वक्फ की अवधारणा को खत्म करने का प्रस्ताव है। 1995 के कानून के तहत वैसी हर संपत्ति वक्फ है, जिसका उपयोग मुसलमान धार्मिक उद्देश्यों के लिए निरंतर और अबाधित रूप से करते रहे हैं। इसका मतलब है कि एक संपत्ति को उपयोग के माध्यम से वक्फ माना जा सकता है, भले ही उसका मालिकाना हक किसी के पास हो। कई मस्जिदें और कबिस्तान इसी आधार पर वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिए गए हैं। विधेयक में कहा गया है कि वैध वक्फनामे के बिना कोई भी वक्फ संपत्ति संदिग्ध है। इसमें 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' घोषित संपत्तियों को अलग रखा गया है। विवाद की स्थिति में बिल की धारा 3 सी (2), जो सरकार को यह तय करने का अधिकार देता है कि वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। विधेयक में कहा गया है, यदि किसी संपत्ति को लेकर सवाल उठता है कि यह सरकारी संपत्ति है या नहीं तो उसे क्षेत्राधिकार वाले कलेक्टर के पास भेजा जाएगा। कलेक्टर उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेगा। जब तक सरकार इस मुद्दे का फैसला नहीं कर लेती तब तक विवादित जमीन पर वफ्फ का नियंत्रण नहीं हो सकता।

12 वर्ष का एडवर्स कब्जा- यदि 12 वर्ष तक वक्फ की संपत्ति कोई अवैध कब्जा,बिना रोक टोक के करता है तो वह संपत्ति का मालिक हो जाएगा। दान कौन कर सकता है- दान एक मुस्लिम द्वारा वर्तमान समय में मौखिक रूप से भी किया जा सकता है। यदि एक बार संपत्ति दान कर दी गई तो वह अल्लाह को अंतरित मानी जाती है वह वापस नहीं ली जा सकती है। नए बिल में यह प्रावधान है कि संपत्ति अंतरण करते समय दानकर्ता को उस संपत्ति का मालिक होना चाहिए। दानकर्ता की स्वीकृति स्वतंत्र होनी चाहिए। दान करते समय दानकर्ता सक्षम अर्थात 18 वर्ष से अधिक आयु एवं स्वस्थ चित्त होना चाहिए। यदि यह शर्तें पूरी नहीं की गई तो दान द्वारा अंतरण अवैध होगा और वह संपत्ति वफ्फ को वापस करनी होगी। दान गैर मुस्लिम द्वारा भी किया जा सकता है शर्त यह है कि इस्लाम धर्म में उसका विश्वास एवं मान्यता होनी चाहिए। लिखित रूप से वफ्फनामा द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकता है। वफ्फ से होने वाली आमदनी को इस्लाम धर्म की खिदमत में ही खर्च किया जा सकता है। खिदमत का अर्थ है मस्जिद की तामीर, कब्रिस्तान एवं अनाथालय बनवाना, गरीबों को भोजन की व्यवस्था करना, गरीब बच्चों की शादी करवाना इत्यादि।


सरकार का कहना है कि वक्फ की संपत्तियों पर माफियाओं का कब्जा है जबकि विपक्ष का तर्क है कि सरकार वक्फ की संपत्ति को हथियाना चाहती है। धर्म में हस्तक्षेप है और संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए बिल से संविधान के किसी अधिकार का उल्लंघन नहीं हो रहा जबकि यह तो समानता के अधिकार अनुच्छेद 14 के अंतर्गत सामाजिक न्याय के रूप में निचले तबकों के उत्थान एवं लैंगिक न्याय के रूप में मुस्लिम महिलाओं की अनिवार्य सहभागिता का प्रावधान करता है। जिससे महिलाओं एवं बच्चों का कल्याण होगा डिजिटलीकरण से भ्रष्टाचार रूकेगा। कोई माफिया अवैध कब्जा वक्फ संपत्ति पर नहीं कर सकेगा। वक्फ से होने वाली आमदनी समाज कल्याण एवं उत्थान में खर्च की जा सकेगी।

email: nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली

पेशावर कांड (1930) के विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली 1 अक्तूबर 1979 को नहीं रहे। कैसा अनोखा सैनिक था,जिसने देश की निहत्थी आंदोलनकारी जनता पर गोली चलाने से इंकार की सजा में लंबे कारावास के साथ अनगिनत कष्ट भुगते।




सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

यह तकलीफें उसकी अकेले की नहीं अपितु पूरे परिवार को इसका दंड झेलना पड़ा। संपत्ति जब्त हुई और घर के लोग दरबदर हो गए,लेकिन खास बात रही कि आजादी के बाद भी उनकी संतति के साथ यह क्रूर सिलसिला थमा नहीं। 1983 में सहकारी बैंक की देनदारी के लिए चंद्रसिंह गढ़वाली की संपत्ति की नीलामी का फरमान जारी हुआ,जिसे हम उस समय थोड़ी कोशिशों से बचा पाए,लेकिन आगे चलकर यह अत्यंत दुःखद रहा कि बिजनौर के निकट कौड़िया रेंज में 90 वर्षों के लिए उनके परिवार को आवंटित की गई जमीन को उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कहकर वापस ले लिया कि चंद्रसिंह गढ़वाली यूपी के नहीं,उत्तराखंड के निवासी थे। पहाड़ पर दूधातोली में एक छोटे से भूखंड पर उनकी उपेक्षित सी समाधि है, जिस पर कोई चार फूल क्यों चढ़ाए? 1972 में स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष पर अपने शहर शाहजहांपुर में गढ़वाली जी को 'शहीद मेला' का उद्घाटन करने आमंत्रित किया तो वे उत्साह से आए। उन दिनों उनकी कमर झुक चुकी थी, लेकिन क्रांतिकारी तेवर और हौसला उनमें बरकरार था। पतलून, कमीज, सिर पर हैट और पैरों में बूट। यही बाना था उनका। बोली का पहाड़ी लहजा था और कहन में खरापन अंत तक विद्यमान रहा। उनके जिंदगीनामे को राहुल सांकृत्यायन ने जिस तरह एक बड़ी किताब में दर्ज किया, वह अद्भुत है।

कह सकता हूं कि जेल गढ़वाली जी के लिए राजनीतिक पाठशाला बनी। उनकी स्मृति में कई साल पहले मैं एक डाक टिकट भी जारी कराने में भी कामयाब हो सका जब उनका बेटा आनंद गढ़वाली जीवित था। कुछ वर्ष पहले मैंने अपनी पत्रिका 'संदर्श' के लिए विद्यासागर नौटियाल जी से गढ़वाली की कुछ स्मृतियों को लिपिबद्ध कराया और प्रकाशित किया था,लेकिन वह कार्य पूर्णता की ओर नहीं पहुंच सका।

# जनजातीय लोगों का औरत के प्रति दोयम नजरिया



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है।**

बीती 15 सितंबर को बस्तर के घनघोर नक्सली इलाके सुकमा के कोन्टा थाने के इटकल गांव में राज्य पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित उसके परिवार के पांच लोगों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला। मरने वालों में तीन महिलाए हैं। पिछले कुछ दिनों में गांव में तीन बच्चे मरे और यह अफवाह हो गई कि हेड कांस्टेबल बच्चा मुआ के पिता के जादू-टोने के कारण बच्चे मारे गए। देश के अधिकांश राज्यों में डायन प्रथा उन्मूलन या अंधविश्वास निरोधक कानून हैं, लेकिन इस तरह की सामाजिक कुरीति को अपराध घटित हो जाने के बाद मुकदमें दर्ज कर रोका नहीं जा सकता।

डायन कुरीति अकेले आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ या झारखंड तक सीमित नहीं है। यह असम, बिहार, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कोई आधा दर्जन राज्यों में हर साल सैंकड़ों औरतों को इस अंधविश्वास की आड़ में बर्बर तरीके से मारा जा रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में मुख्य रूप से जादू-टोना से जुड़े लगभग 85 हत्या के मामले दर्ज किए गए।

देश के आदिवासी अंचलों में जमीन हदबंदी कानूनों के लचरपन और पंचायती राजनीति के नाम पर शुरू हुईं जातीय दुश्मनियों की परिणति महिलाओं की हत्या के रूप में हो रही है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने एक जांच रिपोर्ट तैयार की है,जिसमें बताया गया है कि अंधविश्वास,अज्ञान और अशिक्षा के कारण टोनही या डायन करार देकर किस तरह निरीह महिलाओं की आदिकालीन लोमहर्षक ढंग से हत्या कर दी जाती है। औरतों को न केवल जिंदा जलाया जाता है,बल्कि उन्हें गांव में नंगा घुमाना, बाल काट देना, गांव से बाहर निकाल देना जैसे निर्मम कृत्य भी डायन या टोनही के नाम पर होते रहते हैं। इन शर्मनाक घटनाओं का सर्वाधिक अफसोसजनक पहलू यह है कि इन महिला प्रताड़नाओं के पीछे न सिर्फ महिला की प्रेरणा होती है, बल्कि वे इन कुकर्मों में बढ़-चढ़ कर पुरुषों का साथ भी देती हैं।

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है। कोई एक दर्जन मामलों में आदमियों को भी ऐसी मौत झेलनी पड़ी है। मप्र के झाबुआ-निमाड़ अंचल में भी महिलाओं को इसी तरह मारा जाता है। हां,नाम जरूर बदल जाता है-डाकन। गांव की किसी औरत के शरीर में 'माता' प्रविष्ट हो जाती है। यही 'माता' किसी दूसरी 'माता' को डायन घोषित कर देती है और फिर वही अमानवीय यंत्रणाएं शुरू हो जाती हैं। यह समझना जरूरी है कि अधिकांश आदिवासी गांवों तक सरकारी स्वास्थ्य महकमा पहुंच नहीं पाया है। जहां कहीं अस्पताल खुले भी हैं तो कर्मचारी इन पुरातनपंथी वन पुत्रों में अपने प्रति विश्वास नहीं उपजा पाए हैं। तभी मवेशी मरे या कोई नुकसान हो,गुनिया हर मर्ज की दवा होता है। उधर गुनिया के दांव-पेंच जब नहीं चलते हैं तो वह अपनी साख बचाने कि लिए किसी महिला को टोनही घोषित कर देता है। गुनिया को शराब, मुर्गे, बकरी की भेंट मिलती है। बदले में किसी औरत को पैशाचिक कुकृत्य सहने पड़ते हैं।

ठेठ आदिम परंपराओं में जी रहे आदिवासियों के इस दृढ़ अंधविश्वास का फायदा इलाके के असरदार लोग बड़ी चालाकी से उठाते है। अपने विरोधी अथवा विधवा बूढ़ी औरतों की जमीन हड़पने के लिए ये प्रपंच किए जाते हैं। थोड़े से पैसे या शराब के बदौलत गुनिया बिक जाता है और किसी भी महिला को टोनही घोषित कर देता है।

डायन प्रथा से निपटने के लिए बिहार में सन 1999 में व झारखंड में 2001 में अलग से कानून भी बना। छत्तीसगढ़ में भी सन 2005 में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम लागू हुआ। राजस्थान और असम में 2015 में इस पर कड़े कानून आए। कानून अपराध होने के बाद काम करता है,लेकिन आज जरूरत तो लोगों की मिथ्या धारणाओं से ओतप्रोत जनजातीय लोगों में औरत के प्रति दोयम नजरिए को बदलना है। एक तो गांवों में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं हों,दूसरा समाज के बीच से ही ऐसे लोगों को तैयार किया जाए,जो पर्व-त्योहर पर आदिवासियों को सहज तरीके से इसकी जानकारी दे सकें।

## सोशल फोरम

# समय के साथ चलें बुजुर्ग

वैसे तो बुढ़ापा खुद समस्याओं और शिकायतों का घर ही होता है,लेकिन आमतौर पर बुजुर्गों की बड़ी समस्या और शिकायत यह होती है कि बच्चे बड़े या शादीशुदा हो जाने के बाद उनका सम्मान नहीं करते। उनकी बात कुछ हद तक वाजिब है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

देश की सड़कों, वृद्धाश्रमों, तीर्थस्थलों में बेसहारा वृद्धों की भारी भीड़ देखकर आज परिवार में उनकी हैसियत और स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन इस समस्या का एक और पहलू भी है। एक बात बुजुर्गों को अपने आपसे भी पूछना चाहिए कि बूढ़े होने के बाद वे खुद अपने बेटों और बहुओं, उनकी निजी जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और उनके नए विचारों का कितना सम्मान करते हैं? हर पीढ़ी के साथ जीवन की परिस्थितियां और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अवधारणाएं बदलती हैं। पढ़े-लिखे, संवेदनशील, समझदार बुजुर्ग बदलते वक्त के साथ तालमेल बिठाकर अपनी संतानों के साथ सहज और दोस्ताना रिश्ता बना लेते हैं। कठिनाई उन अशिक्षित अथवा अर्द्धशिक्षित, रूढ़िवादी लोगों के साथ होती है,जो अपने पुराने विचारों और रूढ़ियों के प्रति कट्टर ही नहीं होते, बल्कि अपनी संतानों पर अपने दौर के अप्रासंगिक हो चले जीवन मूल्य थोपने की कोशिश भी करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका वक्त सही था और आज जो हो रहा है, वह सब गलत है।

ऐसे बुजुर्ग अपनी संतानों के लिए आर्थिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक बोझ बन जाते हैं। परिवारों के विघटन की यह सबसे बड़ी वजह है। परिवार में बुजुर्गों का सम्मान बना रहे, यह सिर्फ युवाओं की जिम्मेदारी नहीं है। जरूरी है कि बुजुर्ग भी समय के साथ चलना सीखें। वे अपने हिस्से का जीवन जी चुके, अब अपनी संतानों को उनके हिस्से का जीवन जीने दें। उनकी चुनौतियां, सोच, संघर्ष आपसे अलग हैं।

मां-बाप देवी-देवता हैं और उनकी हर बात बच्चों को शिरोधार्य होनी चाहिए, ये किताबी, अव्यावहारिक बातें हैं। वास्तविक जीवन में आपके व्यवहार ही परिवार में आपकी हैसियत और आपका सम्मान तय होगा। **-फेसबुक वॉल से**

# समाज में व्यक्ति की भूमिका




साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

**आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है।**

आज दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है, जहां यह स्पष्ट हो गया है कि यदि पृथ्वी पर जीवन का अंत होगा, तो इसके लिए किसी बाहरी दुश्मन की जरूरत नहीं है। यह काम इंसान खुद ही कर सकता है। पिछले डेढ़ साल से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है,जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसी तरह मध्य-पूर्व में इजराइल भी आक्रमण के माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करने में जुटा हुआ है। इन दोनों घटनाओं के बीच सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है?

इसके मूल में कारण हैं, इंसान का अपने ऊपर और अपनी क्षमताओं पर ध्यान न देना। इतिहास में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं। हिटलर और गांधी,दोनों एक ही समय में इसी धरती पर मौजूद थे,लेकिन दोनों की सोच और कार्य एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत थे। हिटलर हिंसा का समर्थन करता था, जबकि गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज भी गांधी को प्रेम और करुणा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है, जबकि हिटलर को क्रोध और अहंकार के लिए। महात्मा गांधी ने हमेशा इंसान के व्यक्तित्व और समाज के बीच गहरे संबंध को समझा। उनका मानना था कि समाज व्यक्ति से बनता है और व्यक्ति की नैतिकता व चेतना ही समाज की नींव होती है। उनके अनुसार समाज तभी सशक्त हो सकता है जब उसमें शामिल हर व्यक्ति नैतिकता, सत्य,



अहिंसा और करुणा जैसे मूल्यों को अपनाए। गांधीजी ने यह भी कहा कि अहिंसा का रास्ता सीखने और उस पर चलने के लिए अधिक कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जितनी कि हिंसा के लिए। यह प्रशिक्षण जीवन में सत्य, विनम्रता, सहनशीलता और प्रेम को अपनाने से शुरू होता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है,जो केवल बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी आत्मानुशासन और संयम की मांग करती है।

गांधीजी का कहना था कि जब दो लोग या समुदाय आपस में झगड़ते हैं तो यदि उनमें से कोई एक व्यक्ति अपनी गलती को समझकर प्रेम और शांति की ओर बढ़ता है तो उनके बीच शांति स्थापित हो जाती है। हालांकि मीडिया में अक्सर ऐसे उदाहरणों पर ध्यान नहीं दिया जाता,क्योंकि हिंसक झगड़े और संघर्ष ज्यादा चर्चा में आते हैं,जबकि सच्चे समाधान और समाज में शांति का आधार केवल अहिंसा, संयम और करुणा से ही संभव है। गांधीजी ने अपने लेखों में यह भी स्पष्ट किया कि यदि व्यक्ति स्वयं पर नियंत्रण रखे और आत्मनिर्भर बने, तो वह समाज के लिए एक आदर्श भूमिका निभा सकता है। उनके अनुसार समाज को बदलने के लिए हमें पहले अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी वह समाज के प्रति सही योगदान दे सकेगा।

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर इंसान अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाए और सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाए, तो न केवल समाज,बल्कि पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि का माहौल बनेगा।

# वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता गांधी मार्ग



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

**आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है।**

आज के वैचारिक,राजनैतिक और सांस्कृतिक हिंसा को समझने और उसका विकल्प बताने के लिए गांधी सबसे बेहतर और कारगर 'औजार' हैं। बीसवीं शताब्दी में जनमानस को आंदोलित एवं प्रभावित करने वाले एक महान व्यक्तित्व के रूप में भारतवर्ष में महात्मा गांधी का अविर्भाव हुआ था। गांधी भूतकाल के नहीं,भविष्य के मसीहा थे। वे उन्नीसवीं सदी की नहीं,इक्कीसवीं सदी की बातें कर रहे थे।

फ्रांसीसी दार्शनिक रोम्यां रोला ने कहा था-"कुछ अर्थों में तो गांधीजी आज के विज्ञान से भी आगे बढ़ गए थे,भविष्य की समस्याओं को उन्होंने भांप लिया था।" गांधीजी के विचार कभी पुराने नहीं पड़ेंगे,वे सदैव हमें भविष्य का रास्ता खोजने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रयोगों ने उनके इस विश्वास को पक्का कर दिया था कि सत्य की सदा विजय होती है और सही रास्ता सत्य का रास्ता ही है। आज मानवता की मुक्ति सत्य का रास्ता अपनाने से ही है। गांधीजी सत्य को ईश्वर का पर्याय मानते थे। गांधीजी का मत था कि सत्य सदैव विजयी होता है।

गांधीजी के अनुसार मन, वचन और शरीर से किसी को भी दुःख न पहुंचाना ही अहिंसा है। गांधीजी के विचारों का मूल लक्ष्य सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से विरोधियों का हृदय परिवर्तन करना है। अहिंसा का अर्थ ही होता है प्रेम और उदारता की पराकाष्ठा। गांधीजी व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर पर 'मनसा वाचा कर्मणा' अहिंसा के सिद्धांत का पालन करने पर बल देते थे। आज के संघर्षरत विश्व में अहिंसा जैसा आदर्श अति आवश्यक है। गांधीजी बुद्ध के सिद्धांतों का अनुगमन कर इच्छाओं की न्यूनता पर भी बल देते थे। यदि इस सिद्धांत का पालन किया जाए तो आज क्षुद्र राजनीतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्याकुल समाज व विश्व अपनी कई समस्याओं का निदान खोज सकता है।

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है। अमेरिका, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश हिंसा के माध्यम से प्रमुख शक्ति बनने की होड़ एवं दूसरों पर वर्चस्व के इरादे से हिंसा का सहारा लेते हैं। इस हेतु वैश्विक रूप से शस्त्रों की होड़ लग गई है। यह अंधी दौड़ दुनिया को अंततः विनाश की ओर ले जाती है। आज अहिंसा जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है,जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है।

आज के दौर में पूरा विश्व एक ऐसे ही समाज की खोज में है, जहां शोषण, वर्ग, जाति आदि की कोई जगह न हो। उन्होंने सामाजिक,नैतिक और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। गांधी ने ग्राम स्वराज्य के माध्यम से पूर्ण प्रजातंत्र और समाज के अंतिम से अंतिम, पिछड़े व्यक्ति की उन्नति का स्वप्न दिया था।

वर्तमान में सारे विश्व पर हिंसा द्वारा विनाश का खतरा छाया हुआ है। गांधीजी इस पर कहते हैं कि अहिंसक बनने की कोशिश करो। विश्व आज जिस रोग से ग्रस्त है,उसका निदान भले ही बड़ा कठोर हो,पर गांधी का बताया उपचार अचूक है। हमारा कार्य अब यही है कि सत्य और अहिंसा को ऐसा व्यावहारिक रूप दें,जिसका पालन किया जा सके। भौतिकवादी प्रगतियों के बावजूद इस दुनिया में कहीं न कहीं कोई कमी महसूस हो रही है। निर्धनता, भूख, रोग और हिंसा का विश्व में प्रकोप बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने मानव जाति की राय पर ही संकट ला दिया है। 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा था कि महात्मा गांधी का सिखाया गया पाठ ही संयुक्त राष्ट्र का मूल सिद्धांत है,जैसे विकास, शांति और सहयोग। सर्वोदय गांधीजी का विचार संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "एजेंडा 2030" का प्रकाशन है। गांधीजी का सबसे प्रबल संदेश है कि हमारा प्रत्येक आचरण नैतिक रूप से शुद्ध होना चाहिए।

## एक नजर

### जहरीला कीड़े के काटने से युवक की गई जान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मेरापुर गढ़िया के रहने वाले विपिन कुमार पुत्र जगरूप सिंह मंगलवार की सुबह जहरीले कीड़ा ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर सौ शैय्या अस्पताल में ले आये। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### बुखार से युवक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तालग्राम के मोहल्ला गढी गौंखर निवासी अनमोल बाल्मीकी के 18 माह के पुत्र अभिनव को शुक्रवार को तेज बुखार आ गया। परिजन आनन फानन उसे लेकर नगर के निजी अस्पताल पहुंचे। आराम न मिलने पर गुरसहायगंज में निजी चिकित्सक को दिखाया। इसके बाद फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर परिजन शिशु को फर्रुखाबाद से बरेली ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। अनमोल बाल्मीकी ने बताया अभिनव उसकी इकलौता पुत्र था। पुत्र की मौत से मां दुर्गा का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया बच्चे को सीएचसी नहीं लाया गया था।

### सुविधा शुरू, बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट कार्यालय से रोज जारी होंगे 300 पास

# अब क्विक पास से भी होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंगलवार से क्विक पास की व्यवस्था शुरू कर दी है। इस व्यवस्था के तहत दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्री सेवा केंद्र से क्विक पास लेकर कम समय में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए हर दो घंटे में 50 पास और प्रतिदिन लगभग 300 पास जारी होंगे। दर्शनार्थी वीआईपी मार्ग से पहुंचकर दर्शन कर सकेंगे।

राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि बाहर से आने वाले किसी श्रद्धालु को यदि सुगम दर्शन पास की जानकारी नहीं है और उसके पास अधिक समय भी नहीं है तो ऐसा भक्त तीर्थ क्षेत्र सेवा कार्यालय से अपना आधार कार्ड दिखा कर यह पास ले सकता है। हर



- वीआईपी मार्ग से आने-जाने की मिलेगी सुविधा
- हर दो घंटे में 50 पास दिए जाने की हैअभी सुविधा

स्लॉट में 50 पास दिये जाएंगे। जल्द ही इसकी संख्या 100 की जाएगी और इसमें से 50 पास वृद्धजनों के लिए आरक्षित किये जाएंगे।

**रोज चार हजार भक्तों को मिलती सुगम पास की सुविधा:** राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने बताया कि राम मंदिर में रोज 50 हजार से लेकर एक लाख तक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। जिसमें चार हजार भक्तों को सुगम पास के द्वारा दर्शन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया की रामलला के दर्शन करने के लिए सुगम दर्शन पास की सुविधा हर दिन सुबह 7 से 9, सुबह 9 से पूर्वाह्न 11, दोपहर 1 से 3, दोपहर 3 से शाम 5, 5 से 7 बजे और 7 से रात 9 बजे तक के लिए लागू है। इस बीच श्रद्धालु ऑनलाइन 150 और कार्यालय से लगभग 400 पास दो घंटे के एक स्लाट में दिए जा रहे हैं।

### 72 घंटे में एक आईडी एक बार जारी होगा पास

- राम मंदिर में दर्शन करने और आरती में शामिल होने के लिए 72 घंटे में एक आईडी पर एक ही बार पास जारी किया जाएगा। बुकिंग के लिए बनाए गए सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया है, जिसमें 72 घंटे के अंदर दोबारा एंट्री करने पर पास निर्गत नहीं होगा। ट्रस्ट के मुताबिक इससे न केवल डुप्लीकेसी पर रोक लगेगी, बल्कि अन्य दर्शनार्थियों को भी दर्शन करने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### सप्त मंडपम के निर्माण का कार्य 50 प्रतिशत पूरा

- **अयोध्या :** राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मंदिर के द्वितीय तल के निर्माण के साथ परिसर में सप्त मंडपम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस कार्य को दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। ट्रस्ट के मुताबिक परिसर में चल रहे निर्माण के लिए 1600 श्रमिकों को लगाया है। जल्द ही इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। परकोटा निर्माण का कार्य भी अपने निर्धारित समय पर चल रहा है।

### अब इजराइल में नौकरी करने के लिए जिले से भी जाएंगे श्रमिक

**महोबा।** इजराइल देश में निर्माण कार्य के लिए श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया में भारत सरकार एवं इजराइल सरकार के मध्य हुए अनुबंध के अंतर्गत एनएसडीसी क्रियान्वयन संस्था नामित की गई है, जिसके द्वारा पीआईवीए के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निम्नवत कैटेगरी के निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

उक्त जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी महोबा आकांक्षा बाजपेई ने देते हुए बताया कि श्रमिकों के चयन के लिए प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव की कार्रवाई से पूर्व पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के मूल्यांकन संबन्धी प्री स्क्रीनिंग नोडल आइटीआई के प्रधानाचार्य एवं सेवायोजन कार्यालय के जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा कार्रवाई की जाएगी। टेस्ट पास श्रमिको के पुलिस वेरिफिकेशन एवं मेडिकल की कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य में अधिकतर अपराधी मुख्यमंत्री की बिरादरी के

### पूर्व मंत्री ने सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ की टिप्पणी, छात्रा की मौत पर गर्माई जिले की सियासत

संवाददाता किशनपुर (फतेहपुर)

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के शाहीपुर गांव की छात्रा की मौत का मामला दिन पर दिन तूल पकड़ता जा रहा है। रोजाना पीड़ित के घर पहुंच रहे नेता पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। नेताओं के आने जाने और पुलिस पर लग रहे आरोप जिले की सियासत को और गर्म कर रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच पुलिस भी मौत का राज नहीं खोल पा रही है। छात्रा की मौत के चौथे दिन मंगलवार को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य भी शाहीपुर गांव पहुंचकर मृतक छात्रा के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मौर्य समाज के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में राज्य में अधिकतर अपराधी मुख्यमंत्री की बिरादरी के हैं, जो कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रिया की मौत के बाद पुलिस आरोपी प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार नहीं कर रही है। प्रशासन तानाशाही वाला रवैया अपना रही है। कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। कुछ पत्रकारों के साथ भी पुलिस ने अभद्रता की। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की जाएगी। उन्होंने प्रधानाध्यापक राजकपूर सिंह पर छात्रा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब बस चालक ने छात्रा से छेड़छाड़ की और छात्रा ने जब प्रधानाध्यापक से शिकायत की तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्रधानाध्यापक ने छात्रा को ही प्रताड़ित किया। वहीं स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि छात्रा की मौत के जिम्मेदारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। छात्रा को न्याय दिलाने के लिए अंत तक लडाई लड़ी जाएगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक बयान दिया है। उन्होंने सीएम योगी की जाति पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में अधिकतर अपराधी मुख्यमंत्री की बिरादरी के हैं, जो कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। मौर्या ने यह भी आरोप लगाया कि ये लोग खुद को मुख्यमंत्री समझने लगे हैं, जबकि मुख्यमंत्री इन घटनाओं पर मूकदर्शक बने हुए हैं। वहीं मृतक छात्रा के पिता ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने बताया कि प्रधानाध्यापक का इस्तीफा किसको दिया गया किस नम्बर पर भेजा गया। पुलिस यह सब पता लगाने में नाकाम साबित हो रही है।



मृतका के पिता को ढांढस बंधाते स्वामी प्रसाद मौर्य। अमृत विचार



पीड़ित परिवार से बात करते सांसद नरेश उत्तम पटेल।



दिवंगत छात्रा को न्याय के लिए उतरा गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक।

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य छात्रा परिजनों से मिले

### सांसद ने भी परिवार से की मुलाकात

- छात्रा की मौत के बाद चौथे दिन सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक छात्रा प्रिया मौर्या के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने भी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अपनाया जा रहा रवैया ठीक नहीं है। नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि पूरे मामले की गहनता से जांच कराई जाएगी। दोषी किसी भी हाल भी बच नहीं पाएंगे।

### उपमुख्यमंत्री के भतीजे ने न्याय का दिलाया भरोसा

- उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के भतीजे रवी मौर्या ने भी मंगलवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री से की जाएगी। दोषियों को बख्सा नहीं जाएगा।

### कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल भी करेगा मुलाकात

- शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भी पीड़ित परिवार से मुलाकात करने उसके घर पहुंचेगा। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता ने पत्र जारी किया है। पार्टी का 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चार अक्टूबर को शाही गांव पहुंचे।

### दिवंगत छात्रा के पक्ष में उतरी गुलाबी गैंग

- **फतेहपुर।** जिले के खागा कस्बे में बीते दिनों छेड़खानी एवं अभद्रता से आजिज आकर स्कूल की तीसरी मंजिल से कूद जान देने वाली छात्रा प्रिया मौर्या के आरोपियों को सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने के लिए मंगलवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति का ज्ञापन भेजा है। गैंग की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में गैंग की अन्य कई सदस्यों ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि दिवंगत छात्रा की घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए बस चालक एवं प्रधानाचार्य पर सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं जिले में संचालित निजी विद्यालयों की मनमानी पर रोक लगाते हुए इनसे नियम कायदों को कड़ाई से पालन कराया जाए। बताया कि पुलिस द्वारा महिला उत्पीड़न की प्रकरणों पर तत्काल सुनवाई की जाए। मांगों के निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

# 3 दिन से लापता वृद्ध का शव खेत में मिला

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** तीन दिन से लापता वृद्ध का शव खेत में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बहू ने अपने जेठ पर ससुर की हत्या करने का आरोप लगाकर तहरीर दी है।

कहा कि पति के इलाज के लिए ससुर ने खेत बिक्री की बात की थी। यह बात जेठ को पता चल गई और उसके बाद से ही ससुर लापता हो गए थे। वहीं मृतक की बहू की तहरीर पर जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली के बेहरिन गांव निवासी रामशंकर (65) पुत्र बेंचेलाल के तीन पुत्र धर्मवीर, राजवीर, गोंविद है। तीनों अपने परिवार के साथ रहते हैं। छोटे पुत्र गोविंद की मानसिक स्थिति सही नहीं रहती। 23 सितंवर को राजवीर की तबियत बिगड़ गई जिसे परिजनों ने कानपुर में भर्ती कराया। रामशंकर उसके ईलाज के लिए खेत बिक्री की बात कर रहा था। 29 सितंबर को रामशंकर लापता हो गया। मंगलवार को खेत में उनका शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# हमले के विरोध में लेखपालों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थानां नवाबगंज में पंचायत की भूमि से अतिक्रमण हटवाने गए लेखपालों को दबंगो द्वारा एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में दौड़ा दौड़ा कर पीटने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अजीत द्विवेदी के नेतृत्व में लेखपाल कलमबंद हड़ताल के साथ तहसील सदर में धरने पर बैठे हैं। हमले के शिकार लेखपाल रुद्र प्रताप सिंह एवं लेखपाल सौरभ पांडे कई साथियों के साथ थाना नवाबगंज में धरने पर बैठे हैं। वहीं दूसरी तरफ लेखपालों के साथ मारपीट करने वाले एक दर्जन हमलावरों की पहचान हो गई है।

लेखपालों द्वारा थाने में धरना दिए जाने के बारे में भाटी ने बताया कि उन्होंने मुकदमे के वादी दोनों लेखपालों को थाने पर बुलाया था, जिन्होंने 11 हमलावरों की पहचान कर ली है। तहसील सदर में साथियों को संबोधित करते हुए लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अजीत द्विवेदी ने कहा कि जब तक सभी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर तीनों तहसीलों के पदाधिकारी आदि लेखपाल बैठे हैं। बताते चलें कि थाना नवाबगंज के गांव उखरा में ग्राम पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने भवन बना लिए थे। दो दिन पहले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाने गई राजस्व टीम ने जेसीबी चलवा कर सभी मकान ध्वस्त कर दिए। इसके बाद सपा के प्रतिनिधिमंडल ने गांव उखरा पहुंचकर वहां के लोगों को भरोसा दिया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर वह यहां आए हैं। उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद गांव वाले भड़क गए। राजस्व टीम पर गांव वालों ने हमला कर दिया था।



तहसील सदर में धरने पर बैठे लेखपाल। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कंडक्टर ने बस में युवती से किया दुष्कर्म का प्रयास

**सौरिख,कन्नौज।** आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नोएडा से लखनऊ जा रही बस में कंडक्टर ने युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया है। युवती के चिल्लाने पर सवारियां जाग गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस कंडक्टर एवं पीड़िता को थाने ले गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। लखनऊ निवासी युवती नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करती है। और सोमवार रात करीब 11 बजे प्राइवेट बस से लखनऊ जा रही थी। रात में बस में बैठी सभी सवारियां सो रही थी तभी बस में मौजूद गोंडा निवासी कंडक्टर रिजवान ने मौके का फायदा उठाते हुए सो रही युवती से छेड़छाड़ शुरू कर दी। इससे उसकी नींद खुल गई और विरोध करने लगी। आरोप है कि तभी कंडक्टर ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। युवती के शोर मचाने पर सवारियां जाग गईं, जिससे युवती की अस्मत बच सकी। युवती ने 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस एवं थाना पुलिस ने सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर 154 कट पर बस को रुकवा कर आरोपी कंडक्टर एवं पीड़िता को थाने ले गई। तहरीर मिलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी। परिजनों के पहुंचने पर पीड़िता को पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

### जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत

**गुरसहायगंज/कन्नौज।** जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृत अवस्था में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। तालग्राम थाना क्षेत्रके गांव हाजिरपुर निवासी किसान सरमन लाल(42) पुत्र राजाराम सोमवार की शाम आठ बजे के करीब घर के अंदर आलू की बुवाई के लिए बीज काट रहा था। तभी आंगन में सूख रहे आलू से सर्प निकल आया। सर्प ने उसके हाथ की उंगली में डस लिया। परिजन इधर-उधर ले जाकर झाड़ फूक कराते रहे। रात दो बजे के करीव हालत और खराब हुई तो जिला अस्पताल लाने के लिये वाहन की तलाश की। निजी वाहन तलाशते रहे पर नहीं मिला। किसी को भी यह नहीं समझ में आया कि 108 नंबर पर फोन लगा कर एंबुलेंस को बुला लें। इलाज न मिलने से मौत हो गई। परिजन सुवह आठे बजे के करीव उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां इमरजेंसी के डॉ. हरिमाधौ ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों के कहने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। किसान की मौत से पत्नी मंजू देवी, पुत्री अंजली, पुत्र अल्केश व नितिन सहित परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर विधिक कार्रवाई की।

### डकैती में वांछित 25,000 का इनामी किया गिरफ्तार

**कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र में दो गांव के दो घरों में बीते माह पड़ी डकैती के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से नकदी बरामद हुई है। थानाध्यक्ष अरूण कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना ठठिया क्षेत्रमें पड़ी डकैती के मामले में वांछित चल रहे डकैत विनीश पुत्र रामचन्द्र निवासी बलनपुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज हाल पता ओमपुरी नानागंज झाला थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी के समय ठठिया थाना प्रभारी अरूण कुमार चौधरी, कमलभाटी एसओजी प्रभारी, दरोगा हसीब अहमद थाना ठठिया, सिपाही सौरभ थाना ठठिया,सिपाही सागर पंवार थाना ठठिया, हेड सिपाही तेज प्रताप एसओजी टीम, हेड सिपाही सुधीर कुमार एसओजी, हेड सिपाही रविन्द्र यादव एसओजी, सिपाही मनीष कुमार सिंह एसओजी, सिपाही विकास अग्रहरि एसओजी, सिपाही यगन एसओजी सामिल रहे।

### बांसक रजबहा में दिखा मगरमच्छ

**बसरेहर।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव ईश्वरपुर व हिद्दपुरा राजपुर के बीच बांसक रजबहे में मगरमच्छ दिखने से दहशत फैल गई। रजबहे के किनारे भैंस चरा रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस फोर्स और वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को खोजने का काफी प्रयास किया। रजबहे में पानी अधिक होने के कारण नहीं दिख सका। ग्रामीण कल्लू यादव, डा. राजेन्द्र कुमार, डा. अनूप कुमार राजपुर, नरेंद्र सिंह, शादी लाल, जनवेद सिंह, रविंद्र सिंह, अनूप, लखन सिंह, मिलाप सिंह, सूबेदार सिंह ने बताया कि जैसे ही वे अपने गांव ईश्वरपुरा व हिद्दपुरा के लोग रजबहे की पटरी पर भैंसों को चराने के लिए जा रहे थे। पटरी के किनारे मगरमच्छ को पानी के बाहर पड़ा देख सभी लोगों के होश उड़ गए। वन विभाग की टीम ने अपने दो कैटल गार्ड नेत्रपाल व उपेंद्र सिंह को वहां पर लगा दिया है, जो निगरानी करेंगे।

### युवक ने खुद को गोली से उड़ाया

**हमीरपुर।** थाना बिवांर के लदार गांव में एक युवक ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। थाने की कुनेहटा पुलिस चौकी में मनसुख यादव पुत्र राम आसरे ने सूचना दी कि उसके छोटे भाई सबल यादव (40) पुत्र राम आसरे ने अपने भाई मंगल यादव के घर के अंदर अवैध तमंचे से गले में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। बिवांर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को मोर्चरी हाउस भिजवाया है। साथ अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया है।

### भूमि विवाद में वृद्ध की पीटकर हत्या

**फतेहपुर।** लखनऊ में तैनात दरोगा के पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। धाता थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान दरोगा के पिता भैरो प्रसाद की लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धाता थाने के भैदपुर गांव में भैरो प्रसाद अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका गांव के ही शिव बोधन से दो साल से जर्मीन का विवाद चल रहा था। सोमवार शाम करीब छह बजे दोनों पक्षों में जमीन को लेकर कहासुनी होने लगी। दोनों पक्ष एक-दूसरे को लाठी-डंडों से पीटने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोप है शिव बोधन ने अपने परिवार के साथ मिलकर भैरो प्रसाद पर लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। जब तक परिवार के लोग आरोपियों को पकड़ते वह भाग चुके थे। घायल अवस्था में भैरो प्रसाद को धाता के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे बृजेन्द्र चौधरी ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के शिव बोधन, मनोज, सुमित्रा, मीरा, रितेश और शिवम समेत कई लोगों ने उनके पिता पर हमला किया। भैरो प्रसाद की मौत से उनके परिवार में मातम का माहौल है। मृतक के तीन बेटे राममिलन, बजेन्द्र और ज्ञानी हैं। बताया जा रहा है कि मृतक का एक बेटा दरोगा है। वह लखनऊ में तैनात है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी आलोक कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### धान के खेत में मिला युवक का शव

**सौरिख, कन्नौज।** धान के खेत में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से आपत्तिजनक सामग्री समेत कुछ दवाइयां मिली हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम में कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दे दिया। मंगलवार सुबह सौरिख थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव के बाहर स्थित परशुराम के धान के खेत में इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के तिज्जापुर्वा गांव निवासी दीपेंद्र कुमार (18) पुत्र नागेश चंद्र का शव पानी में पड़ा मिला है। पास में मृतक की साइकिल भी पड़ी हुई थी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए घटना से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया।

## जरा याद करो कुर्बानी

### जिले भर में होंगे आयोजन, आजादी में राष्ट्रपिता के योगदान पर चर्चा के दिये गये दिश-निर्देश

# शास्त्री को भूला शासन, शासनादेश में गांधी जयंती का ही उल्लेख

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बुधवार को जिले भर में आयोजन होंगे। 155वीं जयंती पर सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर राष्ट्रध्वज फहराने के आदेश जारी हुए हैं। खास बात यह है कि इस बार शासन ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भुला दिया है, जबकि उनकी भी जयंती हर साल 2 अक्टूबर को ही मनाई जाती है।

राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती पर सभी जिलाधिकारियों को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से पत्र जारी हुआ है। इसके विषय में ही सिर्फ महात्मा गांधी की जन्मदिवस पर समारोह माने का संदर्भ है। कहा गया है कि स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा व गति देने में राष्ट्रपिता का अतुलनीय योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया। राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। दूसरे बिंदु में लिखा है कि पूर्व की भांती इस वर्ष भी दो अक्टूबर को गांधी जयंती समारोह सम्मानपूर्वक आयोजित की जाए। सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाए।

सभी कार्यालयों, विद्यालयों व दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः नौ बजे महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण कर, उनके राष्ट्र के निर्माण में योगदान पर चर्चा की जाए। खास बात यह है कि इस पूरे शासनादेश में देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जिनका जन्म भी इसी दिवस पर हुआ है उनका कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि शासन व प्रशासन ने गुदड़ी के लाल व सादगी और इमानदारी के पयार्य लाल बहादुर शास्त्री को भुला दिया है।



### गांधी जयंती पर होगी दौड़ प्रतियोगिता

- **सौरिख, कन्नौज।** हरिभानपुर गांव में स्थित स्पोर्ट स्टेडियम में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बालक एवं बालिका वर्ग में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में हरिभानपुर गांव में स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 5 किलोमीटर पुरुष वर्ग, जबकि 3 किलोमीटर महिला वर्ग में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन ने खिलाड़ियों से दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

# किशोरी से छेड़खानी में 3 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- दिबियापुर क्षेत्र में 10 अप्रैल 2018 को कॉलेज जाते समय हुई थी घटना

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र में परीक्षा देने कॉलेज जाते समय रास्ते में छात्रा के साथ छेड़खानी करने के मामले में अदालत ने 6साल बाद फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मनराज सिंह ने दोषी को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा और विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा ने बताया कि पीड़ित छात्रा ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर दिबियापुर थाने में छेड़खानी का मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसने बताया था कि वह मानस इण्टर कालेज कंचौसी की छात्रा है। 10 अप्रैल 2018 वह सुबह 6:30 बजे परीक्षा देने कॉलेज जा रही थी। जैसे ही वह बिहारीपुर के आगे पहुंची, तभी जमौली गांव के रहने वाले आवास उर्फ रिंकू ने उसका रास्ता रोक लिया और बदनियती से उसके साथ छेड़खानी करने लगा।

वह चिल्लाई तो मौके पर राहगीर आ गये, जिससे आरोपी गालियां और धमकी देते हुए भाग गया। उसने सारी बात घर पहुंचकर परिजनों को बताई तो उसकी मां उलाहना देने आरोपी के घर पहुंची। उलाहना देने पर आरोपी की मां बोली कि बेटी की शादी आवास से कर दो। पीड़िता की उम्र 17 वर्ष थी। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया और विवेचना में मामला सही पाये जाने पर कोर्ट में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। यह मुकदमा विशेष न्यायालय (पॉक्सो) में चला, जिसका मंगलवार को निर्णय हुआ। इसके पूर्व अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने इसे गम्भीर प्रकृति का अपराध बताते हुए कठोर सजा देने की मांग की। बचाव पक्ष ने उसे निर्दोष बताया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने अभियुक्त आवास उर्फ रिंकू को 3 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# 250 लोगों के मजरे तक भी बनेगी पक्की सड़क

## मुख्यमंत्री ने की पीडब्ल्यूडी की समीक्षा, सांसदों-विधायकों से मांगा 15 दिन में प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में मजरे से लेकर हर ग्राम पंचायत, कस्बे, नगर और महानगर में बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिशन मोड में आ गए हैं। उन्होंने 250 लोगों के मजरे को भी पक्की सड़क से जोड़ने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों, विधायकों से अपने क्षेत्र में नई सड़क, बाईपास, अथवा पुल-पुलिया के निर्माण और पुराने की मरम्मत के लिए अगले 15 दिन में प्रस्ताव तैयार करने को कहा है।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में, गांव हो या नगरीय क्षेत्र, सड़कें अच्छी होनी चाहिए, इसके लिए सांसद और विधायकगण को भी प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़कों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधि गण अपने जिले के प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में कोर कमेटी के साथ बातचीत करके जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी नई सड़क की जरूरत हो, पुराने की मरम्मत करानी हो, सेतु निर्माण, रिंग रोड/बाईपास, प्रमुख/अन्य जिला मार्ग अथवा सर्विस लेन आदि की आवश्यकता हो, जनप्रतिनिधिगण प्रस्ताव भेजें, शासन स्तर से तत्काल निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी मजरे में मात्र 250 लोगों की आबादी है तो भी वहां पक्की सड़क की सुविधा मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में बाईपास मार्ग नहीं है, वहां के जनप्रतिनिधि आवश्यकतानुसार प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक अथवा पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए भी पर्याप्त बजट रखा गया है। पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे क्षेत्रों की सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक, लॉजिस्टिक पार्क, चीनी मिल परिक्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी आवश्यक है। इसी तरह यदि कहीं भी तहसील और ब्लॉक मुख्यालय 2 लेन सड़क से नहीं जुड़ें हैं तो तत्काल सूचना देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट अथवा इंटरनेशनल कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए कार्य जारी है। सीमा पर मैत्री द्वार भी बनाए जाने हैं।

### रोड बाधित कर न हो चेकिंग

- भारी वाहनों की ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री ने "जीरो पॉइंट" पर एक्टिव रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर सामान्य आवागमन बाधित कर जांच करने की बजाए, जहां से वाहन चलना प्रारंभ किया है, वहीं कार्यवाही करें। बैठक में सभी ज़ोन, मंडलों, रेंज, जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

### 10 अक्टूबर तक पूरा हो गड्ढामुक्ति

- बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान में जारी सड़कों की मरम्मत, गड्ढामुक्ति के प्रदेशव्यापी अभियान को पहले चरण में 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के भी निर्देश दिए।

● कहा-सड़कों व सेतुओं के लिए पैसे की कोई कमी नहीं औचित्य बताकर प्रस्ताव दें

### कहीं भी सड़क खोद कर न बनने पाए पूजा पंडाल

- **लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों पर पुलिस और प्रशासन को 24×7 अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे। निर्देश दिए कि कहीं भी सड़क खोद कर पंडाल न बनाया जाए। पंडाल बनाते समय यातायात की सुगमता का पूरा ध्यान रखा जाए। मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी व पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने त्योहारी माहौल में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि उल्लास और उमंग का यह समय शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में बीते, इसके लिए बीट सिपाही से लेकर चौकी, थाना, जिला, रेंज, ज़ोन, मंडल में तैनात हर अधिकारी को प्रयास करना होगा। अगले दो दिनों में सभी दुर्गा पूजा कमेटियों से थाना, सर्किल और जनपद स्तर पर संवाद कर लिया जाए। कहीं भी सड़क खोद कर पंडाल न बनाया जाए। पंडाल बनाते समय यातायात की सुगमता का पूरा ध्यान रखा जाए। प्रतिमा की ऊंचाई एक सीमा से अधिक न हो। कमेटियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित कराएं कि उनके परिसर में ऐसा कोई कृत्य नहीं होगा, जिससे किसी अन्य की आस्था आहत हो। फूहड़ अथवा कानफोड़ू गीत-संगीत-नृत्य नहीं होना चाहिए। कमेटी द्वारा पंडाल व आस-पास साफ-सफाई का माहौल बना कर रखना होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन का रूट पहले से स्पष्ट होना चाहिए। यह सुनिश्चित कर लें कि प्रतिमा विसर्जन रूट पर कहीं हाईटेंशन लाइन न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। पंडालों में फायर सेफ्टी के संबंध में आवश्यक प्रबन्ध होने चाहिए। योगी ने निर्देश दिया कि हाल के दिनों में रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर, पत्थर रखने जैसी सूचनाएं मिली हैं। ऐसे में रेलवे के साथ मिलकर इंटेलिजेंस को बेहतर बनाएं।

## सार-संक्षेप

### पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया मानहानि का मुकदमा

**अयोध्या :** भाजपा के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने एक प्रमुख अखबार के डिजिटल प्लेटफॉर्म के तीन प्रमुख लोगों के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इसमें मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ गीतिका सिंह की कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। अब अन्य गवाहों के बयान के लिए अगली पेशी 15 अक्टूबर नियत की गई है। अधिवक्ता शीतला सिंह और अवनीश श्रीवास्तव ने बताया कि दायर किए गए परिवाद में पूर्व सांसद ने कहा है कि वह 2014 से 2024 तक लगातार दो बार भाजपा के फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे। 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा में उनके पराजित होने पर एक अखबार समूह के डिजिटल प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया पर उसकी व भाजपा की प्रतिष्ठा गिराने के इरादे से सांसद लल्लू सिंह पर अयोध्या क्षेत्र में जमीन खरीद कर उसे ऊंचे दामों में बेचने का आरोप लगाया। विपक्षी नेताओं द्वारा अयोध्या में जमीन के खरीद बिक्री का मुद्दा भी जोरों शोरों से उठाया गया था। यह समाचार बिना सच्चाई की गहनता से जांच किए, कारण तथा बिना तथ्यों की पुष्टि किए नितांत अपमानजनक व झूठा है। भाजपा व उनकी सर्वमान्य वेदाग प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचाया। इसी मामले में पूर्व सांसद लल्लू सिंह मंगलवार को उपस्थित हुए और कोर्ट ने उनका बयान दर्ज किया।

### किशोरी की मौत के मामले में 4 पुलिसकर्मी निलंबित

**रामनगर, बाराबंकी :** नो एंट्री के बावजूद सोमवार की रात जुलूस वाले मार्ग से गुजर रहे एक ट्रक की टक्कर से किशोरी की मौत हो गयी थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने थाने का घेराव किया था। हादसे का जिम्मेदार मानते हुए मंगलवार को एसपी ने एसआई के अलावा तीन अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा ग्राम नटनीय निवासी मो. इश्तियाक करीब 3 माह से कस्बा रामनगर निवासी रहीम ठेकेदार के घर में परिवार सहित किराये पर रहता है। सोमवार रात बारह रबी उल अव्वल के चलते झंडा जुलूस निकाला गया था। कस्बे में कई जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसकी वजह से बदोसरांय की ओर से व रामनगर तिराहा से नगर के अंदर आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी बीच, इश्तियाक की पुत्री शमा झंडा जुलूस देख घर जा रही थी। उपाध्याय मोड़ के पास बदोसरांय की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

# आदमखोर बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

● मोहम्मदी क्षेत्र में खेत के किनारे घास काट रहा था, अधखाया शव मिला

**अमृत विचार:** मोहम्मदी क्षेत्र के गांव नासियाघाट में बाघ ने घास काट रहे एक ग्रामीण पर हमला बोल दिया। ग्रामीण का अधखाया शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ है। गुस्साए परिजनों ने मुआवजा समेत अन्य कई मांगों को लेकर हंगामा किया। विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह और वन विभाग समेत अन्य अफसरों ने बमुश्किल समझाकर परिजनों को शांत किया।

गांव शाहपुर राजा निवासी 45 वर्षीय प्रभुदयाल विश्वकर्मा साइकिल से मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे पशुओं के लिए घास लेने पड़ोस के गांव नासियाघाट गया था। वह गन्ने के खेत के सामने घास काट रहा था। इसी बीच छिपे बैठे बाघ ने उसकी गर्दन दबोच ली और करीब 200



प्रभु दयाल।

मीटर दूर गन्ने के खेत में खींच ले गया, जहां उसे निवाला बनाना शुरू कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि प्रभुदयाल जब काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने लगे। मौके पर उसकी साइकिल खड़ी मिली। इधर उधर देखा तो उसकी चप्पलें और हंसिया पड़ा मिला। शव गन्ने के खेत में पड़ा दिखा। बाघ के हमले से मौत की खबर से समूचे क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पाकर क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम अवनीश कुमार, रेंजर नरेश पाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की तो परिजन भड़क गए। वह मुआवजा देने समेत अन्य मांगें करने लगे। विधायक व अफसरों ने उन्हें मांगों के प्रति आश्वस्त किया। तब लोग माने और पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बता दें कि इससे पहले भी बाघ हमला करके दो ग्रामीणों को निवाला बना चुका है।

> वन्यजीव के गन्ने के खेतों में छुपे होने की संभावना होने पर वन विभाग की टीमें निरंतर गश्त कर रहीं हैं साथ ही खेतों पर समूह बनाकर जाने की सलाह दी जा रही है। विशेषज्ञों का दल बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिए पूरे इंतजाम के साथ डटा है।
>
> –संजय कुमार बिश्वाल, प्रभागीय वनाधिकारी

# चार साल की बच्ची से शिक्षक ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, भीरा (लखीमपुर खीरी)

● घर पर बच्ची को ट्यूशन पढ़ाने आता था शिक्षक, किया गया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** चार साल की बच्ची को ट्यूशन पढ़ाने आए शिक्षक ने उससे दुष्कर्म की कोशिश की। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर परिवार के लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना सोमवार की शाम करीब पांच बजे की है। थाना क्षेत्र का सुनील कुमार मिश्रा घर पर आकर चार साल की बच्ची को ट्यूशन पढ़ाता था। सोमवार की शाम को वह ट्यूशन पढ़ाने आया था। परिवार वालों ने बताया कि आरोपी ने कुछ देर तक तो बच्ची को पढ़ाया। बाद में मौका पाकर बच्ची को बगल के कमरे में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। बच्ची जब रोने लगी और उसने शोर मचाया तो परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों को आते देख आरोपी बच्ची को छोड़कर मौके से भाग निकला। बच्ची की हालत देख परिवार वाले अवाक् रह गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। पीड़ित बच्ची के पिता ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

# राहुल गांधी के मानहानि मामले फिर टली सुनवाई

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को परिवादी के वकील संतोष पांडेय की अस्वस्थता के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने परिवादी के साक्ष्य के लिए नौ अक्टूबर की तारीख नियत की है। बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

### संदना में मिली कोलकाता की युवती, ग्रामीणों ने आश्रम घेरा

**सीतापुर :** लखनऊ जनपद के मलिहाबाद थानाक्षेत्र की सीमा के करीब कोलकाता की युवती मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का आरोप एक आश्रम में युवती को बंधक बनाए जाने का है। इसी अफवाह के बाद आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगों ने आश्रम घेर लिया। जिस पर छह थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को खदेड़ा। सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र का हिंडौरा गांव पड़ोसी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र की सीमा के करीब है। ग्रामीण दीपेंद्र, नारायण, मुल्लू, मनोज मौर्य, हिमांशु शुक्ला, सोनू अवस्थी के मुताबिक, एक आश्रम से कोलकाता की युवती भागकर दूसरे गांव लक्ष्मणपुर पहुंची थी।

# नारी शक्ति के तरक्की की बानगी बनेगा वीमेन्स फेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** राज्य सरकार मिशन शक्ति के पांचवे चरण में महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने और इंटरप्रेन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वीमेन्स फेस्ट का आयोजन करने का जा रही है। साथ ही सभी कार्यस्थलों पर रिटायरिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए क्रेच की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री शारदीय नवरात्रि के पहले दिन 3 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास से मिशन शक्ति के पांचवे चरण का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान विभिन्न जिलों के मिशन शक्ति नोडल अधिकारी बनाए गए पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन जुड़ेंगे।

वहीं राजधानी लखनऊ के साथ सभी कमिश्नरेट और जिलों में महिला सशक्तिकरण रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का भी शुभारंभ किया जाएगा।

सरकार ने इस बार 1090 चौराहे पर महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने और इंटरप्रेन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वीमेन्स फेस्ट का आयोजन कराने का निर्णय लिया है।

### महिलाओं के लिए रिटायरिंग रूम, क्रेच और हॉस्टल्स बनेगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत प्रदेश के सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं के रिटायरिंग रूम और क्रेच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा पुलिस लाइन, पीएसी वाहिनी परिसर, मेडिकल कॉलेज आदि जगहों पर वर्किंग वीमेन हॉस्टल्स का निर्माण किया जाएगा। यहां पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। प्रदेश के हर थाने में महिला बैरक की व्यवस्था की सुनिश्चित की जाएगी। राजधानी लखनऊ की तर्ज पर सभी कमिश्नरेट में पिंक बूथ की स्थापना और पिंक स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश भी हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों मॉल, सार्वजनिक स्मारक, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चिड़ियाघर आदि शिशुओं के लिए फिडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वहीं असंगठित क्षेत्रों में (बिल्डिंग कंसट्रक्शन साइट, कारखाने, फैक्टरी) कार्य करने वाली महिलाओं के लिए विश्राम स्थल और पिंक टॉयलेट की व्यवस्था करने के निर्देश हैं।

इसे महिलाओं के स्वयं सहायता समूह और सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा लगाया जाएगा, जिसमें उनके द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके तहत सांस्कृतिक संगीता संध्या, वार्ता कार्यक्रम, स्वास्थ्य चेकअप कैंप, प्रेरणात्मक भाषण, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सत्र आदि का आयोजन किया जाएगा। मिशन शक्ति के पांचवे चरण को 12 विभाग मिलकर सफल बनाएंगे।

# झारखंड की आईडी से फर्जी आधार बनाने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बिशारतगंज

● पांच सौ रुपये लेकर पांच मिनट में तैयार कर देते थे आधार कार्ड

**अमृत विचार :** बिशारतगंज थाना क्षेत्र में झारखंड की आईडी पर फर्जी आधार कार्ड बनाने और आधार अपडेट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान कस्बा बिशारतगंज निवासी आशीष कुमार मित्तल और सूरज कुमार के रूप में हुई है। दोनों से लंबी पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

बिशारतगंज थानाध्यक्ष सतीश कुमार धीमान ने बताया कि क्षेत्र में लगातार फर्जी आधार कार्ड बनाने की शिकायत मिल रही थी। इसपर टीम ने कस्बा स्थित एक दुकान पर दबिश दी। जहां पर झारखंड की एक आईडी पर अवैध तरीके से आधार कार्ड अपडेट करने और फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो आरोपी सही जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ और झारखंड के दूसरे व्यक्ति के नाम पर आधार कार्ड बनाने वाली रजिस्टर्ड मशीन को फर्जी थम्ब क्लोन बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा था।

पांच सौ रुपये लेकर आरोपी पांच मिनट में फर्जी आधार तैयार कर देते थे। पुलिस ने आरोपियों से चार लैपटॉप, सात प्रिन्टर, एक स्कैनर, दो टीएफटी, एक सीपीयू, एक थम्ब क्लोनमेकिंग मशीन, आईरिसमशीन, लेमीनेशन मशीन, चार मोबाइल, दो थम्ब स्कैनर, एक वायरकनेक्टर, दो वेब केमरा, 80 आधार कार्ड, 27 आयुष्मान कार्ड, 130 छायाप्रति आधार केवाईसीफार्म समेत अन्य सामान किया है।

# 16 वर्ष बाद निगम प्राधिकारियों की चूक से शिक्षकों की सेवा समाप्ति अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंशकालिक शिक्षकों की सेवा समाप्ति के एक मामले पर विचार करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि अपेक्षित योग्यता रखने वाले अंशकालिक शिक्षकों को 15-16 साल की सेवा के बाद सेवा से इस आधार पर बर्खास्त नहीं किया जा सकता कि नगर निगम की ओर से ऐसे शिक्षकों की नियुक्ति में प्रक्रियागत खामियां थीं। कोर्ट ने आगे कहा कि एक बार जब 1921 के अधिनियम की धारा 7एए के अनुसार याचियों की नियुक्ति की गई थी तो दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन देने जैसी छोटी प्रक्रियात्मक अनियमितता पर ध्यान देना उचित नहीं है। नियुक्ति के संबंध में केवल यह विचार करना आवश्यक है कि याचियों के पास अपेक्षित योग्यता थी और उनका चयन वैध रूप से गठित चयन समिति द्वारा किया गया था या नहीं। कोर्ट ने पाया कि नगर निगम के प्राधिकारियों की ओर से की गई चूक के लिए याचियों को दंडित नहीं किया जा सकता है। अतः कोर्ट ने याचियों की नियुक्तियों को रद्द करने वाले नगर आयुक्त के आदेश को रद्द करने के साथ ही मामले को उत्तर प्रदेश हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज अधिनियम, 1971 की धारा 7 एए के अनुसार संबंधित अधिकारी के पास नए सिरे से विचार करने के लिए वापस भेज दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने श्रीमती पूनम शुक्ला व अन्य की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल नगर निगम, कानपुर द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त विद्यालयों में 41 याचियों को शिक्षकों की अतिरिक्त आवश्यकता को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया था। नगर निगम द्वारा विज्ञापन जारी किए जाने के बाद अपेक्षित योग्यता के आधार पर नियुक्तियां की गईं और वेतन निर्धारित किया गया। नियुक्त शिक्षकों के खिलाफ कथित शिकायतों के कारण सचिव, लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश ने नगर आयुक्त को पत्र जारी कर नए सिरे से नियुक्तियां करने का आदेश दिया। पत्र के अनुपालन में एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिसमें याचियों की सेवाएं आगे न बढ़ाने के लिए निर्देश जारी किया गया। उक्त विज्ञापन को याचियों ने चुनौती दी, जिसके सापेक्ष हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि मुकदमे के निस्तारित होने तक जो याची जीवित हैं उन्हें सेवा में लिया जाए।

**रिकार्ड खंगाला** | विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के पास मामला पहुंचने से हलचल

# अधिग्रहीत जमीन अब भी किसानों के नाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जांच के लिए गठित चार सदस्यीय समिति ने दोषी अधिकारी की शुरू की तलाश

● विधान परिषद की समिति ने जिला प्रशासन से एक महीने के अंदर मांगी है रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सरकारी दफ्तरों में सितारगंज फोरलेन हाईवे और आउटर रिंग रोड के भूमि अधिग्रहण में हुए 80 करोड़ के घोटाले की गूंज के बीच एक 52 बरस पुराने मामले ने भी अफसरों को चक्कर में डाल दिया है। नेशनल हाईवे पर बरेली-पीलीभीत रोड के लिए 1972 में बिहारमान नगला में अधिग्रहीत भूमि अमल दरामद न होने की वजह से राजस्व अभिलेखों में अब भी किसानों के नाम दर्ज है। हाल ही में यह मामला विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के पास पहुंचने के बाद तहसील सदर में एक टीम गठित कर 52 साल पुराने रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

चार सदस्यीय टीम का गठन तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया है जो यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किसकी लापरवाही से जमीन का अमल दरामद नहीं हुआ, हालांकि ये जांच अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की जानकारी में यह मामला तब आया जब जितेंद्र पाल नाम के एक व्यक्ति ने अधिग्रहीत भूमि के कागजात में नाम दर्ज कराने के संबंध में पत्र लिखा। इसके बाद समिति की ओर से 25 जुलाई को इस प्रकरण में सुनवाई की और फिर जिला प्रशासन को एक महीने के अंदर इस पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

समिति की ओर से कहा गया है कि यह गंभीर गलती जांच का विषय है और गलती करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके बाद राजस्व विभाग के अधिकारी पुराने दस्तावेजों की जांच कर अधिग्रहीत भूमि की अमल दरामद न कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारी को चिह्नित करने की कोशिश कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देश पर एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार चौबारी, राजस्व निरीक्षक भोजीपुरा और क्षेत्रीय लेखपाल की समिति गठित कर 1972 के सभी कागजात की जांच करने का निर्देश दिया है।

### कई दिन की कवायद बेनतीजा, अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची जांच कमेटी

- विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के निर्देश पर गठित की गई टीम कई दिन से सदर तहसील के रिकार्ड रूम में पुराने कागजात खंगाल रही है लेकिन अभी यह जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। यह संभावना जरूर जताई जा रही है कि 1972 में लोक निर्माण विभाग ने पीलीभीत रोड के लिए भूमि का अधिग्रहण कराया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से अगर नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए अधिग्रहीत भूमि का अमल दरामद करने के संबंध में पत्र नहीं आया होगा तो राजस्व विभाग में यह कार्रवाई नहीं हुई होगी। इसी वजह से अधिग्रहीत जमीन पुरानी खतौनी में ही दर्ज रह गई। बहरहाल अभी जांच जारी है।

# महंत नृत्य गोपाल दास पूर्ण रूप से स्वस्थ : चंपत

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया पर चल रहीं भ्रामक खबरों पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास महाराज पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। वह अपने निवास स्थान मणिराम दास छावनी में हैं।

सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उनके स्वास्थ्य को लेकर कुछ भ्रामक और झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं। जो समाज में भ्रांति और चिंता का कारण बन रही हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और न ही इन्हें फैलाएं। महाराज के स्वास्थ्य के बारे में सटीक जानकारी के लिए केवल अधिकृत स्रोतों पर ही भरोसा करें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बुढई विकास खण्ड मौदहा – हमीरपुर ।

पत्रांक– 32 / निविदा प्रकाशन / वित्त / 2024–25 दिनांक 01 /10/2024

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत बुढई मे वित्त योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो मे प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0 / लो0नि0वि0 / सि0वि0 / आयकर / व्यापार कर / ग्राम पंचायत/विकास खण्ड / जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो / सप्लायरो से मुहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसो मे प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 02.10.2024 से 15.10.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 मे दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदाये दिनांक 16.10.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोले जायेगे ।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धरोहर धनराशि ( रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | समग्री अंश (रू0 में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का पूर्ण मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन में टायलीकरण कार्य | 316000.00 | 250000.00 | 5000.00 | 250+18 प्रतिशत | 3 माह |
| 2 | नाली निर्माण सुमित यादव के मकान से रोड की पुलिया तक | 320000.00 | 252000.00 | 5040.00 | 250+18 प्रतिशत | 3 माह |
| 3 | पंचायत भवन में बाण्ड्रीवाल उच्चीकरण / तार जाली खिडकी दरवाजे आदि कार्य | 150000.00 | 130000.00 | 2600.00 | 250+18 प्रतिशत | 3 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :–**

1. निविदा प्रपत्र / कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा ।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्शित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0 / डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत बुढई वि0ख0 मौदहा – हमीरपुर के नाम बंधक / देय होगा । यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा ।
3. निविदादाता आयकर दाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय मे पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा ।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738 / 23.07.2016–176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनसार दिशा निर्देशो के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी ।
6. प्रथक – प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भली–भांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा ।
8. ग्राम पंचायत / समिति / अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदाये निरस्त कर सकती है ।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा ।
10. शासनादेश सं0 730 / 33–3–2022–11 / 2022 पंचायतीराज अनुभाग–3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये ।
11. शासनादेश सं0 137 / अडतीस – 7 – 2022–63 नरेगा / 2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये ।
12. प्रत्येक दशा मे निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाये निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये ।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये ।

**जगदीश प्रसाद**
प्रधान, ग्रा0पं0–बुढई
वि0ख0–मौदहा, हमीरपुर

**नितेश कुमार सिंह**
प्रधान, ग्रा0पं0–बुढई
वि0ख0–मौदहा, हमीरपुर

# खेलते हैं खिलाड़ी तो सम्मान, पद और पुरस्कार देती है सरकार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित दिग्गज खिलाड़ियों ने प्रदेश में आए सकारात्मक बदलाव को सराहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर खिलाड़ी अभिभूत नजर आए। उनका कहना था कि जी-जान लगाकर खेलते हैं तो सरकार सम्मान, पद और पुरस्कार देती है।

पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले गजेंद्र सिंह (पैरा एथलीट), गौरव खन्ना (पैरा बैटमिंटन), राकेश कुमार यादव (पैरा एथलीट) और डॉ. सत्यपाल सिंह (पैरा एथलीट) का भी सीएम योगी ने सम्मान किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी अवनीश सिंह मौजूद रहे।


प्रवीन कुमार

### अब मिल रहा सम्मान

2016 पैरा ओलंपिक में आए मेडल में से एक पदक यूपी से भी था, लेकिन उस समय इतना सम्मान नहीं मिला। 2020 पैरालंपिक में दो पदक आए तो भव्य सम्मान मिला और यह सिलसिला जारी है। तब और अब में यही अंतर आया। राज्य सरकार ने न सिर्फ खेल नीति बनाई, बल्कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी कर रही है।

**प्रवीन कुमार**, स्वर्ण पदक विजेता, पैरालंपिक गेम्स-2024


ललित कुमार

### नौकरी भी दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बुलाकर मंच पर सम्मानित किया। इतनी बड़ी पुरस्कार राशि दी और नौकरी भी देंगे। अब पिछली बार से और बेहतर करने का हौसला और मजबूत हुआ है। योगी आदित्यनाथ खेल प्रेमी होने के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में भी मदद कर रहे हैं, जो हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है।

**ललित कुमार उपाध्याय**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी

### मिल रहा अच्छा प्लेटफॉर्म

प्रदेश की खेल नीति काफी अच्छी है। मेडल पाने वाले खिलाड़ियों के लिए पहले इतना प्रोत्साहन नहीं था, लेकिन सीएम योगी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए काफी कुछ कर रही है। इससे खेलने वाले युवाओं को अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है। शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम बनने से प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

**राजकुमार पाल**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी


राजकुमार पाल

### दिव्यांगों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए स्टेडियम, सिंथेटिक ग्राउंड आदि का निर्माण हो रहा है। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी बहुत लाभ मिल रहा है। लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार भी खिलाड़ियों को दिया जा रहा है। सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों का सम्मान करके बड़ा काम किया है।

**दीपेश कुमार**, प्रतिभागी, पैरालंपिक गेम्स-2024


दीपेश कुमार


### डबल इंजन सरकार ने बदला माहौलः ब्रजेश


ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मौजूद नवोदित खिलाडियों का खूब हौसला बढाया। कहा कि खेलो-कूदोगो तो अब खराब नहीं नवाब बन जाओगे। उन्होंने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की चुटकी ली कि वे अब अफसोस जताते हैं कि काश, राजनीति की बजाय खेल में कैरियर बनाते तो सरकार से करोड़ों मिलते। कहा कि डबल इंजन सरकार ने खेल का माहौल बदल दिया है।

### मोदी के नेतृत्व में दिया जा रहा बढ़ावाः भूपेंद्र सिंह

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए जो प्रयास हुए हैं, उसका परिणाम आज सबके सामने है। मुख्यमंत्री योगी ने विश्वविद्यालय स्तर पर लीग और गांव स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं शुरू कराकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म दिया है।


भूपेंद्र सिंह

## हौसला बुलंद

### अगले पैरालंपिक में भी पदक लाने का सपना : सुहास

पैरा शटलर आईएएस सुहास एलवाई अब अगले पैरालंपिक में पद जीतने का सपना देख रहे हैं और इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। खेल विभाग में सचिव पद पर तैनात सुहास कहते हैं कि खिलाड़ी होने के कारण मुझ पर दोहरी जिम्मेदारी होती है और मैं उसे निभा रहा हूं। ओलंपिक हो या पैरालंपिक , सभी पदक विजेताओं को राजपत्रित अधिकारी बनाया जा रहा है। पदक विजेता 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### दुर्घटना में हाथ खोए, हिम्मत नहीं हारी अजीत ने

बीपीएड और एमपीएड कर चुके अजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में एक रेल हादसे में मेरा बायां हाथ कट गया। पैरा गेम्स के बारे में सुना था और वर्ष 2019 में पंचकुला में आयोजित पैरा गेम्स के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलते देखा। बस, ठान लिया कि मैं भी पैरा खेलों का हिस्सा बनूंगा। पेरिस में भाला फेंक में रजत पदक जीतने में कामयाब रहा। अगले पैरालंपिक में लक्ष्य पदक का रंग बदलने का है।

### घरवालों को नहीं लगी खेल के अभ्यास की खबर

हॉकी खिलाड़ी प्रीति पाल ने बताया कि बहुत दिनों तक घर में अभ्यास के बारे में पता ही नहीं चला। जब एक प्रतियोगिता में मेरठ जाने की बात हुई तो घर वालों को खबर हुई। हांगझोऊं एशियन गेम्स में चौथा स्थान मिलने के बाद लगा कि ओलंपिक में पदक की राह आसान नहीं होगी। पेरिस में एक नहीं दो स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता। आगे भी पदक जीतने का लक्ष्य है।

## एक नजर

### पी गुरुप्रसाद को आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण के सोमवार को सेवानिवृत्त होने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। इसके अलावा साधना श्रीवास्तव को निदेशक कोषागार का प्रभार सौंपा गया है। सोमवार को ही इस पद पर तैनात रहे नीलमणि के कोषागार निदेशक के पद से सेवानिवृत होने के कारण यह पद रिक्त हुआ था।

### सपा आज से शुरू करेगी न्याय साइकिल यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी में गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर 2024 से मुलायम सिंह की पुण्यतिथि तक संविधान बचाओ, पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा चलेगी। यात्रा आजमगढ़ में जिला सपा कार्यालय से शुरू होकर 10 अक्टूबर को अयोध्या में संपन्न होगी। यात्रा को सांसद धर्मेन्द्र यादव व विधायक दुर्गा प्रसाद यादव हरी झंडी दिखाएंगे। यात्रा का समापन अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा किया जाएगा।

### नीट यूजी : सीट लॉक नहीं की, 554 अभ्यर्थी हुए बाहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट यूजी की दूसरी काउंसिलिंग में सीट लॉक न होने की वजह से 554 अभ्यर्थियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा मंगलवार को रैंक समेत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। मालूम हो कि काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों से ऑन लाइन प्राथमिकताएं लेने के दौरान सीट लॉक नहीं होने पर, सीट सुरक्षित नहीं मानी जाती है।

### सहकारी समिति के नामांकन रद्द कराने के लिए लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कासगंज के न्यौली में गन्ना विकास समिति के चुनाव में कराए गए नामांकन रद्द कराने की मांग सपा ने की है। सहकारी समिति के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि बीते दिनों 27 सितंबर को गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा ने नियमों के विपरीत गलत ढंग से नामांकन कराया है । शिकायत का तत्काल प्रभाव निस्तारित करते हुए नामांकन निरस्त किया जाए।

### चार सहायक निदेशक बने उप निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल विकास विभाग में मंगलवार को चार सहायक निदेशक आलोक कुमार, अमित कुमार मद्धेशिया, रत्नाकर सिंह व किशन स्वरूप पदोन्नति पाकर उप निदेशक बन गए हैं।

## उत्तर प्रदेश कैबिनेट के फैसले

# फिर से शुरू होंगे बंद सिनेमाघर कई जिलों में खुलेंगे मल्टीप्लेक्स

## एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण एवं उच्चीकरण के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उप्र. में बंद पड़े सिनेमाघर को पुनः संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में जल्द से जल्द मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है।

यह योजना 5 साल तक प्रभावी रहेगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बारे में बताया कि सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गयी एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जायेगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आयेगा। इसके अलावा उप्र. महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली 2009 में पंचम संशोधन और आबकारी नीति 2024-25 में संशोधन के साथ उप्र. श्रम कल्याण परिषद कर्मचारी सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी

योगी सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने और युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024' को लागू किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह नीति प्रदेश में बढ़ती उच्च शिक्षा की मांग को पूरा करने के लिए निजी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इस नीति के अंतर्गत, प्रायोजक निकायों को स्टाम्प शुल्क में छूट, कैपिटल सब्सिडी, और विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों को भी अतिरिक्त लाभ दिए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मथुरा में केडी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी' को आशय-पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार, मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'विद्या बाल मण्डली' द्वारा 42 .755 एकड़ भूमि पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

### सूचना प्रौद्योगिकी सेवा को उद्योग का दर्जा

राजय सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं को उद्योग का दर्जा दिए जाने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत भूमि को आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा प्रदान करने से आईटी, आईटीईएस इकाइयों को भूमि उपलब्धता में सुगमता होगी। प्रचलित दरों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए विद्युत की लागत में लगभग 18 प्रतिशत की बचत होगी।

### मक्का, बाजरा व ज्वार की एमएसपी तय

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रूपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रूपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में ,बाजरा की खरीद 32 जिलों में और ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।

### किसानों की आय बढ़ाने को एग्रीस योजना को मंजूरी

किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव यूपी एग्रीस को भी मंजूरी प्रदान की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि उप्र. में बुंदेलखंड और पूर्वोत्तर की प्रोडक्टिविटी पश्चिम की अपेक्षा कम रहती है। इसे बढ़ाने और नवाचार, आर्थिक बढ़ोत्तरी समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को लाभ देना है। यह 28 जिलों में लागू होगी। झांसी, चित्रकूट, गोरखपुर, वाराणसी, विंध्य, आजमगढ़, बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों में परियोजना लागू की जाएगी। यह परियोजना 4000 करोड़ की होगी और छह वर्षों के भीतर लागू होगी। इस वर्ष के बजट में 200 करोड़ का प्रावधान किया गया था। परियोजना में कुल मिलाकर 1166 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। परियोजना में विश्व बैंक द्वारा 2737 करोड़ रुपये लगाए जाएंगे। ऋण वापसी की अवधि पैंतीव वर्षों की होगी और ब्याजदर 1.23 प्रतिशत रहेगी।

### अन्य कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सोलर पार्क विकसित होंगे ।
- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी व विज्ञान पाठ की स्थापना होगी।
- यूपी 112 में 380 नए वाहनों की खरीद को दी गई मंजूरी।
- 75 जिलों में 75 फॉरेंसिक मोबाइल वैन खरीदने को मंजूरी।
- लखीमपुर खीरी के गोला में शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए 19324 .67 वर्ग मीटर भूमि पर्यटन विभाग को फ्री उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव।

# शिक्षामित्र-संविदा कर्मियों की हो सकती है वेतन वृद्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार शिक्षामित्र, रसोइये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे शिक्षा कर्मियों के मानदेय अथवा वेतन में बढोत्तरी करने पर विचार कर रही है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के दफ्तरों एवं स्कूलों से मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर काम करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का ब्योरा तलब किया गया है।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने पिछले माह अलग-अलग श्रेणी के श्रमिकों के दैनिक वेतन में वृद्धि करने की घोषणा की है। चूंकि कोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार का भी प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के साथ समझौता है कि केन्द्र के समान ही राज्य सरकार के सरकारी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी उपक्रमों में कार्य करने वाले को भी वेतन भत्ता आदि दिया जाएगा। ऐसे में सेन्ट्रल पैरिटी की नीति अपनाते हुए शासन ने प्रदेश में नियमित के साथ मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक एवं अन्य कर्मियों के अलावा आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों जिनमें आंगनवाड़ी कात्री तथा रसोइये भी शामिल हैं, के मानदेय/पारिश्रमिक या दैनिक वेतन में वृद्धि किए जाने पर विचार करना शुरू कर दिया है।

# संपत्ति का ब्योरा न देने वाले 39 हजार कर्मियों का रुका वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मानव संपदा पोर्टल पर 30 सितंबर तक अपलोड करना था संपत्ति का पूरा ब्योरा**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक न करने वाले कर्मचारियों को नोटिस देने के साथ उनका सितम्बर माह का वेतन रोक लेगी। उप्र. के 39 हजार कर्मचारी ऐसे रहे जिन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अंतिम दिन 30 सितंबर को भी अपलोड नहीं किया। इस बार आगे के लिए मोहलत भी नहीं दी गई है। सरकार ने उनकी वेतन रोकने का निर्णय लिया है।

फिलहाल, 827583 में से 7 लाख 88 हजार 506 कर्मचारियों ने ही जानकारी अपडेट की है। यानी 39077 कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया। दरअसल, उप्र. के 131748 यानी 15 फीसदी कर्मचारी 17 अगस्त को आदेश जारी होने से पहले ही संपत्ति की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर चुके थे। 31 अगस्त तक यह आंकड़ा बढ़कर 71 फीसदी हो गया।

अगस्त में जिन 29 फीसदी कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया था, उनका वेतन रोकने का आदेश जारी हुआ था। लेकिन गृह विभाग की मांग पर एक माह की मोहलत और दी गई थी। इसके बाद भी 39 हजार कर्मचारियों ने इस बाबत जानकारियां पोर्टल पर नहीं अपडेट कीं।

### बिजली कनेक्शन की दरे बढ़ाने के मामले में मांगा जवाब

**अमृत विचार , लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नए बिजली कनेक्शन की दरों के निर्धारण मामले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है।

उपभोक्ता परिषद ने 20 सितंबर को आयोग में शिकायत की थी कि पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक व अन्य उपभोक्ताओं के लिए कनेक्शन की दरें बढ़ाने की बात कही गई है। हालांकि, पावर कॉरपोरेशन की ओर से प्रस्ताव में उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन में छूट देने का दावा किया गया था। उपभोक्ता परिषद की शिकायत पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से बिंदुवार विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 50 किलोवाट के ऊपर हाईटेंशन लाइन पर कनेक्शन लेने के दौरान 'क्यूबिक इंफ्रास्ट्रक्चर' व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था उपभोक्ता के स्तर पर किए जाने के प्रस्ताव पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

# प्रदेश में 37 परियोजनाओं के निर्माण को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद और निजी परियोजनाएं शामिल**

**अमृत विचार :** लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर समेत अन्य बड़े शहरों में विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद समेत निजी बिल्डर 37 परियोजनाएं विकसित करेंगे। इनके निर्माण की उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने स्वीकृति देकर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि सितंबर माह में सबसे अधिक 37 नवीन परियोजनाओं के पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी हुए हैं। इनमें विभिन्न विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद व निजी बिल्डरों की 27 आवासीय, सात व्यवसायिक व तीन मिश्रित वर्ग की परियोजनाएं हैं। गाजियाबाद में सात, लखनऊ में सात, गौतमबुद्ध नगर छह, मथुरा चार, झांसी तीन, प्रयागराज तीन, मेरठ दो, आगरा दो, बिजनौर, गोरखपुर व मुरादाबाद में एक-एक परियोजना बनेगी। लगभग 5,93,041 वर्ग मीटर भूमि पर 7,198 करोड़ रुपये का निवेश करके 11,281 आवासीय तथा व्यावसायिक इकाई का निर्माण और विकास कराया जाएगा।

संबंधित को निर्देश दिए हैं कि परियोजना की पंजीयन संख्या, विशिष्ट क्यूआर कोड, रेरा वेबसाइट व प्रोजेक्ट कलेक्शन खाता का विवरण सभी प्रकार के विज्ञापन, प्रचार-प्रसार सामग्री में प्रमुखता से उल्लेख करेंगे। साथ ही कार्यालय में प्रतिलिपि, साइट ऑफिस और निर्माण स्थल पर लगाने लगाए जाएंगे। इससे घर खरीदार और आमजन आसानी से परियोजना की जानकारी कर सकेंगे।


## वर्ग पहेली-209

**बाएं से दाएं**

2. जंगली भैंसा, वन्य पशु।
4. 1. हित या भलाई के विचार से किया गया कथन, हितवचन 2. वह विचारधारा जो हित
6. 1. यक्ष की स्त्री 2. यक्षिणी 3. दुर्गा की एक अनुचरी।
7. पान बेचने वाला व्यक्ति, पनवाड़ी, बरई, तंबोली।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी विषय पर एक राय रखने वाले, समान विचार वाले, सहमत।
2. सूर्योदय के पहले का समय जब आसमान में लाली छा जाती है, उषाकाल, भोर, तड़का।
3. हस्तिनापुर का एक नाम।
4. 1. हिफ़ाज़त संबंधी 2. हिफ़ाज़त या रक्षा करने वाला।
5. 1. गहरा, बेहद करीबी, अंतरंग (मित्र) 2. जिगर संबंधी, जिगर का 3. हार्दिक, दिली 4. अभिन्न, घनिष्ठ।




### वर्ग पहेली -208 का हल




## सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 1 | | 5 | 6 | | | 8 |
| 3 | | | | | 2 | | 4 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 9 | | 1 | | 2 |
| | 6 | 3 | | | | 7 | 8 | |
| 1 | | 2 | | 3 | | | | 5 |
| | | 4 | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | 4 | | 8 | 2 | |

### सुडोकू - 121 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 3 अक्टूबर 00 .18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 12 .23 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज आप उत्सव के मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उसमें काम भी करेंगे।

**वृष:** आज परिजनों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। इसके बावजूद भी आप लोगों का मनोबल बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं। करियर को लेकर बड़े निर्णय लेने से बचें। फिर नकारात्मक विचारों में मन में न आने दें।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। माता-पिता से सलाह लेकर काम करना उत्तम होगा। बोलचाल के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान रखें। अनावश्यक बोलने के कारण मजाक का पात्र बन सकते हैं।

**कर्क:** आज कई दिनों से जिस मामले को लेकर अनिर्णय की स्थिति में थे, उसको लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**सिंह:** आज किसी आवश्यक कार्य के पूर्ण न होने से आप क्रोधित हो सकते हैं। धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। अधिकारी वर्ग को आपके काफी अपेक्षा होगी। कारोबार को लेकर आपका अनुमान पूरी तरह से गलत सिद्ध हो सकता है।

**कन्या:** आज दैनिक दिनचर्या काफी उलझी हुई सी प्रतीत होगी। स्वास्थ्य को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। मित्रों से शुभ सूचना मिल सकती है।

**तुला:** आज लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मित्रों के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। किसी पर भी ज्यादा भरोसा करना घातक हो सकता है। यदि किसी प्रोग्राम का आयोजन कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** आज रुके कार्यों में गति आएगी। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों अपनी कूटनीति से विरोधियों को परस्त कर देंगे। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अनुभव मिलेंगे।

**धनु:** आज जॉब में काम का दबाव अधिक रहेगा। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ने वाला है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। आपको जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मकर:** आज अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को शामिल करें। आय के नए साधन तलाशने का प्रयास करेंगे। नए व्यापार की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**कुंभ:** आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आप योगदान दे सकते हैं। व्यवसाय में फाइनेंस को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में जूनियर्स की बातों से मन व्यथित होगा।

**मीन:** आज व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पार्टनर्स के व्यवहार को लेकर जो समस्या थी उसे चर्चा द्वारा दूर कर लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
संसार — सुबह : 09 .08
सोच न था — रात : 07 .19

&pictures
केदारनाथ — सुबह : 11 .19
गदर — रात : 07 .30

SONY PIX
वेनम — सुबह : 10 .17
द डार्क नाइट — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01 .09
हीरो हिन्दुस्तानी — रात : 10 .30

colors CINEPLEX
स्पाइडर मैन 2 — सुबह : 11 .03
टाइगर नागेश्वर राव — रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,266.29 | 25,796.90 |
| गिरावट | 33.49 | 13.95 |
| प्रतिशत में | 0.04 | 0.05 |

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2700–2750 आर.आर.21. 2800–2850 गेहूंफारम 2900–2950 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400 –2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 –7200 अरहर 8500 –9000 मसूर 5500 –5600 मटर 3600 –3700 उड़दहरा 11500 –12000 उड़दकाला 7500 –8500 मूंग 7500 –8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15300–15400 अरहरस्पेशल 12100–12200 चनादाल 8800–8900 मटरदाल 4450–4550 मसूरमलका 7100–7150 मसूरदाल 7300–7350 उड़ददाल 9000– 13800 उड़द धोवा 10000– 12800 मूंगदाल 8500 –9700 मूँग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000 –4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600–1700 मैदा 1670–1720 सूजी 1700–1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570–1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900–6000 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11000– 11500 मूंगफलीदानाषिवपुरी 9400– 11200 बटाली 8800 –11200 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 15000–15100 अलसी 12200–12300 अण्डी 14000–14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960–1968 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5150–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1960– 1963 मयूर 1960– 1963 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लडडू 4800–5200 देशीभेली 4600–4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200–4240 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000–60100 औरय्या 51300–51400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77400 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 57700–57900 |

# मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करेगी सरकार

## जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

- जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों की शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करने को अधिसूचित की है। अधिसूचना का मतलब है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को 53वीं बैठक में मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध खत्म करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी।

### सकल जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सितंबर महीने में सकल संग्रह सालाना आधार पर 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की समान अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रहा था। अगस्त, 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ था। सितंबर में घरेलू कर राजस्व 5.9% बढ़कर 1.27 लाख करोड़ हो गया। वहीं माल के आयात से प्राप्त राजस्व 8% बढ़कर 45,390 करोड़ हो गया। आलोच्य अवधि में जीएसटी विभाग की तरफ से 20,458 करोड़ के रिफंड जारी किए गए जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 31% अधिक है। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.53 लाख करोड़ रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9% अधिक है।

# ईटीएफ : निवेश का लचीला और विविधीकृत विकल्प

ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का वित्तीय उत्पाद है जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है। यह निवेशकों को स्टॉक्स, बॉण्डस, या कमोडिटीज के मिश्रण में निवेश करने का अवसर देता है, जिससे वे एक विविधीकृत पोर्टफोलियो बना सकते हैं। ईटीएफ की खासियत यह है कि इसे स्टॉक की तरह किसी भी समय खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके साथ ही, यह म्यूचुअल फंड्स की तुलना में कम लागत और अधिक पारदर्शिता प्रदान करता है। हालांकि, ईटीएफ में बाजार जोखिम और ट्रैकिंग एरर जैसे जोखिम होते हैं, जिनका ध्यान निवेशकों को रखना चाहिए। आइये इसके कुछ मुख्य बिन्दुओं पर गौर किया जाए ...

### प्रकार

- **इक्विटी :** ये स्टॉक्स या शेयरों में निवेश करते हैं। इन्हें बाजार के किसी इंडेक्स जैसे निफ्टी या सेंसेक्स के आधार पर डिजाइन किया जाता है।
- **बॉण्ड :** ये सरकारी या कॉर्पोरेट बॉण्ड में निवेश करते हैं।
- **कमोडिटी :** इनका निवेश किसी विशेष कमोडिटी जैसे गोल्ड, सिल्वर या अन्य धातुओं में होता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय :** ये किसी दूसरे देश के शेयरों या इंडेक्स में निवेश करते हैं।

### निवेश के फायदे

- **लिक्विडिटी :** आप इसे बाजार के कामकाजी घंटों के दौरान कभी भी खरीद और बेच सकते हैं।
- **कम लागत :** ईटीएफ में मैनेजमेंट फीस अक्सर म्यूचुअल फंड्स से कम होती है।
- **विविधता :** एक ही ईटीएफ में विभिन्न प्रकार के स्टॉक्स, बॉन्ड्स या कमोडिटी में निवेश किया जा सकता है, जिससे जोखिम कम होता है।



### जोखिम

- **बाजार :** ईटीएफ बाजार में मौजूद कई एसेट्स (स्टॉक्स, बॉण्ड्स, कमोडिटीज़) के प्रदर्शन पर निर्भर होते हैं। अगर बाजार में गिरावट होती है, तो ईटीएफ में भी गिरावट आ सकती है।
- **ट्रैकिंग एरर :** ईटीएफ का उद्देश्य किसी विशेष इंडेक्स या एसेट क्लास को ट्रैक करना होता है, लेकिन कई बार ईटीएफ इंडेक्स से मेल नहीं खा पाता। इसे ट्रैकिंग एरर कहा जाता है। यह इंडेक्स और ईटीएफ में अंतर पैदा करता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ ईटीएफ, विशेष रूप से छोटे या कम लोकप्रिय ईटीएफ, में लिक्विडिटी की कमी होती है। इसका मतलब उन्हें आसानी से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता, और ऐसे में आपको वांछित मूल्य पर बिक्री या खरीदने में कठिनाई हो सकती है।
- **कॉन्ट्रैक्ट :** कुछ ईटीएफ (जो डेरिवेटिव्स का प्रयोग करते हैं) में जोखिम होता है कि अगर कोई तीसरा पक्ष अपने अनुबंध को पूरा नहीं कर पाता है, तो ईटीएफ प्रभावित होता है।
- **कर :** कुछ देशों में ईटीएफ से होने वाले लाभ पर टैक्स अलग है, जो निवेशकों के लिए जोखिम हो सकता है।
- **कमोडिटी :** किसी ईटीएफ का आधार कमोडिटी (जैसे सोना या तेल) है, तो इसका मूल्य उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव पर बदल सकता है।
- **मुद्रा :** यदि ईटीएफ विदेशी एसेट या मार्केट्स में निवेश करता है, तो इस पर मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव का असर पड़ता है।

## सेबी से 13 कंपनियों ने मांगी आईपीओ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में जारी तेजी के बीच कंपनियां कोष जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की होड़ में हैं। सेबी से एक ही दिन में 13 कंपनियों ने आईपीओ की मंजूरी मांगी हैं। अगर मंजूरी मिली तो ये 8,000 करोड़ जुटाएंगी। विक्रम सोलर, आदित्य इन्फोटेक, वरिंदरा कंस्ट्रक्शंस, अजाक्स इंजीनियरिंग, राही इंफ्राटेक, विक्रान इंजीनियरिंग, मिडवेस्ट, विनी कॉरपोरेशन, सम्भव स्टील ट्यूब्स, जारो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स लि., स्कोडा ट्यूब्स और डेव एक्सेलरेटर ने आवेदन किया हैं।

## मौद्रिक नीति समिति का सरकार ने किया पुनर्गठन

- राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य, नागेश कुमार बाहरी सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने नीतिगत दर तय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का मंगलवार को पुनर्गठन किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य और नागेश कुमार को एमपीसी का नया बाहरी सदस्य बनाया गया है। सरकार ने रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत मौद्रिक नीति समिति के पुनर्गठन को अधिसूचित किया है। पुनर्गठन के तहत दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रो. राम सिंह, अर्थशास्त्री सौगत भट्टाचार्य और नई दिल्ली स्थित औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान के निदेशक और मुख्य कार्यपालक डॉ. नागेश कुमार इसके बाह्य सदस्य हैं। एमपीसी के प्रमुख भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर हैं। समिति की पहली बैठक सात से नौ अक्टूबर को होनी है। गवर्नर दास नौ अक्टूबर को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करेंगे।

## क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं : वित्तमंत्री

ईटानगर, एजेंसी



- अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सीतारमण ने दिया सलाह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सलाह दी कि वह राज्य में सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ क्षमता निर्माण के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाए। भारतीय स्टेट बैंक के ऋण पहुंच कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरुणाचल में आज तक एमएसएमई मंत्रालय द्वारा घोषित औद्योगिक क्लस्टर (संकुल) नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पेमा खांडू से अनुरोध करती हूं कि वे राज्य में 20 जीआई-चिह्नित उत्पादों के लिए क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं। छोटे स्थानों पर ऐसे क्लस्टर, मंत्रालय द्वारा घोषित किए जा सकते हैं और ऐसे उद्यमों को वित्तपोषित करने को भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक को जोड़ा जा सकता है। सीतारमण ने कहा कि ऋण पहुंच कार्यक्रम के जरिये पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, एनआरएलएम-एसएचजी, पीएम सूर्य घर और पीएमईजीपी जैसी योजनाएं शुरू हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैंक ऋण के जरिये लाभ पहुंचाने के लिए 17 योजनाएं शुरू की हैं, जिनके लिए गारंटी की जरूरत नहीं है।

### क्या है क्लस्टर

क्लस्टर उद्यमों का समूह है जो जहां तक संभव हो समीपस्थ क्षेत्र में स्थित होते हैं। यह एक समान तथा समान उत्पादों व सेवाओं का उत्पादन करता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने एमएसई को अधिक प्रतिस्पर्धी और उत्पादक बनाने में मदद करने के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें एमएसई की वृद्धि तथा स्थिरता का समर्थन करने के लिए सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक कर्मचारियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% रही। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 2.15% थी। श्रम मंत्रालय के अनुसार, अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) इस साल अगस्त में 0.1 अंक घटकर 142.6 अंक रहा। इस साल जुलाई में सीपीआई-आईडब्ल्यू 142.7 था।

इसमें कहा गया है कि मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में सालाना आधार पर 2.44% रही, जबकि अगस्त, 2023 में यह 6.91 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय श्रम ब्यूरो देश के औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण 88 केंद्रों में फैले 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संकलित करता है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### टाइटलर की याचिका पर 29 नवंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जगदीश टाइटलर की उस याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा जिसमें कांग्रेस नेता ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में उनके खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों के लिए आरोप तय किए जाने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद टाइटलर के अधिवक्ता से कुछ गवाहों के बयान फाइल करने को कहा जो रिकॉर्ड में नहीं हैं।

### बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को 5,858 करोड़ रुपये जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा मोचन कोष से 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। महाराष्ट्र को 1,492, आंध्र प्रदेश को 1,036, असम को 716, बिहार को 655.60, गुजरात को 600, हिमाचल को 189.20, केरल को 145.60, मणिपुर को 50, मिजोरम को 21.60, नागालैंड को 19.20, सिक्किम को 23.60, तेलंगाना को 416.80, त्रिपुरा को 25 और प. बंगाल को 468 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### राम रहीम को मिली 20 दिन की पैरोल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 20 दिन की पैरोल दे दी है। इस अवधि में उस पर चुनावी गतिविधियों में भाग लेने तथा हरियाणा में प्रवेश पर रोक होगी। राम रहीम ने विधानसभा चुनाव से पहले पैरोल की अर्जी दी थी। आचार संहिता लागू होने से पैरोल अर्जी चुनाव विभाग को भेजा गया था। डेरा प्रमुख ने कहा था कि पैरोल मिलने पर वह उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने का इच्छुक है। कोर्ट ने सिंह को दो शिष्याओं से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए जेल की सजा सुनाई थी।

# वांगचुक हिरासत में, अनिश्चितकालीन अनशन शुरू

## लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की ओर कर रहे थे मार्च

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इनको उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे।

वांगचुक एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के 120 लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी ने किया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर चार साल से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख को लोक सेवा आयोग के साथ शीघ्र भर्ती शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। पुलिस के अनुसार, वांगचुक व अन्य को निषेधाज्ञा के उल्लंघन में हिरासत में लिया गया और उन्हें बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र और अलीपुर सहित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया।



दिल्ली चलो पदयात्रा के दौरान पुलिस हिरासत में सोनम वांगचुक।

### वांगचुक की हिरासत अलोकतांत्रिक, अस्वीकार्य : विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा कई अन्य लद्दाख वासियों को हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम और लद्दाख के लोगों को हिरासत में लिया जाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर कहा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने यह कायरतापूर्ण कार्रवाई की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सोनम वांगचुक की यात्रा को बाधित करके कुछ हासिल नहीं कर सकती। आप नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि निहत्थे लोगों से आखिर क्या डर है? दिल्ली आने से कभी किसानों तो कभी लद्दाख के लोगों को रोकते हैं। क्या दिल्ली किसी की बपौती है?

### सोनम को हिरासत में लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक और कई अन्य को हिरासत में लिये जाने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मामले को सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया। अदालत ने मामले को मंगलवार को सूचीबद्ध करने से इनकार करते हुए इस बात पर सहमति व्यक्त की कि यदि अपराह्न साढ़े तीन बजे तक उसके काम की स्थिति सामान्य होती है तो मामले को तीन अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

## संविधान पर हमला कर रही है मोदी सरकार : राहुल गांधी

सोनीपत, एजेंसी



- विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत की जनसभा में कांग्रेस नेता बोले- केंद्र सरकार कुछ अरबपतियों के लिए कर रही काम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाते हुए बेरोजगारी, अग्निपथ योजना और किसानों के कल्याण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार की आलोचना की। पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सोनीपत की जनसभा में गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार देश के कुछ चुनिंदा अरबपतियों के लिए काम कर रही है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अग्निपथ योजना सैनिकों की पेंशन, कैंटीन की सुविधा और उन्हें मिलने वाले शहीद के दर्जे को चुराने' का तरीका है। पहले सार्वजनिक क्षेत्र में सरकारी कारखाने हुआ करते थे, इनका निजीकरण कर दिया गया। जहां भी देखो अडाणी और अंबानी ही नजर आते हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि जवानों की पेंशन चुराने के पीछे का मकसद अडाणी जैसी बड़ी कंपनी के पीछे के गौतम अडाणी को रक्षा बजट सौंपना था। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं मोदी से पूछना चाहता हूं कि जब आपके मित्र अडाणी के मुंद्रा बंदरगाह से हजारों किलो हेरोइन जब्त की गई थी तो आपने क्या कार्रवाई की। संविधान की प्रति हाथ में लिए गांधी ने कहा कि गरीबों, दलितों, किसानों और पिछड़े वर्गों के पास जो कुछ भी है वह इसी की बदौलत है। उन्होंने उपस्थित लोगों के समक्ष संविधान की प्रति दिखाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा 24 घंटे संविधान पर हमला करती है।

## सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को समन जारी

मुंबई,एजेंसी

- नासिक की अदालत ने मानहानि के मामले पर की सुनवाई

महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में उन्हें समन जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल केडुस्कर ने 27 सितंबर को गांधी को इस संबंध में एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि एक देशभक्त व्यक्ति के खिलाफ दिया गया बयान प्रथम दृष्टया अपमानजनक प्रतीत होता है। गांधी को मामले की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से या अपने कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा, जिस पर अभी निर्णय होना बाकी है। शिकायतकर्ता एक गैर सरकारी संगठन के निदेशक हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने हिंगोली में गांधी द्वारा संबोधित सम्मेलन और 2022 में दिए गए भाषण को सुना और देखा है।

## एनआईए ने बंगाल में 12 जगह पर मारे छापे

**कोलकाता।** एनआईए ने माओवादियों से जुड़े लोगों के कोलकाता समेत प. बंगाल में 12 जगहों पर मंगलवार को एक साथ छापे मारे। सूत्र ने बताया कि दो महिलाओं और उनके सहयोगियों के माओवादियों के साथ कथित संबंधों में दक्षिण कोलकाता के नेताजी नगर इलाके के साथ उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी, बैरकपुर और सोदेपुर, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल और पश्चिम बंगाल के कई अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। इन महिलाओं ने पूर्वी भारत में माओवादी नेटवर्क फैलाने के लिए उन्हें भेजे गए धन का कथित तौर पर इस्तेमाल किया।

## सिद्धारमैया ने धनशोधन के मामले पर सवाल उठाए

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- एमयूडीए में इसके प्रावधान लागू नहीं होते, किस आधार पर ईडी ने किया मामला दर्ज

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को ईडी के धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने पर सवाल उठाया और कहा कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में इसके प्रावधान लागू नहीं होते। सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे नहीं पता कि यह किस आधार पर धन शोधन का मामला है।



संभवतः आपको भी ऐसा ही लगता होगा। मेरे हिसाब से, यह धन शोधन का मामला नहीं बनता क्योंकि ली गई जमीन के बदले में भूखंड दिया गया था, तो यह धन शोधन का मामला कैसे है? सोमवार को ईडी ने सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। सिद्धारमैया की पत्नी ने सोमवार को एमयूडीए को पत्र लिखकर 14 भूखंडों का स्वामित्व और कब्जा छोड़ने की पेशकश की और कहा कि उनके लिए कोई भी भूखंड उनके पति और मानसिक शांति से बढ़कर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई किसी चीज को छोड़ने का फैसला करता है कि वह विवाद नहीं चाहता, तो यह अपराध या कबूलनामा कैसे हो सकता है?

### लोकायुक्त पुलिस ने भूमि का किया सर्वेक्षण

**मैसूरु।** भूखंड आवंटन की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने मंगलवार को उस भूमि का सर्वेक्षण किया, जिसके बदले में 14 भूखंड अवैध रूप से सिद्धारमैया की पत्नी को आवंटित हुए थे। भूमि सर्वेक्षण के दौरान विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी, सर्वेक्षक और एमयूडीए के नगर नियोजन सदस्य भी लोकायुक्त टीम के साथ थे।

## टीएमसी नेता घोष की जमानत पर लें निर्णय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोलकाता की विशेष अदालत को टीएमसी नेता कुंतल घोष की जमानत पर शीघ्र निर्णय करने का आदेश दिया। घोष को प. बंगाल स्कूल भर्ती-रिश्वत कांड से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई और ईडी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहा है। आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ (आरोपी) नेताओं द्वारा 2014 से 2021 के बीच, शिक्षक बनने के आंकांक्षियों और राज्य सरकार संचालित स्कूलों के गैर शिक्षण कर्मियों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की गई।

## मां की हत्या कर अंग खाने के दोषी की मौत की सजा बरकरार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने कहा- ये नरभक्षी है, उम्रकैद दी तो ये यही करेगा

बंबई हाईकोर्ट ने 2017 में मां की हत्या कर अंगों को कथित तौर पर खाने को लेकर कोल्हापुर की अदालत द्वारा दोषी को दी मौत की सजा मंगलवार बरकरार रखी। कोर्ट ने कहा कि यह नरभक्षी है, सुधरने वाला नहीं, अगर उम्रकैद दी तो ये यही करेगा।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी सुनील कुचकोरवी की फांसी की सजा बरकरार रखी जाती है। दोषी में सुधार की संभावना नहीं है। यह मामला दुर्लभतम श्रेणी का है। दोषी ने न केवल मां की हत्या की, बल्कि उसने उसके शरीर के अंगों - मस्तिष्क, हृदय, यकृत, गुर्दे, आंत को निकाल लिया और उन्हें बर्तन में पका रहा था। उसने उसकी पसलियां पकाई थीं और उसका हृदय पकाने वाला था। पीठ ने कहा कि अगर उसे उम्रकैद दी जाती है, तो वह जेल में भी इसी तरह का अपराध कर सकता है।

## दो अरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज

**बदलापुर मामला**

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न कांड की जांच के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने पर मंगलवार को एसआईटी से नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि पुलिस, जोआमतौर पर आरोपियों को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है, इस मामले में उन्हें गिरफ्तार करने में असमर्थ कैसे है। अदालत ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के स्कूल में चार और पांच साल की दो बच्चियों का एक पुरुष कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी अक्षय शिंदे घटना के बाद गिरफ्तार हुआ था और 23 सितंबर को मुठभेड़ में वह मारा गया।

## हरियाणा में दुष्यंत और चंद्रशेखर के वाहन पर पथराव, मामला दर्ज

जींद (हरियाणा), एजेंसी

जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में बीती रात को चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त नेताओं का काफिला रुका था बज यह घटना हुई, तब वाहन में कोई नहीं था। चुनाव प्रचार के लिए जा रहे चौटाला और आजाद की गाड़ी पर कुछ युवकों ने पत्थर फेंके और ध्यान भटकाने के लिए धूल मिट्टी उड़ाई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। दुष्यंत और पुलिस में बहस भी हुई। उचाना सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव पहुंचा था।

## एक ही मामले के अलग-अलग उल्लेख की परंपरा से सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- वह अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने तत्काल सुनवाई के लिए एक ही मामले का अलग-अलग वकीलों की ओर से उल्लेख करने की परंपरा की मंगलवार को निंदा बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वह इसकी अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है। कई बार, वकील अपने मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने के लिए जोखिम उठाते हैं और अधिवक्ताओं को बदलकर एक ही मामले को बार-बार अलग-अलग तारीखों पर उल्लेखित करवाते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार उल्लेख कराने की इस परंपरा को बंद करें। आप सभी जोखिम मोल लेने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में मेरे पास जो भी थोड़ा बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।





दो मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, ढाई दिन के खेल में निकाला नतीजा, अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज

# टेस्ट बना टी-20, बांग्लादेश क्लीन स्वीप



बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज़ की ट्रॉफी लेते रविचंद्रन अश्विन।»
● एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश को 7 विकेट से पराजित करके सीरीज 2-0 से जीत ली। टीम इंडिया ने आखिरी 2 दिन के खेल में बड़ा उलटफेर कर दिया। पहले दिन सिर्फ 116 मिनट का ही खेल हो पाया था। दूसरे व तीसरे दिन बारिश के कारण मैच रद्द रहा था। टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की घरेलू मैदान पर यह 18वीं जीत है। दोनों पारी में अर्द्धशतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जबकि सीरीज में 114 रन बनाने वाले व 11 विकेट लेने वाले आर अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

ग्रीनपार्क में दूसरे टेस्ट में अंतिम दिन मंगलवार को बांग्लादेश दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन से आगे खेलने उतरी। टीम अपने स्कोर में 10 रन ही जोड़ सकी थी कि पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक को 2 रन पर अश्विन ने राहुल के हाथों कैच आउट कराकर टीम को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद शदमान खान और कप्तान नजमुल हसन शांतो ने संभलकर खेलते हुए भारत की 52 रनों की लीड को खत्म कर चौथे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। 27.2 ओवर में 91 के स्कोर पर जडेजा ने नजमुल को 19 रनों पर क्लीन बोल्ड चौथा झटका दिया।

## कोहली ने शाकिब को तोहफे में दिया अपना बल्ला

**कानपुर।** भारत के सुपर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में घरेलू टीम के क्लीन स्वीप के बाद मेहमान टीम के जल्द ही संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तोहफे में दिया। यहां विदेशी सरजमीं पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने वाले शाकिब पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में तब तक नहीं खेलेंगे जब तक कि बांग्लादेश की मौजूदा कार्यवाहक सरकार उनके देश से बाहर जाने में किसी तरह की रुकावट नहीं आने का आश्वासन नहीं देती। जीत दर्ज करने के बाद कोहली बांग्लादेश की टीम की ओर बढ़े और बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटर को अपना बल्ला सौंपा। दोनों को एक-दूसरे का अभिवादन करते और हंसते हुए देखा गया जबकि शाकिब ने बल्ले से शैडो ड्राइविंग की।

## यह जादू नहीं अनुभव का उपयोग : बुमराह

**कानपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्वयं को जादूगर कहे जाने पर कानपुर टेस्ट जीतने के बाद कहा कि मैं विशेषण में विश्वास नहीं रखता यह परिस्थितियों के अनुसार अनुभव का उपयोग है। दूसरे टेस्ट मैच में कुल छह विकेट लेने वाले बुमराह ने (स्वयं को जादूगर कहे जाने पर) कहा कि मैं इस तरह के विशेषण में विश्वास नहीं रखता। यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं। हमारा लंबा टेस्ट सत्र है विश्वकप के बाद से ब्रेक जरूरी था। अभ्यास भी उतना ही आवश्यक है और यह भी देखना जरूरी था कि इस टेस्ट सत्र के लिए हमारी तैयारी पूरी हो।

इसके बाद अर्द्धशतक पूरा कर चुके शदमान आकाशदीप की गेंद पर स्लिप में यशस्वी को कैच थमा बैठे। शदमान ने 101 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 93 रनों पर पांचवां विकेट गिरने के बाद स्कोर में 1 रन ही जुड़ा था कि जडेजा ने लिट्टन दास को एक रन पर क्लीन बोल्ड किया फिर शाकिब अल हसन को 9 रनों पर विकेटकीपर पंत के हाथों कैच आउट दिलवाकर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। एक छोर संभाले मुश्तिफिकुर रहीम और मेहंदी हसन मिर्जा ने टीम का स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। बुमराह ने मुश्तिफिकुर को भी क्लीन बोल्ड कर बांग्लादेश की पारी को 146 रनों पर अंत किया। मुश्तिफिकुर ने 37 रन बनाए। खालिद अहमद 5 रन बनाकर नाबाद लौटे।

भारत की तरफ से बुमराह, अश्विन और जडेजा ने 3-3 विकेट झटके वहीं 1 विकेट आकाशदीप को मिला।

दूसरी पारी में 95 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को शुरुआती झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में 18 रनों पर लगा। रोहित 8 रन बनाकर मेहंदी हसन की गेंद पर हसन महमूद को कैच दे बैठे। इसके बाद शुभमन गिल भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 34 रनों पर 2 विकेट गिरने के बाद यशस्वी और विराट ने तेजी से खेलते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। इस दौरान यशस्वी ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन वह 92 के कुल स्कोर पर तैजुल हसन की गेंद पर शाकिब को कैच थमा बैठे। शेष रनों को कोहली और पंत ने 17.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर शानदार जीत दिलाकर सीरीज क्लीन स्वीप की।




## स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 233/10
भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित)

| बांग्लादेश दूसरी पारी : 146//10 (47 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान का जायसवाल बो आकाश | 50 | 101 | 10/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमीनुल हक का राहुल बो अश्विन | 2 | 8 | 0/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो बो जडेजा | 19 | 37 | 2/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 37 | 63 | 7/0 |
| लिटन दास का पंत बो जडेजा | 1 | 8 | 0/0 |
| शाकिब अल हसन का एवं बो जडेजा | 0 | 2 | 0/0 |
| मेहदी हसन मिराज का पंत बो बुमराह | 9 | 17 | 1/0 |
| ताइजुल इस्लाम पगबाधा बो बुमराह | 0 | 13 | 0/0 |
| खालिद अहमद नाबाद | 5 | 11 | 1/0 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : बुमराह 10-5-17-3, अश्विन 15-3-50-3, आकाश दीप 8-3-20-1, सिराज 4-0-19-0, जडेजा 10-2-34-3

| भारत दूसरी पारी : 98/3 (17.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का महमूद बो मिराज | 8 | 7 | 1/0 |
| यशस्वी का शाकिब बो ताइजुल | 51 | 45 | 8/1 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो मिराज | 6 | 10 | 1/0 |
| विराट कोहली नाबाद | 29 | 37 | 4/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 4 | 5 | 1/0 |

गेंदबाजी : मिराज 9-0-44-2, शाकिब 3-0-18-0, ताइजुल 5.2-0-36-1

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रा | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंडिया | 11 | 8 | 2 | 1 | 98 | 74.24 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.56 |
| इंग्लैंड | 16 | 8 | 7 | 1 | 81 | 42.19 |
| द. अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 3 | 5 | 0 | 36 | 37.50 |
| बांग्लादेश | 8 | 3 | 5 | 0 | 33 | 34.38 |
| पाकिस्तान | 7 | 2 | 5 | 0 | 16 | 19.05 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

## खेल डायरी

### भारत ने बांग्लादेश को हराया, सैफ अंडर-17 का खिताब

**थिम्पू (भूटान)।** भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा है। सोमवार रात चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मैच का पहला हाफ बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ग्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद पहले हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ऐसी टीम के खिलाफ गोल करना कभी आसान नहीं होता जोकि रक्षात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरी हो। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। यह ब्रेक पर एक मूव था और गोलमाउथ पर क्रॉस को गोलकीपर सूरज सिंह ने समय रहते रोक दिया।

### रहाणे और सरफराज के अर्धशतकों ने मुंबई को संभाला

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।** रणजी चैंपियन मुंबई के पहले दिन ही जब तीन विकेट मात्र 37 रन के योग पर गिर गए तो ऐसा लगा कि टीम जल्द ही सिमट जायेगी। लेकिन कप्तान अंजिक्य रहाणे (नाबाद 86) और श्रेयस अय्यर ने शुरुआती झटकों के बाद टीम को संभाल लिया और पहले दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने ईरानी ट्रॉफी के लिए खेले जा रहे मुकाबले में शेष भारत के विरुद्ध चार विकेट खोकर 237 रन बना लिये। शेष भारत के मुकेश कुमार ने 3 विकेट झाटके। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में श्रेयस अय्यर (57 रन) और सरफराज खान ने (नाबाद 54 रन) अर्धशतक जड़े। इकाना स्टेडियम में मंगलवार को गीली आउट फील्ड के चलते पहले दिन 68 ओवर का ही खेल हुआ। मुकेश ने तीन विकेट चटकाये। यश दयाल को एक विकेट मिला।




### संघों को एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड प्रदेश संघों को आधुनिक एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। प्रदेश संघों को भेजे पत्र में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि बेंगलुरू के सेंटर आफ एक्सीलैंस की एक टीम एएमएस के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी देने के लिये जल्दी ही उन तक पहुंचेगी। शाह ने पत्र में लिखा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई सभी प्रदेश संघों को एएमएस देगा जिसका खर्च बीसीसीआई वहन करेगा। दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन बनने जा रहे शाह ने कहा प्रदेश संघ इससे खिलाड़ियों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे। एएमएस खिलाड़ियों को जोखिम और तैयारियों पर सूचना देने के साथ कोचों और प्रशासकों को प्रदर्शन अलर्ट, चोटों और फिटनेस पर विश्लेषण और कार्यभार मॉनिटरिंग भी करेगा।

### पार्थ को जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण


**लीमा।** पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोमवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं।

## चैंपियंस लीग में रोनाल्डो के गोल से अल नस्त्र ने अल रेयान को हराया

रियाद, एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्त्र ने सोमवार को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया।

पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्त्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।



### बोर्नेमाउथ ने साउथम्पटन को हराया

**बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नेमाउथ ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को यहां साउथम्पटन को 3-1 से हरा दिया। सत्र के छह मैच के बाद भी साउथम्पटन को पहली जीत की तलाश है और टीम एक अंक जुटाकर वोल्वरहैम्पटन के साथ संयुक्त रूप से आखिरी पायदान पर है। बोर्नेमाउथ की ओर से एवनिलसन (17वें मिनट), डेंगो ओउआटारा (32वें मिनट) और एंटोनी सेमेन्यो (39वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

## अल्काराज फाइनल में पहुंचे, पेगुला बाहर


बीजिंग, एजेंसी

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को यहां रूस के दानिल मेदवेदेव पर सीधे सेट में 7-5, 6-3 से जीत के साथ चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने 88 मिनट में सेमीफाइनल जीतकर मेदवेदेव के खिलाफ अपने जीत-हार के रिकॉर्ड को 6-2 तक पहुंचाया।

फाइनल में अब अल्काराज का मुकाबला गत चैंपियन और शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी यानिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड धारक बु युनचाओकेट के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच के विजेता से होगा। इससे पहले महिला वर्ग में पाउला बेडोसा ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली जेसिका पेगुला को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी बेडोसा ने वापसी करते हुए तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला को हराया। बेडोसा क्वार्टर फाइनल में चीन की 35 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी जिन्होंने पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराया। रैंकिंग में 595वें स्थान की खिलाड़ी झांग ने लगातार 24 मैच हारने के बाद चीन ओपन में प्रवेश किया था लेकिन उन्होंने इस हफ्ते खेले चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया है। वहीं 115वें नंबर की यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा ने भी 14वीं रैंकिंग वाली अन्ना कालिन्स्काया को 7-5, 6-0 से हराकर उलटफेर किया। यूलिया क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका और छठी रैंकिंग वाली कोको गॉफ के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

वहीं, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता एरिना सबालेंका ने सोमवार को यहां चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एश्लिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका का सामना अब अमेरिका की मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। प्री क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की नजरें अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 15 जीत की बराबरी करने पर होंगी।

चीन ओपन



● सबालेंका का विजय अभियान जारी
गॉफ से भिड़ेंगी ओसाका

## बॉलीवुड हलचल

### रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वेट्टैयन में राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका शामिल हैं।

### वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रवीना टंडन वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करने जा रही है।रवीना टंडन इस शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दिग्गज गायक-अभिनेता तलत अजीज भी एक अहम किरदार निभाएंगे। कहा जा रहा है कि वेबसीरीज डायनेस्टी का निर्देशन साहिल संघा कर रहे हैं। रवीना टंडन इस वेबसीरीज की स्टार कास्ट के साथ अक्टूबर के दूसरे भाग में शूटिंग शुरू करेंगी। इस वेबसीरीज का बड़ा हिस्सा दिल्ली में शूट किए जाने की संभावना है।



### कार्तिक ने असली चैंपियंस के साथ मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने ओलंपिक और पैरालंपिक चैंपियन के साथ जश्न मनाया है। कार्तिक आर्यन ने फिल्म चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर के किरदार को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत कर दिया। हर तरफ से ढ़ेर सारा प्यार और प्रशंसा पाने के बाद कार्तिक ने अपने जबरदस्त परफॉर्मेंस से हमारे पैरालंपिक एथलीटों को सम्मानित किया है। कार्तिक हमेशा इन चैंपियनों की भावना का जश्न मनाते रहे हैं। इसकी झलक तब देखने मिली, जब वे हाल ही में नीता अंबानी द्वारा आयोजित एक खास कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां पहली बार 140 ओलंपियन और पैरालिंपियन एक साथ देखे गए। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो शेयर किया है, जिसमें पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह और प्रीति पाल को उनकी फिल्म चंदू चैंपियन का फेमस डायलॉग चंदू नहीं चैंपियन है मैं बोलते हुए जोश में देखा जा सकता है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है,किसी को कभी कम मत समझना चंदू नहीं चैंपियन है। असली चैंपियंस के साथ। कार्तिक आर्यन, दीवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे।

## आईओए कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष के दावों को दिया झूठ करार

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीटी उषा के दावों पर सहदेव ने किया पलटवार कहा- उनके आरोपों का ना कोई सबूत है और ना ही वास्तविक आधार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आईओए कार्यकारी समिति के सदस्यों के पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने के प्रस्ताव पर सहमत नहीं होने के अध्यक्ष पीटी उषा के दावे के लिए उन पर पलटवार करते हुए कहा उनका दावा सरासर झूठ है।

उषा ने सोमवार को कहा था कि यह बेहद चिंताजनक है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे और उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए दिए जाने वाले कोष को रोकने का आरोप लगाया। उषा के दावों का खंडन करते हुए सहदेव ने कहा समिति के सदस्यों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही पेरिस ओलंपिक 2024 के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए लिखित में कोई आधिकारिक प्रस्ताव है। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के भी अध्यक्ष सहदेव ने उषा पर आईओए संविधान के अनुसार जिम्मेदारी लेने के बजाय झूठ फैलाने और मनगढ़ंत बातें करने का आरोप लगाया। सहदेव ने कहा हम यह समझ पाने में असफल हैं कि आईओए अध्यक्ष झूठ क्यों फैला रही हैं। कार्यकारी समिति के सदस्यों को नीचा दिखाने के लिए जबकि इसका ना तो कोई सबूत है और ना ही कोई वास्तविक आधार है। उनके प्रयास और प्रस्ताव कुछ और नहीं बल्कि सफेद झूठ हैं जिन्हें अध्यक्ष हर बार मीडिया के सामने मगरमच्छ के आंसू बहाते हुए गढ़ती रहती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड में बैंकॉक के बाहरी इलाके में वॉट खाओ फ्राया विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस में मंगलवार को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा थाईलैंड के खु खोत में ज़ीर रंगसिट शॉपिंग मॉल के पास फाहोन योथिन रोड पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12.30 बजे हुआ।

राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किमी (155 मील) उत्तर में उथाई थानी प्रांत से चली बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग सवार थे। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल का पता नहीं चल पाया है और मृतकों की

- बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग थे सवार



संख्या बढ़ने की आशंका है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दमकलकर्मी आग को काबू करने की मशक्कत कर रहे थे। पुलिस के अनुसार सोलह विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवहन मंत्री सूर्या जुआंगरूंगरूंगकिट ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# 56 साल बाद ढाका ग्लेशियर में दफन मिला शहीद का शव

## वर्ष 1968 में लेह से चंढ़ीगढ़ के लिए निकला वायु सेना का विमान हो गया था क्रैश

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

- चालक सहित 102 यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान, आईडी से हुई सिपाही की पहचान

**अमृत विचार :** भारत-चीन सीमा पर तैनात एक फौजी 56 साल पहले अपने घर के लिए निकला। वह अपने 102 साथियों के साथ वायु सेना के विमान में सवार था। विमान ने उड़ान तो भरी, लेकिन अपने बेस पर वापस नहीं लौट पाया। विमान क्रैश हो गया और सभी 102 लोग लापता हो गए। अब 56 साल बाद पता लगा कि विमान हादसे में लापता हुए सैनिक नारायण सिंह का शव ढाका ग्लेशियर में दफन है। सेना के जवानों ने शव निकाला। शव पहचानने की हालत में नहीं था, लेकिन शव से मिली एक आईडी से शहीद की शिनाख्त सिपाही नारायण सिंह के रूप में की गई। कोलपुड़ी पोस्ट गेरूर ब्लॉक थराली (चमोली) के रहने वाले नारायण सिंह भारतीय सेना में सिपाही थे। वर्ष 1968 में उनकी तैनाती भारत-चीन सीमा पर स्थित लेह में थी। सेना के अधिकारियों ने उनके पुत्र जयवीर सिंह को चार दिन पूर्व एक पत्र भेजा। मेजर साहिल रणदेव की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा, 7 फरवरी 1968 को भारतीय वायुसेना का विमान एन-12-बीएल-534 चंडीगढ़ से उड़ा। छह क्रू सदस्यों के साथ विमान लेह पहुंचा, ताकि भारतीय सेना के लोगों को लेह से चंडीगढ़ वापस लाया जा सके। वापसी में विमान ने लेह से उड़ान भरी। विमान में कुल 102 यात्री (चालक दल सहित) सवार थे, लेकिन चंडीगढ़ की ओर बढ़ते समय खराब मौसम की वजह से ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सिपाही नारायण सिंह भी एक यात्री थे। घटना के बाद सेना ने लगातार अपने लापता जवानों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इधर, अब सेना को ढाका ग्लेशियर में एक शव मिला। शव पहचाना नहीं जा रहा था, लेकिन शव से एक आईडी मिली, जिस पर जिला टिहरी गढ़वाल उत्तर प्रदेश लिखा था। सेना ने पड़ताल की तो पता लगा कि शव सिपाही नारायण सिंह का था। नारायण सिंह की पत्नी बसंती के पुत्र जयवीर सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फौज ने शव मिलने की पुष्टि की है। सभवतः दो दिन बाद शव को गांव लाया जाएगा।

### शादी के तुरंत बाद मिली पोस्टिंग और फिर शहादत

हल्द्वानी : जयवीर ने बताया कि उनकी मां बसंती देवी का 2011 में निधन हो गया है। बसंती ने अपने बच्चों को कभी नारायण सिंह के बारे में नहीं बताया। हालांकि बाद में बच्चों को इसका पता लग गया। बसंती से शादी के कुछ समय बाद ही नारायण को लेह में पोस्टिंग मिली थी। हादसे को जब पांच साल गुजर गए तो नारायण के भाई भवान सिंह ने बसंती को सहारा दिया। शादी की और फिर दो बच्चे सुजान व जयवीर हुए। हालांकि बच्चों पर किसी तरह का मानसिक असर न पड़े तो नारायण को बच्चों से छिपाए रखा गया।

### 1968 से अब तक बरामद हुए सिर्फ पांच शव

सेना की ओर से जो पत्र जयवीर सिंह को भेजा गया है, उसमें लिखा है कि भारतीय सेना और वायु सेना ने मिलकर कई खोज और बचाव अभियान चलाए गए हैं। अब तक कुल पांच शव बरामद किए गए हैं। सेना एक बार फिर ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान चलाएगी, ताकि शहीदों के अवशेषों को ढूंढा जा सके और उन्हें उचित अंतिम सैन्य सम्मान दिया जा सके। सेना ने कहा, यह पीड़ित परिवार के सदस्यों की भावना और इच्छाशक्ति ही है, जो हमारी आत्माओं को शून्य से भी नीचे के तापमान, दुर्गम इलाकों में शहीदों के पार्थिव अवशेषों की खोज जारी रखने के लिए प्रेरित करती है।

## एक नजर

### अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को 50वें सीजर पुरस्कार में किया जाएगा सम्मानित

**पेरिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को सीजर पुरस्कार के 50वें संस्करण में सम्मानित किया जाएगा। एकेडमी ऑफ सिनेमा आर्ट्स एंड टेक्निक्स ने यह घोषणा की। सीजर पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में बताया गया कि रनअवे ब्राइड, प्रिटी वुमन, नॉटिंग हिल और एरिन ब्रोकोविच जैसी फिल्मों के लिए मशहूर 56 वर्षीय अभिनेत्री को 28 फरवरी, 2025 को फ्रांस की राजधानी के ओलंपिया हॉल में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान 'ऑनररी सीजर' से पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### जाकिर नाइक एक महीने के पाकिस्तान दौरे पर

**इस्लामाबाद।** भारतीय भगौड़ा डॉ. जाकिर नाइक एक महीने की लंबी यात्रा के लिए पाकिस्तान पहुंचा, जहां वह कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे प्रमुख शहरों में व्याख्यान देगा। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन दशकों में नाइक की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह आखिरी बार 1992 में पाकिस्तान गए थे, जब वह भारत लौटने से पहले लाहौर में धार्मिक विद्वान डॉ. इसरार अहमद से मिले थे।

### श्रीलंका में मंत्रिमंडल की हुई पहली बैठक

**कोलंबो।** श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की नई सरकार बनने के बाद देश के अब तक के सबसे छोटे मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई, जिसमें सिर्फ तीन मंत्री शामिल हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नए मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिथा हेराथ ने बताया कि सोमवार को हुई इस बैठक में नवनियुक्त राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री डॉ. हरिणी अमरसुरिया के अलावा वह शामिल हुए।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में भूकंप के तीव्र झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व सुलावेसी प्रांत में मंगलवार को भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किये गये। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शाम करीब 04:28 बजे आए भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 आंकी गयी। इसका केंद्र वाकाटोबी रीजेंसी से 186 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में समुद्र तल के नीचे 631 किमी की गहराई पर था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि भूकंप से किसी जानमाल की हानि की फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### चीनी सेना की दक्षिण चीन सागर में समुद्री गश्त

**बीजिंग।** चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) दक्षिणी थिएटर कमांड ने सोमवार से मंगलवार तक दक्षिण चीन सागर में युद्ध-तैयारी गश्त करने के लिए एक नौसैनिक बेड़े का आयोजन किया। पीएलए आर्मी दक्षिणी थिएटर कमांड ने आज एक बयान में कहा कि यह गश्त वार्षिक सैन्य अभ्यास के तहत की गई।

# लेबनान में जमीनी हमले शुरू

## इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ स्थानीय अभियान छेड़ा

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ सीमित, स्थानीय अभियान शुरू कर दिया है। सेना उन गांवों में लक्षित जमीनी हमले कर रही है जो इजराइली सीमा के करीब हैं। उसने कहा कि ये ठिकाने उत्तरी इजराइल में इजराइली समुदायों के लिए खतरा पैदा करते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला और हमास का समर्थन करने वाले ईरान को सोमवार को चेतावनी दी थी।

उन्होंने लेबनान के हिजबुल्ला समूह के नेता के एक हवाई हमले में मारे जाने के कुछ दिन बाद कहा, पश्चिम एशिया में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता। हिजबुल्ला ने अपने नेता हसन नसरल्ला और अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद भी लड़ाई जारी रखने का सोमवार को संकल्प लिया। आतंकी समूह के कार्यवाहक नेता नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि वह लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर स्थानीय जमीनी हमले कर रही है। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने मंगलवार को मीडिया में जारी एक वीडियो बयान में कहा कि सैनिक यह सुनिश्चित करने के लिए हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान चला रहे हैं कि इजराइली नागरिक उत्तरी हिस्से में अपने घरों में लौट सकें। हिजबुल्ला ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही उत्तरी इजराइल में रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे जिससे वहां रहे लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।



लेबनान सीमा की ओर बढ़ते इजराइली टैंकर।

### हवाई हमलों में 95 लोग मारे गए, 172 घायल हुए

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली हवाई हमलों में कुल 95 लोगों की मौत हो गयी और 172 अन्य घायल हो गये हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार रात यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि बालबेक-हर्मेल जिले में इजरायली हमले में 16 लोग मारे गए और 48 अन्य घायल हुए।

### संदिग्ध हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर हमला किया

**दुबई।** हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को लाल सागर में एक पोत को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया जो पिछले कुछ सप्ताह में वाणिज्यिक पोतों पर उनका संभवतः पहला हमला है। यह हमला लेबनान में हाल में हुए इजराइली हमलों और हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद हुआ है। इससे पश्चिम एशिया में युद्ध के बड़े स्तर पर फैलने की आशंका पैदा हो गई है। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी।

### इजराइल ने लेबनान के कई समुदायों से क्षेत्र छोड़ने का आह्वान किया

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने सीमा के निकट लेबनान के 24 समुदायों को वहां से चले जाने की चेतावनी दी है। इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में सेना भेजने के कुछ घंटों बाद मंगलवार को यह चेतावनी दी गई। इजराइल ने कहा कि उसके सैनिक लेबनान में घुस गये और हिजबुल्ला के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए छापेमारी की। इस बीच हिजबुल्ला ने इजराइल की सेना के लेबनान में घुसने की खबरों को खारिज किया है। इसने कहा यदि वे सीमा पार करते हैं तो उसके (हिजबुल्ला) लड़ाके आमने-सामने की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इजराइल की सेना के प्रवक्ता द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किये गये आदेश में दक्षिणी लेबनान के लगभग 24 समुदायों का जिक्र किया गया है और लोगों को सीमा से लगभग 60 किमी (36 मील) दूर, अवाली नदी के उत्तर में चले जाने को कहा गया है।

## वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ समारोह

# वायु सेना दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम: राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में घुसकर करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बल को सबसे उन्नत प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहिए ताकि सम्मान, गौरव और देश की सेवा की भावना के साथ जीवन जिया जा सके।

भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंह ने 'वायु वीर विजेता' कार रैली को प्रारंभ किया जिसे आठ अक्टूबर को लद्दाख के थोइस से रवाना किया जाएगा जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है। लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह रैली आठ अक्टूबर को वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जाएगी। सिंह ने कठिन परिस्थितियों में बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले सैनिकों की भी प्रशंसा की।



भारतीय वायु सेना की वर्षगांठ में शिरकत करने पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य नहीं : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि चीन से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब तक ऐसा नहीं होगा तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद- 2024 के दूसरे संस्करण के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए वर्ष 2047 तक एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के बारे में भारतीय सेना के दृष्टिकोण को रखा। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान पर भी बात की। भारतीय सेना, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) के सहयोग से, 'राष्ट्र निर्माण में उत्प्रेरक : समग्र सुरक्षा के माध्यम से विकास को बढ़ावा' विषय पर चाणक्य रक्षा संवाद-2024 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है।

## पत्रकारिता का दोषी होने की बात मुक्त होने के लिए कबूली: असांजे

**फ्रांस।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वर्षों की कैद के बाद रिहा किया गया, क्योंकि उन्होंने पत्रकारिता का दोष होने की बात कबूल कर ली। असांजे ने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में पार्लियामेंट्री असेंबली ऑफ द काउन्सिल ऑफ यूरोप की कानूनी मामलों और मानवाधिकार समिति के समक्ष अपनी हिरासत और दोषसिद्धि के प्रभाव के बारे में साक्ष्य दिया। इस पार्लियामेंट्री असेंबली में 46 यूरोपीय देशों के सांसद शामिल हैं। असांजे को ब्रिटेन की जेल में पांच साल बिताने के बाद जून में रिहा किया गया था। उन्होंने अभियोजकों के साथ समझौते में अमेरिकी सेना से जुड़ी जानकारी हासिल करने और प्रकाशित करने का दोष स्वीकार किया था।

# विदेश मंत्री ने की अमेरिकी वाणिज्य मंत्री से मुलाकात

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की और उन्होंने सेमीकंडक्टर, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित किये जाने के मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने कहा वाशिंगटन डीसी में वाणिज्य मंत्री रायमोंडो से मिल कर बहुत खुशी हुई। हमने सेमीकंडक्टर्स, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों, विश्वसनीय साझीदारियों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला पर चर्चा की। हम अपने तकनीकी सहयोग और आर्थिक साझीदारी में जो प्रगति कर रहे हैं, उसके महत्व पर भी बातचीत हुई।



## जापान की संसद ने शिगेरु इशिबा को प्रधानमंत्री चुना

**तोक्यो।** जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना। इशिबा को शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता चुना गया था, ताकि वह फुमियो किशिदा की जगह ले सकें। फुमियो किशिदा के मंगलवार की सुबह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इशिबा के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इशिबा मंगलवार को बाद में अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। किशिदा ने 2021 में प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था, लेकिन उनकी सरकार के घोटालों से घिरने के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया।

# भारत व पड़ोसी देशों से चल रहा तनाव


## राष्ट्रपति शी ने राष्ट्रीय दिवस पर दी चेतावनी, आगे की राह आसान नहीं

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने मंगलवार को अपना 75वां राष्ट्रीय दिवस मनाया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कड़ी चेतावनी दी कि कम्युनिस्ट राष्ट्र के लिए आगे की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि उसे आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और भारत सहित अन्य पड़ोसियों के साथ बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को बीजिंग के विशाल तियानमेन स्कवायर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रतीकात्मक ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। देश में एक सप्ताह का अवकाश घोषित है। राष्ट्रीय दिवस की 60वीं और 70वीं वर्षगांठ की तरह इस बार कोई उत्सव या चीन की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने वाली भव्य सैन्य परेड नहीं हुई, बल्कि शी ने लोगों से कठिन समय के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। शी ने वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर एक भोज के दौरान अपने भाषण में कहा आगे की राह आसान और सुगम्य नहीं होगी, इसमें कठिनाइयां और बाधाएं आएंगी। (हमें) मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। चीन चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच, आर्थिक गति हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

शी ने कहा हमें शांति के समय में सतर्क रहना चाहिए, आगे की योजना बनानी चाहिए और पूरी (कम्युनिस्ट) पार्टी, पूरी सेना (पीएलए) और देश भर के सभी जातीय समूहों के लोगों पर पूरा भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी कठिनाई चीन के लोगों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। पार्टी और जनवादी सेना (पीएलए) का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति शी (71) का पांच वर्षों का यह तीसरा कार्यकाल है।



# डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों, मंत्री से मुलाकात की

पेरिस, एजेंसी

- द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के साथ वैश्विक स्थित पर चर्चा की

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने यहां फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने, अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक स्थिति पर चर्चा की।

फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू के साथ व्यापक चर्चा की। इसमें कहा गया है, उनकी बातचीत का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करना और अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाना था। इसके साथ ही उभरते अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य को लेकर विचारों का आदान-प्रदान करना था। बैठक के बाद लेकॉर्नू ने कहा हम लोगों ने हमारे द्विपक्षीय रक्षा सहयोगः राफेल मरीन, स्कॉर्पीन पनडुब्बियां, अंतरिक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय स्थिति, विशेष रूप से यूक्रेन पर चर्चा की।



## यूएनजीए में स्थायी सीट के लिए समर्थन करने वाले देशों का धन्यवाद

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोमवार को उन देशों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया। इनमें यूएनएससी के स्थायी पांच सदस्य देशों में से चार अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस, साथ ही अंगोला, चिली, माइक्रोनेशिया, पुर्तगाल शामिल हैं, जबकि बेलारूस और भूटान ने विकास पहल में मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया। जिन लोगों ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूएनएससी में भारत के साथ-साथ अफ्रीका के एक देश की स्थायी सदस्यता तथा जर्मनी और जापान के समर्थन में बात की, उनमें शामिल हैंः अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट, कीर स्टार्मर।

## ज्ञान-विज्ञान

### नासा के मार्स पर्सिवरेंस रोवर की महत्वपूर्ण खोज, खोलेगी कुछ और राज

# मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल में एक अजीबोगरीब धारीदार चट्टान की खोज हुई है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर ने यह खोज की है। जेज़ेरो क्रेटर में यह चट्टान मिली है। माना जा रहा है कि यह चट्टान मंगल के बारे में नई जानकारी दे सकती है।

नासा का मार्स पर्सिवरेंस रोवर मंगल की सतह की जांच पड़ताल में लंबे समय से जुटा हुआ है। अभी तक कई महत्वपूर्ण खोजों को अंजाम दे चुका है और अब धारीदार चट्टान का मिलना मंगल की सतही पदार्थों का रहस्य उजागर कर सकती है। यह चट्टान अजीब काली और सफेद धारीदार है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर लाल ग्रह के अतीत में सूक्ष्मजीव जीवन के साक्ष्य की तलाश कर रहा है। मगर काली और सफेद धारियों वाली इस चट्टान ने बहुत सारे प्रश्न खड़े कर दिए। वैज्ञानिकों ने इसका नाम फ्रेया कैसल रखा है। यह चट्टान कुछ हद तक पृथ्वी के रूपांतरित चट्टानों के समान दिखता है। जिन्हें नाइस, मार्बल व शिस्ट कहा जाता हैं। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकोन ने इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि फ्रेया कैसल उच्च श्रेणी की चट्टान जैसा दिखता है । जिन स्थितियों में मंगल पर फ्रेया कैसल का निर्माण होगा, वह संभवतः पृथ्वी के समान रही होंगी। यह खोज मंगल की सतह पर चट्टानों के बारे मे नई जानकारी उजागर करती है। बहरहाल इस चट्टान का विस्तृत अध्ययन किया जाना है। तभी इसकी वास्तविकता का पता लग सकेगा। मंगल पर अनेक प्रकार की चट्टान मिलती रही हैं, मगर इसका रंग रूप अजीब कहानी बयां करता है। जिस स्थान पर यह चट्टान मिली है, वह स्थान करीब 3.9 अरब साल अस्तित्व में आया । संभावना यह भी जताई जा रही है कि तब कुछ इस तरह की चट्टानें बनी हो सकती है। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द इस चट्टान का रहस्य उजागर कर देंगे।

बॉक्स



### मंगल पर खोज क्रांति से कम नही

नैनीताल : मंगल ग्रह पर खोज किसी क्रांति से कम नही। पिछले दो दशक में परत दर परत मंगल के खुलासे होते चले गए हैं। इस दिशा में आधुनिक विज्ञान व तकनीक मील का पत्थर साबित हुई है। अब मानव का मंगल पर पहुचना शेष रह गया है। अगले पांच वर्ष में यह कार्य भी पूर्ण हो जाएगा।